जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 9 सितम्बर, 2024




VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 00 000**

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

**JAIPUR: NEXA RAJAPARK** (KTL AUTOMOBILE PH: 9257022731), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PH: 9116032607), **NEXA SANGANER - TONK ROAD** (SANGA AUTONATION MOTORS PH: 8233638222), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA GOPALPURATONK ROAD** (PREM MOTORS PH: 8058499999), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **NEXA VAISHALI NAGAR** (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794316), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **JALORE: NEXA BHINMAL BYPASS CIRCLE** (SHRI KRISHNA AUTOSALES PH: 9929244403), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **BANSWARA: NEXA BANSWARA CENTRAL** (NAVNEET MOTORS PH: 9376240719), **RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR** (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September 24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## विचार बिन्दु

दूसरों पर शक करना कभी-कभी गुनाह हो जाता है। –कुरान

# सरकारें क्यों हमारी परेशानियां बढ़ाती हैं?

भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक आदेश ज़ारी करके सभी वाहनों के लिए, भले ही उनका निर्माण कभी भी हुआ हो, हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया था। हम सब इस बात से भली भांति परिचित हैं कि भारत में प्रचलित व्यवस्था के अनुसार केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण है। वाहनों की रजिस्ट्रेशन प्लेट्स के बारे में यह व्यवस्था इस तरह काम करती है कि केंद्र सरकार यह व्यवस्था निर्धारित करने के लिए अधिकृत है और उसका अधिकार क्षेत्र इन नंबर प्लेट्स का विवरण निर्धारित करने और उनका परीक्षण करने वाले निकायों के बारे में अधिसूचना ज़ारी करने तक सीमित है। केंद्र सरकार इस बात के निर्धारण के लिए भी अधिकृत है कि नई तरह की नंबर प्लेट्स कब से प्रभावी होंगी। इसके बाद राज्य सरकारों की भूमिका शुरू होती है। उनका दायित्व है कि वे केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों और व्यवस्थाओं को लागू करें। राज्य सरकारें ही इस बात के लिए भी अधिकृत है कि वे किसी या किन्हीं वेण्डर्स को इन नंबर प्लेट्स के बनाने और लगाने के लिए चुनें।

वैसे तो हर वाहन पर नंबर प्लेट लगाई ही जाती रही है, पारंपरिक नंबर प्लेट की बजाय यह तथाकथित हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की क्या ज़रूरत आन पड़ी। इस सवाल का जवाब केंद्र सरकार के इस वक्तव्य में मिलता है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और वाहनों की चोरी को रोकने के लिए यह नई व्यवस्था शुरू की गई है। कहा गया है कि इन नंबर प्लेट्स को इस तरह से बनाया गया है कि न तो एक बार लगाने के बाद इन्हें बग़ैर तोड़े वाहन से हटाया जा सकता है और न ही इनकी नकल की जा सकती है या इनमें किसी तरह का कोई बदलाव किया जा सकता है। इन नंबर प्लेट्स पर एक होलोग्राम भी होता है जो इन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। विभिन्न राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्य के लिए अधिकृत वेण्डर्स की सूची भी ज़ारी कर दी थी। जैसा हमारे देश में आम है, आम जन से अनुरोध किया गया कि वे एक निश्चित तिथि तक अपने वाहनों पर ये नई किस्म की हाई सिक्यूरिटी वाली नंबर प्लेट लगवा लें अन्यथा उन्हें पांच से दस हज़ार रुपये तक का भारी अर्थ दण्ड झेलना पड़ेगा।

प्रारम्भ में पूरे देश में कुल 18 कंपनियों आदि को विभिन्न राज्यों में इस तरह की नंबर प्लेट्स बनाने और लगाने के लिए अधिकृत किया गया। हमारे राज्य राजस्थान के लिए इस तरह की नंबर प्लेट्स लगाने के लिए एक कम्पनी सियाम को अधिकृत किया गया था। सियाम अर्थात सोसाइटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चरर्स, जो भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था है। लोगों ने इन नंबर प्लेट्स के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया, और मंथर गति से यह प्रक्रिया शुरू भी हो गई। सियाम ने आवेदन करने वालों को सूचित भी करना शुरू कर दिया कि वह उनके वाहन पर कब तक नंबर प्लेट लगा देगी। तभी अचानक हमारी राजस्थान सरकार जागी। सरकार ने एक बयान ज़ारी कर कहा कि राज्य में कुल तीस लाख वाहनों पर नंबर प्लेट लगाई जानी थी, लेकिन आठ माह की अवधि में केवल 4.44 लाख वाहनों पर ही नंबर प्लेट्स लग सकी है, जबकि सोलह लाख लोगों ने इसके लिए आवेदन कर रखा है। सरकार ने कहा कि अगर यही गति रही तो सारे आवेदकों के वाहनों पर नंबर प्लेट्स लगाने में कम से कम तीन साल लग जाएंगे।

सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए पांच दिन में सियाम पोर्टल बंद करने का निर्देश दे दिया और कम्पनी को कहा कि वह पांच दिन में आवेदकों द्वारा जमा कराई गई राशि रिफंड कर दे। सियाम का पोर्टल बंद करके सरकार अपना पोर्टल बनाना चाहती है। जो लोग सरकार के काम करने की प्रक्रिया और गति से परिचित हैं वे भली भांति अनुमान लगा सकते हैं कि सरकार का पोर्टल कब बनेगा और वह किस दक्षता से काम करेगा। एक तरफ सरकार का यह कदम है तो दूसरी तरफ राज्य के ऑटोमोबाइल डीलर्स हैं जो सरकार के इस कदम से नाखुश हैं। उनका कहना है कि सियाम पोर्टल राजस्थान परिवहन विभाग को निःशुल्क सेवा दे रहा था और राज्य में इन नंबर प्लेट्स की दर अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम थी। इतना ही नहीं इन्होंने यह भी बताया कि कम से कम छह लाख नंबर प्लेट्स बनी हुई तैयार रखी हैं लेकिन लोग उन्हें लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं। मतलब यह कि गति उतनी भी धीमी नहीं है, जितनी सरकार बता रही है। जिन लोगों ने सियाम को पैसा दे दिया है वे अपने पैसे की वापसी को लेकर चिंतित हैं। हर कोई जानता है कि किसी से दिया हुआ पैसा वापस लेना कितना कठिन होता है। इसके अलावा लोगों को चालान होने का डर भी सता रहा है, हालांकि सरकार ने आश्वस्त किया है कि फिलहाल चालान नहीं किया जाएगा। लेकिन सरकार का मन कब बदल जाए, कोई नहीं जानता।

> **ऐसा कोई ताला नहीं बना, जिसे खोलना चोर को न आता हो। अब यही बात देख लीजिए कि सरकार की इस व्यवस्था के बाद कितने अनधिकृत और धोखेबाज़ लोग इस धंधे में कूद पड़े हैं और जमकर जनता को चूना लगा रहे हैं। मैंने एक बड़ी ई-कॉमर्स साइट पर देखा तो पाया कि वहां खुले आम हाई सिक्यूरिटी प्लेट्स बनाई जा रही हैं, और कहना अनावश्यक है वे अनधिकृत और ग़ैर कानूनी हैं।**

राजस्थान सरकार और सियाम के बीच के इस विवाद ने आम जन को अनावश्यक रूप से एक सर दर्द दे दिया है। वैसे मुझे हमेशा लगता है कि हमारी सरकारें जनता को सुविधा देने की बजाय उसकी परेशानियां बढ़ाने में ही ज़्यादा रुचि लेती हैं। मुझे कभी समझ में नहीं आया कि इन नई तथाकथित हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट्स की, खास तौर पर पुराने वाहनों पर, अनिवार्यता का क्या औचित्य है। आपको नई व्यवस्था करनी है, नए वाहनों के लिए कर दीजिए। जिसके पास पुराना वाहन है, उसे विकल्प दे दीजिए कि अगर वह चाहे तो उस पर नई नंबर प्लेट लगवा ले अन्यथा वह पुरानी नंबर प्लेट के साथ भी अपना वाहन चला सकता है। हर परिवर्तन ऐसे ही होता है। भूतगामी प्रभाव से परिवर्तन अनावश्यक परेशानियां बढ़ाता है। हमारे पास पर्याप्त संसाधन कभी होते नहीं हैं, और उनकी कमी का खामियाज़ा बेचारी जनता को भुगतना पड़ता है। बिना आगा-पीछा सोचे कुछ भी कह दिया जाता है और जनता को परेशान होने के लिए छोड़ दिया जाता है। मैं अपनी बात कहूं। मेरे पास एक स्कूटर है, जो किसी अन्य राज्य में पंजीकृत है। बरसों से वह मेरा साथ दे रहा है। अब इस नई व्यवस्था में अपेक्षा की जा रही है कि मैं उस स्कूटर को उठा कर उस राज्य में ले जाऊं और उस पर वहां से नंबर प्लेट लगवा कर लाऊं। यह कितना व्यावहारिक है? किसी ने इस तरह की समस्याओं के बारे में नहीं सोचा। ऐसी अनेक समस्याएं होंगी। किसी के पास पुराना वाहन होगा। वह जिसके नाम पर पंजीकृत होगा, वह पता नहीं कहां होगा। देश में होगा, विदेश में होगा। होगा भी या दीवार पर लटकी तस्वीर में होगा। ध्स पंद्रह बरस पुराने वाहन के कागज़ात किसी के पास होंगे ही, यह भी ज़रूरी नहीं। लगाते रहिये आप सरकारी दफ्तरों के चक्कर। दलालों की जेब भरते रहिये। सरकार को आपकी परेशानियों से क्या मतलब? वह तो ऐसा कोई सिस्टम तक नहीं बनाना चाहती जहां आप अपनी समस्याओं पर सलाह ले सकें, उनके समाधान पा सकें। विश्वास न हो तो आज़मा कर देख लें। मज़ाल है जो आपकी समस्या का समाधान हो जाए! समाधान दूर आपको ठीक जवाब भी मिल जाए। और जवाब मिलना तो दूर, आप अपने भाग्य को सराहें अगर कोई आपकी बात ठीक से सुन भी ले।

राजस्थान सरकार के इस कदम पर जहां समाचार माध्यमों ने यह कयास लगाया है कि सियाम पोर्टल बंद करने की असली वजह उसके काम की धीमी गति न होकर कुछ और ही है, वहीं पूर्व परिवहन मंत्री ने भी लगभग इसी तरह की आशंका व्यक्त की है। स्वाभाविक है कि हम आम नागरिक बड़े लोगों की बड़ी बातों के बारे में कभी नहीं जान पाएंगे। जानने की ज़रूरत भी नहीं है। लेकिन उनकी ये बड़ी बातें हमारी पहले से परेशान हाल ज़िंदगी में कुछ चिंताओं की और वृद्धि करने में पूरी तरह कामयाब रहेगी, यह हमारी चिंता है।

अब भी समय है कि केंद्र और राज्य सरकार इस पूरी स्थिति का जायज़ा ले और कोई व्यावहारिक तथा विवेक सम्मत और मानवीय निर्णय लेकर इस अनावश्यक परेशानी से हमें निज़ात दिलाए। नए खरीदे जाने वाले वाहनों पर आप चाहे जैसी, कितनी ही उच्च सुरक्षा वाली नंबर प्लेट लगवाएं, जिनके पास पुराने वाहन हैं उन्हें विकल्प दे दें कि अगर वे चाहें तो अपनी नंबर प्लेट बदलवा लें। इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर कोई जानता है कि सारे ताले साहूकारों के लिए होते हैं। ऐसा कोई ताला नहीं बना, जिसे खोलना चोर को न आता हो। अब यही बात देख लीजिए कि सरकार की इस व्यवस्था के बाद कितने अनधिकृत और धोखेबाज़ लोग इस धंधे में कूद पड़े हैं और जमकर जनता को चूना लगा रहे हैं। मैंने एक बड़ी ई-कॉमर्स साइट पर देखा तो पाया कि वहां खुले आम हाई सिक्यूरिटी प्लेट्स बनाई जा रही हैं, और कहना अनावश्यक है वे अनधिकृत और ग़ैर कानूनी हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे अनके वेण्डर्स हैं जो आपसे पैसा लेकर गायब हो रहे हैं। मैंने तो कहीं नहीं पढ़ा कि सरकार ने उनके खिलाफ़ किसी भी तरह की कोई कार्र्वाई की है। ऐसा करने के बारे में शायद सरकार कभी सोचती भी नहीं है। ऐसे में मेरी एक ही सलाह है। सरकार के पास जो सीमित साधन हैं उनका उपयोग उन्हें जनता के जीवन को सुगम बनाने के लिए करना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# हेरिटेज टूरिज्म मूवमेंट : देश में हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने और हेरिटेज होटलों के संरक्षण और पुनरुद्धार की यात्रा

देश में हेरिटेज होटल्स पर्यटन की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। इन हेरिटेज होटलों और प्रॉपर्टीज के संरक्षण और पुनरुद्धार के उद्देश्य के लिए इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) वर्ष 1990 में केवल 14 सदस्यों के साथ अस्तित्व में आया और सितंबर 2018 तक यह संख्या बढ़कर 193 हो गई। हेरिटेज टूरिज्म मूवमेंट का उद्देश्य हमारी ऐतिहासिक विरासतों का पुनरुद्धार, उन्हें उत्पादक स्थानों के रुप में तैयार करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए उनका संरक्षण सुनिश्चित करना है। एसोसिएशन को 1 जनवरी, 1990 को भारत सरकार के पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा विरासत वर्गीकरण को मान्यता मिली। इस प्रकार आईएचएचए का गठन 1990 में हुआ और इसे 2001 में औपचारिक रूप से पंजीकृत किया गया।

भारत सरकार ने जनवरी 1991 में हेरिटेज होटलों को विशिष्ट श्रेणी के रूप में मान्यता दी और हेरिटेज होटलों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया- हेरिटेज, हेरिटेज क्लासिक और हेरिटेज ग्रैंड। यह वर्गीकरण ट्रैवलर्स को प्रामाणिक अनुभवों की ओर मार्गदर्शन करने में सहायक रहा है, जो भारत के विविध इतिहास और संस्कृति को प्रतिबिंबित करते हैं। आईएचएचए के प्रेसिडेंट एमेरिटस, जोधपुर के एचएच महाराजा गज सिंह के कुशल नेतृत्व में, एसोसिएशन में 200 से अधिक सदस्य शामिल हो गए हैं, जो सभी भारत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हेरिटेज होटलों का एक अनूठा नेटवर्क प्रस्तुत करता है, जो आगंतुकों को भारत के इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर**

आईएचएचए का प्राथमिक मिशन पूरे भारत में हेरिटेज होटलों के संरक्षण और पुनरुद्धार के माध्यम से हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देना है। ये होटल्स केवल ठहरने के स्थान नहीं हैं बल्कि ये हमारी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत के संरक्षक हैं। इन संपत्तियों को पुनर्जीवित करके, हम पारंपरिक कला, शिल्प, संगीत और लोककथाओं को भी पुनर्जीवित करते हैं, जिससे हमारे कारीगरों और शिल्पकारों को भी अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है। यह पहल न केवल पर्यटन के लिए बल्कि हमारे क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**आईएचएचए का 11वां वार्षिक कन्वेंशन**

इस वर्ष पहली बार, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) की 23वीं एनुअल जनरल मीटिंग और 11वां एनुअल कन्वेंशन राजस्थान से बाहर तमिलनाडु के तंजौर में इंडेको होटल स्वामीमलाई, कुंभकोणम में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष एजीएम और कन्वेंशन की थीम रिवाइटलाइजिंग इंडियन हेरिटेज है। हेरिटेज होटल्स मुख्य रूप से ठाामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, जिससे स्थानीय संसाधनों और प्रतिभा का सार्थक उपयोग संभव हो सके। इन होटलों को बढ़ावा देने से स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर पैदा होते हैं। इसमें न केवल होटलों में प्रत्यक्ष रोजगार- जैसे आतिथ्य, प्रबंधन और रखरखाव- शामिल है, बल्कि इससे स्थानीय शिल्प, कृषि और पर्यटन सेवाओं जैसे संबंधित क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन भी होगा।

आईएचएचए किलों, महलों, पुराने भवनों, महलों और पारंपरिक हवेलियों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए समर्पित रूप से काम कर रहा है। एसोसिएशन न केवल हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी में मानक स्थापित कर रहा है, बल्कि हेरिटेज क्लासीफिक्शन गाइडलाइंस भी निर्धारित कर रहा है और साथ ही हेरिटेज होटलों की आवश्यकताओं को सरकार के समक्ष भी रखता है। पिछले कई वर्षों से, आईएचएचए ने विरासत पर्यटन नीतियों को तैयार करने और लागू करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम किया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारे प्रयास राष्ट्रीय पर्यटन उद्देश्यों के अनुरूप हों।

**सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता**

जैसे कि भारत 2027 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वहीं पर्यटन हमारी आर्थिक विकास का मुख्य साधन है। अब फोकस पारंपरिक लग्जरी आवासों से हटकर हेरिटेज होटलों द्वारा प्रदान किए जाने वाले अधिक मनोरम अनुभवों की ओर स्थानांतरित हो गया है। ये प्रतिष्ठान मेहमानों को स्थानीय संस्कृति और इतिहास का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर प्रदान करके लग्जरी को नई परिभाषा देते हैं, तथा आतिथ्य से आगे बढ़कर अनूठे और यादगार अनुभव का निर्माण करते हैं।

हेरिटेज होटल जीवंत म्यूजियम के रूप में काम करते हैं, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को परिभाषित करने वाली वास्तुकला की उत्कृष्टता और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करते हैं। वे हमारे अतीत की कहानियां बताते हैं तथा आगंतुकों को बीते युगों की परंपराओं और जीवन-शैली की झलक प्रदान करते हैं। इतिहास और आतिथ्य का यह अनूठा मिश्रण न केवल आगंतुकों के अनुभव को समृद्ध करता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। आईएचएचए विरासत पर्यटन में सामुदायिक भागीदारी के महत्व को समझता है। पर्यटन पहलों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने से उनमें अपनी विरासत के प्रति स्वामित्व और गौरव की भावना बढ़ती है, जिससे सतत विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलता है। आईएचएचए की भविष्य की योजनाओं में स्थानीय समुदायों को सहायता देने के लिए सरकारी निकायों के साथ सहयोग करना, रिस्पॉन्सिबल पर्यटन को बढ़ावा देना, तथा विरासत पर्यटन के लाभ समान रूप से वितरित हों, यह सुनिश्चित करना शामिल है।

**-गज सिंह अलसीसर,**
**जनरल सेक्रेटरी, द इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन**
**( आईएचएचए )**

# तीन माह पहले बनाई एक करोड़ लागत की डामर की सड़क उखड़ी

## पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मोनिटरिंग की पोल खुली, ठेकेदार पर उठे सवाल

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के झंझोला पंचायत में शकता जी का खेड़ा से अड़ीमलजी का खेड़ा तक मुख्यमंत्री सड़क योजना में एक करोड़ की लागत से 3 माह पहले बनी डामर की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। एक करोड़ रुपये की लागत की 2 किलोमीटर तक बनी सड़क पहली बारिश में ही कई जगह से उधड़ गई और गढ्डों में तब्दील होकर कंकर मिट्टी बाहर निकल आई। जिससे सड़क पर आवागमन करने वाले ग्रामीणों और वाहन चालको में भारी रोष व्याप्त है। सड़क की डामर उखड़ने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार और पीडब्लूडी अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

झंझोला पंचायत के सरपंच दुर्गालाल काबरा ने बताया शकता जी का खेड़ा से अड़ीमलजी का खेड़ा तक मुख्यमंत्री सड़क योजना में एक करोड़ की लागत से बनी डामर की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं, इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सड़क को गुणवत्तापूर्ण दोबारा बनाने की मांग की है। नई सड़क का डामर और कंक्रीट 3 माह में ही उखड़ कर बिखरने लगा है। जिससे आए दिन दुपहिया वाहनों से हादसे हो रहे है। नई सड़क पर गड्ढे होने से आए दिन बाइक सवार लोग फिसल कर कई बार घायल हो चुके है।

> ■ **ग्रामीणों ने जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सड़क को गुणवत्तापूर्ण दोबारा बनाने की मांग की है**

झंझोला पंचायत के सरपंच दुर्गालाल काबरा का आरोप है कि सड़क निर्माण ठेकेदार ओर पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अफसरों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है, और सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने से पूरी सड़क जीर्णशीर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मूल ठेकेदार ने थर्डपार्टी ठेकेदार से उक्त कार्य कराया हैं। ग्रामीणों ने पहली ही बारिश में उखड़ी सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओर घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है । जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है और ठेकेदार के भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ही उन्होंने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, और पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अधिकारियों को शिकायत भी की थी। लेकिन उनकी आवाज़ को नजरअंदाज कर दिया गया।

मांडलगढ़ सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता आर सी बैरवा का कहना कि मेरी जोइनिंग से पूर्व में रहे अधिकारियों के वक्त उक्त सड़क बनाई गई हैं। बारिश में सड़क के खराब होने की जानकारी मिली हैं। नई सड़क ठेकेदार की गारंटी में हैं। ठेकेदार को क्षतिग्रस्त हुई सड़क की जल्द मरम्मत करने के लिए पाबन्द किया गया है और गुणवत्ता की जाँच की जा रही हैं।

# गरीबों को बांटी जाने वाली 13900 क्विंटल चीनी सात साल से प्रदेश के गोदामों में पड़ी

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश सरकारों की अनदेखी और रसद विभाग की लापरवाही के कारण गरीबों को बांटी जाने वाली करोड़ों रुपए की चीनी अब खराब चुकी है। खाद्य विभाग और सहकारी भंडारों के गोदामों में पिछले सात साल से चीनी का स्टॉक पड़ा था, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि चीनी का रंग सफेद की जगह गहरा पीला हो गया।

बीते दिनों बीकानेर के 4 गोदामों में पड़ी 613 क्विंटल चीनी स्टॉक का फूड डिपार्टमेंट से सैंपल करवाया गया तो उसकी रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड आई। रिपोर्ट के अनुसार इस चीनी को अमानक माना गया, जो खाने योग्य नहीं है। बीकानेर की तरह प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 13,900 क्विंटल स्टॉक पड़ा है, जिसका अभी तक निस्तारण नहीं हुआ है। 40 रुपए प्रति किलो के हिसाब से भी अगर चीनी का बाजार मूल्य जोड़ा जाए तो सरकारी गोदामों में खराब हुई चीनी की कीमत करीब 5.56 करोड़ रुपए है। अकेले बीकानेर में खराब हुई चीनी का वर्तमान बाजार मूल्य करीब 24.52 लाख रुपए है।

श्रवण कुमार वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बीकानेर ने बताया कि चीनी के सैंपल लेकर उसकी जांच करवाई तो वह सब स्टैंडर्ड थी। यानी चीनी खाने योग्य नहीं है। जांच रिपोर्ट रसद विभाग को भेज दी है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा की जानी है। असल में वर्ष 2017 के बाद राजस्थान सरकार ने चीनी के वितरण में कटौती करनी शुरू कर दी। इससे पहले प्रदेश के बीपीएल, अंत्योदय तथा स्टेट बीपीएल परिवार के प्रति सदस्य को आधा किलो चीनी बांटी जाती थी। लेकिन वर्ष 2017 के बाद चीनी का वितरण केवल अंत्योदय परिवारों को देने के आदेश हुए। राशन डीलरों ने अपने स्टॉक में पड़ी चीनी का वितरण वर्ष 2020 तक किया, लेकिन उसके बाद उन्होंने चीनी का उठाव नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि सरकारी गोदामों में चीनी का स्टॉक जमा होता गया। इसके बाद वर्ष 2020 में प्रदेश कोविड की चपेट में आ गया।

> ■ **बीकानेर के 4 गोदामों में पड़ी 613 क्विंटल चीनी स्टॉक का फूड डिपार्टमेंट से सैंपल करवाया तो उसकी रिपोर्ट सब स्टैंडर्ड आई**

सरकारी आंकड़े देखें तो वर्ष 2017 में बीपीएल के 22.28, स्टेट बीपीएल के 5.70 तथा अंत्योदय योजना के तहत 6.35 लाख परिवारों को चीनी का वितरण किया जाता था। वर्तमान में राशन व्यवस्था के तहत किसी भी श्रेणी के राशन उपभोक्ता को चीनी और केरोसिन का वितरण नहीं हो रहा है। करीब 5 करोड़ रुपए की चीनी खराब होने के मामले में रसद विभाग के अधिकारी ख़ौफ़ज़दा है। खाद्य विभाग के मंत्री सुमित गोदारा लगातार राशन वितरण की पारदर्शिता को लेकर गम्भीर हैं। आमजन की शिकायतों के बाद उन्होनें हाल ही में उनकी अनुशंसा पर रसद विभाग में तबादलों का दौर भी शुरू हुआ था। उन्होनें 60 वर्ष से ऊपर और 18 साल से कम उम्र के परिजनों को निशुल्क राशन घर पहुंचाने की व्यवस्था प्रदेश में शुरू की है। बताया जा रहा है कि रसद विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने प्रदेश में राशन की चीनी के खराब होने को गंभीरता से लिया है। उनकी अनुशंसा पर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई हो सकती है।

नीतू अग्रवाल, मैनेजर, सिविल सप्लाई बीकानेर इनका कहना है कि बीकानेर में 613 क्विंटल चीनी का स्टॉक यहां के 4 सहकारी भंडारों के गोदामों में पड़ा है। मामला काफी पुराना है, चीनी की सैंपलिंग करवाई है। निस्तारण कमेटी के उच्चाधिकारियों से जो भी निर्देश मिलेंगे, उसके अनुरूप चीनी का निस्तारण करवाया जाएगा।

# माथुरादास माथुर अस्पताल में ब्लॉकेज की सफल रिपेयर एवं बाइपास सर्जरी की

**जोधपुर,** (कासं)। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग के डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज के अधीन सबसे बड़े सरकारी अस्पताल माथुरादास माथुर अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक विभाग में हृदय के एन्यूरिज्म( विस्फर )एवं ब्लॉकेज की सफल रिपेयर एवं बाईपास सर्जरी की गई।

डॉएसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर डॉ भारती सारास्वत तथा एमडीएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ नवीन किशोरिया ने सीटीवीएस टीम को बधाई दी। कॉलेज प्रवक्ता डॉ जयराम रावतानी ने बताया कि यह ऑपरेशन मुख्य मंत्री चिकित्सा योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया। सीटीवीएस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुभाष बलारा ने बताया कि बाड़मेर निवासी 60 वर्षीय गंगाराम गत एक हफ्ते से छाती में दर्द ,अनियमित धड़कन तथा सांस फूलने की तकलीफ के साथ मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती हुए जहां प्रारंभिक जांचों तथा कार्डियोलॉजी विभागध्यक्ष डॉ रोहित माथुर द्वारा की गई हार्ट की ईको एवं एंजियोठााफी में हृदय के एन्यूरिज्म एवं बाएं तरफ की मुख्य धमनियों में ब्लॉकेज होने की पुष्टि हुई । मरीज एवं परिजनों को अवगत एवं उनकी सहमति के उपरांत मरीज की हार्ट सर्जरी करने का निर्णय लिया गया।

इस ऑपरेशन में डॉ सुभाष बलारा, सह आचार्य डॉ अभिनव सिंह तथा डॉ देवाराम डॉ अमित ,निश्चेतना विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ राकेश करनावत ,सहआचार्य डॉ भारत शामिल थे । परफ्यूशनिस्ट माधो सिंह व मनोज ,ओटी स्टाफ दिलीप,रेखाराम ,नीलम ,ममता एवं इंचार्ज दिनेश गोस्वामी और आसिफ इकबाल ने अपना योगदान दिया। ऑपरेशन के पश्चात मरीज को सीटीआईसीयू शिफ्ट किया गया जहां डॉ हनुमान ,डॉ अफसा खान स्टाफ हरि सिंह ,नरेश, राजेन्द्र , राहुल और रुपेश ने इलाज प्रक्रिया में अपना सहयोग दिया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 9 सितम्बर, 2024**

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र सायं 6:04 तक, वैधृति योग रात्रि 12:34 तक, कौलव करण प्रातः 8:56 तक, चन्द्रमा दिन 11:29 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सूर्य षष्ठि व्रत, बलराम जयन्ती, कार्तिक स्वामी दर्शन, वैधृति पूण्य है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:46 तक, शुभ 9:14 से 10:52 तक, चर 1:57 से 3:30 तक, लाभ-अमृत 3:30 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:35


### मेष


अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों में परेशानी हो सकती है।


### वृष

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आय में वृद्धि होगी।


### मिथुन

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।


### कर्क

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।


### कन्या

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।


### तुला

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### वृश्चिक

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मनःस्थिति में सुधार होगा।

### धनु

आर्थिक/वित्तिय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 39 प्रभात जयपुर, सोमवार 9 सितम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Run for Africa- and China takes it all!

Africa hosts 30% of the world's mineral reserves, 60% of the total mining is of gold, which is 22% of the world production...

The famous railing from 'Titanic' has broken off

A 20-day subaquatic exploration relocated once-lost artifacts and documented ongoing decay.



*राइज़िंग राजस्थान समिट के लिये कोरिया और जापान की यात्रा पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रविवार शाम को उनके निवास पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य मंत्रियों और उच्चाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।*

# हरियाणा में कांग्रेस और आप के बीच बन गई गठबंधन की बात

## आप पार्टी के हरियाणा में पांच विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है

नई दिल्ली, 8 सितंबर। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन होने की कई दिन से चल रही चर्चाओं के बीच जानकारी सामने आई है कि गठबंधन पर बात पूरी हो गई है। गठबंधन की आधिकारिक घोषणा सोमवार को हो सकती है। आम आदमी पार्टी के हरियाणा में पांच विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है।

आप के साथ कांग्रेस के गठबंधन को लेकर कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कम सीटों पर समझौता कर लिया है। इस पर जल्दी फैसला हो जाएगा। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने रविवार शाम को दिल्ली में कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर आरज़ू भी है, हसरत भी है और उम्मीद भी है। हम कितनी सीटें मांग रहे हैं और कांग्रेस कितनी सीट देना चाहती है, यह बंद कमरे में चर्चा के बिंदु हैं। सहमति बन जाने के बाद इसे जनता के सामने सार्वजनिक किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार आप ने कांग्रेस से जींद, कलायत, पानीपत ग्रामीण, पिहोवा, ओल्ड फरीदाबाद और गुरुग्राम सीट मांगी हैं जबकि कांग्रेस 5 सीटें देने पर सहमत है।

- **गठबंधन की आधिकारिक घोषणा सोमवार को हो सकती है। आप के साथ कांग्रेस के गठबंधन को लेकर कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने कम सीटों पर समझौता कर लिया है।**
- **सूत्रों के अनुसार आप ने कांग्रेस से जींद, कलायत, पानीपत ग्रामीण, पिहोवा, ओल्ड फरीदाबाद और गुरुग्राम सीट मांगी हैं जबकि कांग्रेस 5 सीटें देने पर सहमत है।**
- **आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बहुत ही अच्छे वातारण में बात चल रही है। दोनों पार्टियां गठबंधन पूर्ण करने के लिए प्रयासरत हैं।**

गठबंधन होने की चर्चाएं दिन भर सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। चर्चाएं चलती रहीं कि दोनों दलों के नेताओं के बीच बैठकें चल रही हैं और किसी भी समय गठबंधन तय होने की घोषणा हो सकती है। हालांकि कई दिनों से संशय बना हुआ है कि गठबंधन होगा या नहीं जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता भी संशय में है। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बहुत ही अच्छे वातारण में बात चल रही है। दोनों का प्रयास है कि हर तरह की महत्वाकांक्षाओं को किनारे रखकर एकजुट होकर मजबूती से हरियाणा के लोगों के हित में मिलकर चुनाव लड़ा जाए। सीटों की संख्या और सीटों के नाम पर भी हमारी बातचीत जारी है। इस दिशा जब भी सकारात्मक विकास होगा तो लोगों को इसकी जानकारी देंगे। 12 सितम्बर को नामांकन की अंतिम तारीख होने से जुड़े सवाल पर राघव ने कहा कि इससे पहले दोनों दल फैसला ले लेंगे। अगर मन नहीं मिले तो फिर छोड़ देंगे।

हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन पर शनिवार को आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी को कम आंकते हैं उन्हें इसका पछतावा होगा। आप के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) संदीप पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पार्टी पूरी ताकत से हरियाणा चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा था कि हम पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। हर जगह, हर सीट पर, जो भी हमें कम आंकेगा, उसे भविष्य में पछताना पड़ेगा। हालांकि सांसद संदीप पाठक ने कांग्रेस के साथ आप के साथ गठबंधन की संभावनाओं और वर्तमान में चल रहे बातचीत के दौर से भी इनकार नहीं किया था।

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा दक्षिण कोरिया एवं जापान की छः दिन की यात्रा पर रवाना हुये

## मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने भी प्रस्थान किया

नई दिल्ली/जयपुर, 8 सितम्बर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल रविवार शाम को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सियोल (दक्षिण कोरिया) के लिए रवाना हुआ।

प्रतिनिधिमण्डल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

शर्मा 9 से 14 सितंबर तक दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर रहेंगे और जयपुर में 9 से 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले "राइज़िंग राजस्थान" ग्लोबल इन्वैस्टमेंट समिट 2024 के लिए निवेशकों को आमंत्रित करेंगे।

इस दौरान दक्षिण कोरिया एवं जापान के कई शहरों में निवेशक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में मुख्यमंत्री अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारिक समूहों से विस्तृत चर्चा कर उन्हें प्रदेश में निवेश करने के लिए न्यौता देंगे।

- **मुख्यमंत्री की इस यात्रा का मुख्य मकसद राइज़िंग राजस्थान समिट के लिए दक्षिण कोरिया एवं जापान के निवेशकों से बातचीत करना है।**
- **मु.मंत्री शर्मा 9 से 14 सितंबर तक दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर रहेंगे।**
- **प्रदेश सरकार की तरफ से दक्षिण कोरिया एवं जापान के कई शहरों में निवेशकों की बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में मुख्यमंत्री अतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारिक समूहों से विस्तृत चर्चा कर उन्हें प्रदेश में निवेश करने के लिए न्यौता देंगे।**

इससे पहले रविवार सुबह मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास एवं जयपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री को सफल यात्रा के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

इससे पहले जयपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री निवास पर तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, शासन सचिव सामान्य प्रशासन डॉ. जोगाराम, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ, भाजपा प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित उच्चाधिकारियों ने जयपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री को सफल यात्रा के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के क्रम में 9 से 14 सितंबर तक दक्षिण कोरिया और जापान में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा विदेशी निवेशकों को राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# डीग जिले के नगर में सर्वाधिक 224 एम.एम. बरसात

जयपुर, 8 सितम्बर। राजस्थान में मानसून की जोरदार बारिश का दौर जारी है और रविवार को भी राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर अच्छी बरसात हुई जिनमें सर्वाधिक 224 मिलीमीटर वर्षा डीग जिले के नगर में दर्ज की गई।

जल संसाधन विभाग के अनुसार इस दौरान जिले के पहाड़ी में 108 एवं सिकरी में 70 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इसी तरह दौसा जिले के कुंदाल में 111 मिलीमीटर बरसात हुई जबकि भांडारेज में 99 एवं दौसा में 87 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बांसवाड़ा

- **राजस्थान में मानसून की जोरदार बारिश का दौर जारी है और रविवार को भी राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर अच्छी बरसात हुई जिनमें सर्वाधिक 224 मिलीमीटर वर्षा डीग जिले के नगर में दर्ज की गई।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार अमेरिका पहुँचे राहुल गांधी

## राहुल गांधी डलास और टैक्सस में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे

डलास, 8 सितंबर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका के डलास शहर पहुंच गए हैं। यह विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी का पहला अमेरिका दौरा है। राहुल यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और यहां के छात्रों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। इससे पहले ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने राहुल के अमेरिका जाने की खबर साझा की थी। राहुल डलास के बाद 9 को टेक्सास और 10 सितंबर को वॉशिंगटन डीसी का भी दौरा करेंगे।

राहुल गांधी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर यह जानकारी देते हुए बताया मैं सच में डलास, टैक्सस एवं वॉशिंगटन में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों से मिले गर्मजोशी और स्वागत से बहुत खुश हूं। राहुल गांधी ने आगे इस यात्रा के बारे में लिखा, मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं जो हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा।

- **राहुल गांधी 8 सितम्बर को सीधे डलास पहुँचे, यहां उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकत की। राहुल डलास के बाद 9 सितंबर को टैक्सस और 10 सितंबर को वॉशिंगटन डी.सी. का भी दौरा करेंगे।**
- **इससे पहले पिछले साल जून में भी राहुल गांधी ने अमेरिका का दौरा किया था। सैन फ्रैंसिस्को में राहुल गांधी भारतीय छात्रों से मिले थे। यहां उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया था जिसने खूब सुर्खियां बटोरी थी।**

इससे पहले ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने यह जानकारी देते हुए बताया था कि राहुल गांधी 8 सितंबर से अमेरिका यात्रा पर रहेंगे और भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। सैम पित्रोदा ने बताया था कि हर शहर में एक प्रवासी कार्यक्रम होगा। इसके अलावा राहुल भारतीय प्रवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित एक डिनर में भी शामिल होंगे।

इससे पहले पिछले साल जून में भी राहुल गांधी ने अमेरिका का दौरा किया था। सैन फ्रैंसिस्को में राहुल भारतीय छात्रों से मिले थे। यहां उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया था जिसने खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं पिछले साल मार्च में राहुल ने ब्रिटेन का दौरा किया था जिसे लेकर भारत में खूब विवाद भी हुआ था।

# यू.ए.ई. के क्राउन प्रिंस जायद अल नाहयान दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली, 8 सितंबर (वार्ता)। यूनाइटेड अरब अमीरात (यू.ए.ई.) के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे।

- **दिल्ली पहुंचने पर केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। प्र. मंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत आए जायद अल नाहयान का भारत का यह पहला औपचारिक दौरा है।**

यहां पहुंचने पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया। जायद अल नाहयान का भारत का यह पहला औपचारिक दौरा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ऐतिहासिक संबंधों में एक नया मील का पत्थर। यूएई के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत की अपनी पहली

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डॉनल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को डॉलर में व्यापार नहीं करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी

## ट्रम्प ने एक चुनावी सभा में कहा, अगर आप डॉलर में व्यापार छोड़ रहे हैं तो फिर अमेरिका के साथ व्यापार को भूल जाइये

वॉशिंगटन, 8 सितंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को खुली धमकी दी है। विस्कॉन्सिन राज्य में एक रैली के दौरान ट्रम्प ने कहा कि यदि आप डॉलर छोड़ रहे हैं तो फिर आप संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार को भूल जाइए क्योंकि हम आपके ऊपर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।

ट्रम्प का यह बयान ब्रिक्स देशों के ऊपर हमला समझा जा रहा है, जो डॉलर की जगह किसी और मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाना चाहते हैं। ब्रिक्स देशों के अलावा कई और देश हैं जो कि आपसी व्यापार के समय डॉलर को बायपास करने का सोचते हैं।

अपने पिछले कार्यकाल के दौर में अमेरिका फर्स्ट की नीति लेकर संरक्षणवादी रवैया रखने वाले ट्रम्प ने रैली के दौरान कहा कि पिछले आठ सालों में डॉलर लगातार एक बड़ी घेराबंदी का शिकार हुआ है, पिछले साल एक समूह के सम्मेलन में डी-डॉलरीकरण को लेकर भी चर्चा हुई।

ट्रम्प ने कहा कि मैं चाहता हूं कि डॉलर दुनिया की आरक्षित मुद्रा बनी रहे और इस काम के लिए में कुछ भी करने को तैयार हूं। आईएमएफ के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही में अमेरिकी मुद्रा अभी भी विदेशी मुद्रा भंडार का 59 प्रतिशत है, जबकि यूरो लगभग 20 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

डॉनल्ड ट्रम्प को एक भारत समर्थक राष्ट्रपति के रूप में देखा जाता है। हालांकि ट्रम्प के पिछले कार्यकाल के दौरान लागू की गई संरक्षणवादी नीतियों से भारत को भी घाटा हुआ था।

- **अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रम्प ने कहा कि मैं चाहता हूं कि डॉलर दुनिया की आरक्षित मुद्रा बनी रहे और इस काम के लिए में कुछ भी करने को तैयार हूं। ट्रम्प ने कहा, मैं देख रहा हूं कि बीते तीन सालों में डॉलर में व्यापार कम हो रहा है। दुनिया वि-डॉलरीकरण की ओर बढ़ती जा रही है, इसे रोकने के लिए तत्काल कड़े प्रयास करने होंगे।**

टैरिफ की सीधी लड़ाई भले ही चीन और अमेरिका के बीच में हुई हो लेकिन इसमें भारत की कंपनियों को भी नुकसान हुआ था। भारत ब्रिक्स समूह का हिस्सा है, जो कि डी-डॉलरीकरण की बात करता है। भारत भी लगताार अपने व्यापार को डॉलर से अलग करके अपने रुपए में करने की इच्छा रखता है।

यूक्रेन युद्ध के समय भारत ने रूस से जितना भी व्यापार किया है वह मुद्रा विनिमय या फिर किसी और मुद्रा के रूप में किया है। इसके अलावा भारत कच्चे तेल का बहुत बड़ा आयातक देश है, हमनें सऊदी समेत कई देशों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाया है और उन देशों के साथ अपनी मुद्रा में व्यापार को आगे बढ़ाया है।

इसके अलावा भारत का रिजर्व बैंक भी भारतीय यूपीआई को अमेरिका पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट की जगह स्थापित करना चाहता है। इसलिए ट्रम्प की इस धमकी को भारत से भी जोड़ कर देखा जा रहा है, क्योंकि अगर ट्रम्प यह करते हैं तो भारत के व्यापार पर इसका असर पड़ना तय है।

भारत के अलावा अन्य देश भी डॉलर पर अपनी निर्भरता को खत्म करना चाहते हैं, सऊदी अरब, चीन और रूस इसमें सबसे बड़े खिलाड़ी साबित हुऐ हैं।

दरअसल, डॉलर के खिलाफ दुनियाभर में बढ़ती विरोध की आवाज ने अमेरिका को परेशान कर रखा है। ट्रम्प ने अपने आर्थिक सलाहकारों से चर्चा के बाद ही यह बयान दिया है। ट्रम्प या कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉलर के प्रभुत्व को दुनिया पर से कम नहीं होने देना चाहेगा, क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो दुनिया पर से उनका प्रभाव कम हो जाएगा। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को डॉलर के वैश्विक मुद्रा होने का बहुत फायदा होता है। इससे अमेरिका को मिलने वाले लोन में आसानी होती है। अमेरिका हर साल अपने बॉन्ड जारी करता है और लोगों से करेंसी उठाता है। इससे अमेरिका का अर्थव्यवस्था को लगातार बढ़ते रहने में आसानी होती है।

जापान ने अमेरिका के करीब 1 ट्रिलियन डॉलर के बॉन्ड खरीद रखे हैं तो वहीं चीन ने करीब 750 बिलियन डॉलर के, लेकिन पिछले कुछ सालों से अमेरिका की आर्थिक हालत को देखते लोग डॉलर की जगह किसी और मुद्रा को नई अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बनाना चाहते हैं। चीन का युआन इस दौड़ में सबसे आगे हैं।

# हरियाणा भाजपा उपाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल हुये

चंडीगढ़, 8 सितंबर (वार्ता)। भाजपा के हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी.एल. शर्मा रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए।

काँग्रेस के यहाँ जारी बयान के अनुसार शर्मा के साथ भाजपा व अलग-अलग संगठनों के 250 से ज्यादा पार्टी पदाधिकारियों व हजारों कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे। जी.एल. शर्मा हरियाणा सरकार में डेयरी विकास निगम के चेयरमैन रह चुके हैं। वहीं दूसरी ओर जननायक जनता पार्टी (ज.ज.पा.) नेता

- **टिकट वितरण से नाराज़ चल रहे हरियाणा भाजपा उपाध्यक्ष जी.एल. शर्मा 250 से ज्यादा पार्टी पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गणेश जन्मोत्सव के समापन पर शोभायात्रा निकाली



जयपुर, (का.सं.)। श्रीमोतीडूंगरी गणेश जन्मोत्सव के समापन पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ ने मुख्य रथ पर भगवान श्रीगणेशजी की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी ने मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेशजी की पूजा अर्चना भी की। मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा व महंत पूरणचंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी को भगवान गणेशजी का दुपट्टा ओढ़ाया, जबकि महंत कैलाश शर्मा के पुत्र अभिषेक शर्मा ने भगवान श्री गणेशजी का चित्र भेंट किया। शोभायात्रा यात्रा के संयोजक प्रताप भानु सिंह ने शोभायात्रा का दुपट्टा ओढ़ाया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र संघ चालक डॉ रमेशचंद्र अग्रवाल व उनकी पत्नी भी मौजूद रहे। मुख्य रथ पर आरती के बाद विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा देर रात गढ़ गणेश मंदिर तक जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया। मुख्य रथ पर भगवान गणेशजी की की भक्तों ने आरती उतारी। संयोजक प्रताप भानु ने बताया कि कुल 91 झांकिया शोभायात्रा में शामिल रही।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना इलाके में एक होटल में युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित ने उसे नौकरी लगाने के बहाने मिलने के लिए बुलाया था और फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा निवासी 25 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि पिछले कुछ समय पहले उसका प्रशांत नाम के लड़के से सम्पर्क हुआ था। बातचीत के दौरान आरोपित ने उसे अच्छी सैलेरी पर नौकरी लगाने का झांसा दिया। आरोप है कि बातों के जाल में आरोपित ने उसे नौकरी लगवाने के विश्वास में फांस कर नौकरी लगाने के बहाने उसे जयपुर के सिंधीकैम्प स्थित होटल में मिलने बुलाया। नौकरी की जरूरत के चलते वह बताए होटल में मिलने पहुंच गई।

मिलने जाने पर आरोपित ने उसके कोल्ड ड्रिंक पीने का ऑफर की। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण वह बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर विरोध करने पर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद सिंधी कैंप थाने में परिजनों के साथ पहुंचकर मामला दर्ज करवाया।

## सूरत महानगर पालिका महापौर दक्षेश मवानी का अभिनंदन

**जयपुर।** शनिवार को जयपुर प्रवास पर आए सूरत महानगर पालिका के महापौर दक्षेश मवानी का विप्र फाउंडेशन की ओर से अभिनंदन किया गया। सूरत महापौर ने विप्र फाउंडेशन के जनहित कार्यों की भरपूर सराहना की और बताया कि मुझे इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कोंशसनेस की ओर से राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हर्षा त्रिवेदी का पत्र प्राप्त हुआ है। इस्पेक के अनुरोध पर शीघ्र ही महानगर पालिका की ओर से सूरत में भगवान परशुराम जी के नाम पर एक सर्किल बनाया जाएगा। महापौर का अभिनंदन करने वालों में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा, इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारे लाल शर्मा, पार्षद मुकेश शर्मा काका, पारस जैन, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मावेवाला, जोन-1 के संगठन महामंत्री राहुल शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, जोनल मीडिया प्रभारी राहुल पांडे, रामबाबू शर्मा आदि उपस्थित थे।

## बोर्ड कार्यालय का उद्घाटन आज

**जयपुर।** श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के नवीन कार्यालय का उद्घाटन 9 सितंबर 2024 को उद्यिमता एवं विकास संस्थान झालाना सांस्थानिक एरिया (आरएसएलडीसी) जयपुर में दोपहर 12:15 बजे होगा। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कौशल नियोजन एवं उद्यिमता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं राज्यमंत्री के.के.बिश्नोई होंगे। विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार कल विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर पद भार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में कौशल नियोजन व उद्यिमता विभाग के अधिकारी सहित विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# डॉ. दीप नारायण पाण्डेय लिख रहे हैं आयुर्वेद का अद्वितीय ग्रन्थ 'यजुर्विदतन्त्र'

### इस ग्रंथ के लेखन और प्रतिष्ठित प्रकाशन द्वारा छापने में लगभग 2 वर्षों का समय लगेगा


**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख डॉ. दीप नारायण पाण्डेय इन दिनों आयुर्वेद के अद्वितीय ग्रन्थ 'यजुर्विदतन्त्र' का लेखन कर रहे हैं। यह संहिता स्वास्थ्य की रक्षा हेतु आहार, विहार, सद्वृत्त,स्वस्थवृत्त, रसायन, प्रसन्नताविज्ञान, प्रज्ञाविज्ञान, जराविज्ञान जैसे महत्वपूर्ण अनेक विषयों पर केंद्रित है। इसके माध्यम से, आयुर्वेदिक विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यह जन-सामान्य के लिए भी सुलभ और समझने योग्य हो।

डॉ. पाण्डेय,जो आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की कई महत्वपूर्ण कमेटियों के सदस्य भी हैंने अपने दीर्घकालिक अनुभव और आयुर्वेद के गहन अध्ययन को इस ग्रंथ में समाहित किया है। 'यजुर्विदतन्त्र' के लेखन का उद्देश्य न केवल आयुर्वेद के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना है, बल्कि इसके पीछे छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी उजागर करना है। यह ग्रंथ विभिन्न बीमारियों कीरोकथाम और स्वस्थ जीवन जीने के सिद्धांतों और उपयोग-योग्य ज्ञानको प्रतिपादित है। इसमें आहार, विहार, सद्वृत्त, और स्वस्थवृत्त जैसे विषयों को विशेष रूप से महत्व दिया गया है, जिनका पालन करने से न केवल शरीर की रक्षा होती है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है।

'यजुर्विदतन्त्र' ग्रंथ में विशेष रूप से आहार-विहार के महत्व को रेखांकित किया गया है। आहार (भोजन) को रोगों से बचाव का मूल माना गया है, और इसके माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को,बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन को भी प्राप्त किया जा सकता है। यजुर्विदतन्त्र में बताया गया है कि किस प्रकार आहार को संतुलित और प्राकृतिक बनाए रखकर विभिन्न रोगों से बचाव किया जा सकता है।

विहार (जीवन शैली) पर चर्चा करते हुए, ग्रंथ में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित दिनचर्या, योग, और ध्यान की महत्ता को रेखांकित किया गया है। इसके अलावा, सद्वृत्त (अच्छे आचरण) और स्वस्थवृत्त (स्वास्थ्यप्रद व्यवहार) पर आधारित जीवन जीने के तरीकों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है।

रसायन,प्रसन्नताविज्ञान,प्रज्ञाविज्ञान ,जराविज्ञान, वृक्षायुर्वेदजैसे विषयों को भी इस संहिता में समाहित किया गया है। रसायन के अंतर्गत दीर्घायु और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी औषधियों और खाद्य पदार्थों का वर्णन किया गया है। प्रसन्नताविज्ञान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और आनंदमय जीवन की दिशा में मार्गदर्शन दिया गया है। प्रज्ञाविज्ञान और जराविज्ञान में बुद्धि, स्मरणशक्ति, और वृद्धावस्था के दौरान स्वास्थ्य को बनाए रखने के उपायों का विस्तार से उल्लेख किया गया है।



डॉ.दीप नारायण पाण्डेय

इस ग्रंथ के लेखन और प्रतिष्ठित प्रकाशन द्वारा छापने में लगभग 2 वर्षों का समय लगेगा। इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है और इसके प्रकाशन से पहले, 'यजुर्विदतन्त्र' का देश-विदेश के 1200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सकों, विद्वानों, और शोधकर्ताओं से ओपन पीयर-रिव्यू (समीक्षा) कराया जा रहा है। यह समीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि 'यजुर्विदतन्त्र' में प्रस्तुत जानकारी पूर्ववर्ती संहिताओं,समकालीन वैज्ञानिक शोध,और वैद्यों के अनुभव की दृष्टि से आलोकितहै। इसके माध्यम से, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह ग्रंथ आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर भी खरा उतरे।

> ■ इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है और इसके प्रकाशन से पहले, 'यजुर्विदतन्त्र' का देश-विदेश के 1200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सकों, विद्वानों, और शोधकर्ताओं से ओपन पीयर-रिव्यू (समीक्षा) कराया जा रहा है।

'यजुर्विदतन्त्र' के विशेष आकर्षण में से एक 'याज्यात्विषा त्रिवेणी' व्याख्या है। इस व्याख्या को संस्कृत,हिंदी और अंग्रेजी,तीनों भाषाओं में प्रस्तुत किया जाएगा,जिससे यह ग्रंथ न केवल भारत के भीतर,बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पढ़ने और समझने में आसान हो। 'याज्यात्विषा त्रिवेणी' व्याख्या के माध्यम से, ग्रंथ के मूल सिद्धांतों को अधिक गहराई से समझाया जाएगा, जिससे पाठक आसानी से समझ सकें कि आयुर्वेद के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में कैसे लागू किया जा सकता है।

'यजुर्विदतन्त्र' के प्रकाशन से आयुर्वेद की प्रतिष्ठा जन-सामान्य में और बढ़ेगी। इस ग्रंथ के माध्यम से, आयुर्वेद के प्राचीन विज्ञान को आधुनिक संदर्भ में पुन:स्थापित किया जाएगा। यह विज्ञान केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकेगा।

डॉ. दीप नारायण पाण्डेय का यह प्रयास न केवल आयुर्वेद के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि आयुर्वेदिक विज्ञान को एक नई दिशा और दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा। आयुर्वेद के इस नए ग्रंथ के माध्यम से, सभी के लिए स्वास्थ्य की एक समग्र दृष्टि प्रस्तुत की जाएगी, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को एक साथ संतुलित करती है। 'यजुर्विदतन्त्र' के माध्यम से, डॉ. पाण्डेय का लक्ष्य जन-सामान्य के मध्य आयुर्वेद की प्राचीन विद्या को पुनर्जीवित करना और इसके महत्व को व्यापक स्तर पर फैलाना है। यह ग्रंथ न केवल चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी एक मूल्यवान संसाधन सिद्ध होगा।

'यजुर्विदतन्त्र' आयुर्वेद के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। डॉ. दीप नारायण पाण्डेय के इस प्रयास से आयुर्वेद की प्राचीन और समृद्ध परंपराएँ पुन: जीवित होंगी,और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई दिशाएँ और दृष्टिकोण विकसित होंगे। इस ग्रंथ के माध्यम से, आयुर्वेद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ समन्वय स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## अखिल भारतीय हरियाणा ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 को

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ कार्यक्रम रविवार 15 सितम्बर को श्री सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम बस्सी में आयोजित होगा। सम्मान समारोह में इस वर्ष सैकेण्डरी से स्नातकोत्तर तक 85 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। रविवार को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित बैठक आयोजित हुई।

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने बताया कि इस वर्ष नीट एवं आईआईटी में सलैक्ट होने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही सितंबर 2023 से अगस्त 2024 तक समस्त राजकीय सेवाओं में चयनित होने वाली सभी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 25 हजार समाज बंधुओं के भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभुलाल कुईवाला ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए कई भामाशाहों ने सहयोग राशि की घोषणा की। बैठक में राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान नायला, राष्ट्रीय सहमहामंत्री बंशी बोहरा, राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष गोपाल गोगोरिया, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश मावावाले, युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील टीलावाला, जयपुर ज़िला ग्रामीण अध्यक्ष बजरंग लाल बोहरा, बस्सी तहसील अध्यक्ष शंकर हल्दीन्या दयारामपुरा, बाबूलाल खेड़ी, आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

## कलैक्टर ने सांगानेर में लिया विकास कार्यों का जायजा



**ज़िला कलैक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने रविवार को सांगानेर में विकास कार्यों का जायजा लिया। कलक्टर ने सैटेलाइट अस्पताल की भूमि का मौका मुआयना किया।**

**जयपुर।** ज़िला कलैक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने रविवार को सांगानेर में विकास कार्यों का जायजा लिया। कलक्टर ने सैटेलाइट अस्पताल की भूमि का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने संबंधित मुख्य अभियंता को जल्द से जल्द सेटेलाइट हॉस्पिटल का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए निर्देशित किया।

> ■ प्रस्तावित सैटेलाइट अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए

कलक्टर ने बताया कि सैटेलाइट हॉस्पिटल के जिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने 25142 वर्ग मीटर भूमि का पट्टा जारी कर दिया है।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के उचित संधारण एवं समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कलक्टर के दौरे के दौरान उपखंड अधिकारी सांगनेर हिम्मत सिंह, तहसीलदार अरविंद कविया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जुगल प्रजापति को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया

**जयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जुगल प्रजापति को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जलगांव लोकसभा क्षेत्र की 6 विधान सभा क्षेत्रों का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं। इसमें जलगांव शहर, जलगाव ग्रामीण, अमलनेर, अरनडोल, चालीस गाम, पाचोरा शामिल है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सुर ताल की समापन संध्या में रूहानी हुई शाम

**जयपुर।** डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में 6 से 8 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय सुर ताल उत्सव का समापन रविवार को जवाहर कला केंद्र में हुआ। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संदीप वर्मा, सेवानिवृत न्यायाधिपति दीपक माहेश्वरी, नगर निगम ग्रेटर की आयुक्त रुक्मणि रियार मुख्य अतिथि रहे।

समापन संध्या ग़ज़ल गायक प्रेम भंडारी, पमिल मोदी और देवेंद्र हिरन की सुरमई गज़लों के नाम रही। समापन संध्या में प्रेम भंडारी, पामिल मोदी और देवेंद्र हिरन नें एक साथ मंच साझा करके विभिन्न गज़लों को पेश किया जिनमे सात सुरों का बहता दरिया तेरे नाम, कोई जो मिले मुझ सा हसीन बात ना करना, ग़म का खज़ाना तेरा भी है, ए काश ऐसा हो जाए आदि गज़लों नें समा बांधा।

राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि महोत्सव में प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कराले नें 3 दिवसीय फोटोग्राफी वर्कशॉप में विद्यार्थियों को फोटोग्राफी विधा की विभिन्न बारीकीयों से अवगत करवाया है। इसके साथ ही पूरे भारत से आये कलाकारों नें भी नृत्य, शास्त्रीय संगीत गायन और वादन से दर्शकों को रूबरू करवाया।

कार्यक्रम के बाद गुहा और जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र सोनी नें सभी कलाकारों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान, काउन्सिल के सदस्य आरएएस अधिकारी शिप्रा शर्मा, कीर्ति शर्मा, नवीन त्रिपाठी व राहुल सूद भी उपस्थित रहे।



**डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में 6 से 8 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय सुर ताल उत्सव का समापन रविवार को जवाहर कला केंद्र में हुआ।**

## नाहरगढ़ से लापता युवक की बरामदगी के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**जयपुर।** नाहरगढ़ की पहाड़ियों से लापता हुए युवक राहुल पाराशर की बरामदगी को लेकर उसके पिता ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी।

राहुल पाराशर के पिता सुरेश चंद्र शर्मा की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया कि उसके बेटे को किसी ने कैद कर लिया है। ऐसे में उसकी जान को खतरा है। इसलिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए जाए कि उसे तलाश कर कोर्ट में पेश करे। याचिका में पुलिस पुलिस की लापरवाही की बात भी कही गई है। मामले में डीजीपी, गृह सचिव, मानव तस्करी निरोधक यूनिट के एडीजी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। गौरतलब है कि राहुल पाराशर अपने भाई आशीष के साथ 1 सितंबर को चरण मंदिर घूमने की कहकर घर से निकला था। अगले दिन पुलिस को आशीष का शव पहाड़ियों पर मिला और राहुल अभी तक लापता चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने आरंभिक स्तर पर मामले में उनकी मदद नहीं की।


**आम सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री महावीर प्रसाद शर्मा, निवासी 246, दादू मार्ग, बरकत नगर, जयपुर के पुत्र शशांक शर्मा एवं उनकी पुत्रवधू आकांक्षा शर्मा के विचारों में कोई तालमेल नहीं होने के कारण मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र एवं पुत्रवधू को मेरे अभिभाष्य ने घर से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य के निवास स्थान पर उनका कोई सामान आदि शेष नहीं है व उनका मेरे अभिभाष्य से अब किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं रहा है। उनका मेरे अभिभाष्य के निवास स्थान में प्रवेश का कोई अधिकार नहीं है। मेरे अभिभाष्य ने उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है। सूचित रहें।

दिनांक : 08.09.2024 (रवीन्द्र शर्मा), एडवोकेट

एफ-36, राम पथ, श्याम नगर, जयपुर मो. : 9829451212

**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नम्बर 16031993N रेंक RFN. Krishnapal S/o Ishwar Singh R/o Village Chapliyakhed, Post-Khadawada. Teh-Garoth, Dist-Mandsaur, M.P. Pin 458880 आर्मी सर्विस रिकोर्ड में मेरी पिताजी का नाम Ishwart Singh गलत दर्ज है सही नाम Ishwar Singh है Vide Affidavit BV 165751 Jaipur. Dated 30.08.2024.

**राजस्थान आवासन मण्डल**

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर

0141-4901853

**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा वीकेण्ड होम संख्या-312 महात्मा गांधी दस्तकार नगर नायला जयपुर, क्षेत्रफल 44.28 वर्ग मीटर का आवंटन श्री अभिनव स्वरूप पुत्र श्री सुरेन्द्र स्वरूप को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 171 दिनांक 06/01/2021 जारी किया था। श्री अभिनव स्वरूप की मृत्यु दिनांक 19/04/2024 को जाने के कारण श्री सुरेन्द्र स्वरूप पुत्र स्व.श्री श्याम सुन्दर के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त वीकेण्ड होम का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त वीकेण्ड होम के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री सुरेन्द्र स्वरूप पुत्र स्व.श्री श्याम सुन्दर के पक्ष में उक्त वीकेण्ड होम के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक

वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल जयपुर

# सड़कें बनाने से पहले ड्रेनेज, सीवर व पेयजल की प्लानिंग सुनिश्चित करें इंजीनियर : आनंदी

## जे.डी.ए. आयुक्त ने इंजीनियर्स और प्रवर्तन शाखा के अफसरों की बैठक ली




**जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने रविवार को इंजीनियर्स और प्रवर्तन शाखा के वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने रविवार को इंजीनियर्स और प्रवर्तन शाखा के अफसरों की बैठक ली। उन्होंने साफ कहा कि जयपुर शहर की सड़कें बार-बार क्षतिग्रस्त नहीं हो, इसके लिए सड़क बनाने के साथ-साथ ड्रेनेज, सीवर और पेयजल की प्लानिंग करें। संबंधित विभागों से समन्वय करने के बाद ही सड़कें बनाएं, ऐसा नहीं हो कि बार-बार रोड खोदनी पड़े।

बारिश के दौरान शहर में जहां-जहां सड़कें टूटी हैं, उनके पेचवर्क रिपेयरिंग का काम पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

जेडीए आयुक्त ने प्रवर्तन शाखा के अफसरों को भी कहा कि, सरकारी जमीनों और अन्य अतिक्रमणों पर कार्रवाई करने में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कोर्ट में लंबित चल रहे प्रकरणों से जुड़ी पूरी तथ्यात्मक जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जाए, ताकि अदालत में प्रभावी पैरवी हो सके।

आनंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मंशा के अनुरूप जेडीए प्रशासन के कामकाज में पूरी पारदर्शिता दिखनी चाहिए, जेडीए के अधिकारी जो भी कार्य करें, वह आमजन के हित में हों। किसी भी स्तर पर कोत्ताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

- **प्रवर्तन शाखा भी सरकारी जमीनों और अन्य जगहों से अतिक्रमण हटाने के काम में पूरी पारदर्शिता रखें : जे.डी.ए. आयुक्त**
- **''अदालत में लंबित चल रहे प्रकरणों से जुड़ी तथ्यात्मक जानकारी संबंधित अफसरों को दें, ताकि कोर्ट में प्रभावी पैरवी हो सकें''**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से पूर्व ही ड्राफ्ट मीटिंग मिनट्स तैयार किए जाएं, ताकि बैठक में लिए गए निर्णयों के तुरंत बाद ही मिनट्स जारी हो सकें, इससे निर्णयों की पालना त्वरित रुप से प्रारंभ हो सकेगी।

उन्होंने राइजिंग राजस्थान से संबंधित कार्यों के संबंध में संबंधित उपायुक्त, अधीक्षण एवं अधिशाषी अभियंता आदि को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए चरणवार रूप से कार्य टाइमलाइन निर्धारित करते हुए संपादित करने के निर्देश दिए।

# जयपुर से जैसलमेर की 600 कि.मी. दूरी साईकिल से तय करेंगे 15 राइडर्स

## राजस्थान की कला-संस्कृति के प्रचार-प्रसार और जल अभियान के लिए जागरूकता को लेकर हुआ आयोजन



**जयपुर** । हैरिटेज ऑन टू व्हील्स के आयोजन की शुरुआत रविवार सुबह 6 बजे पर्यटन भवन से हुई। जहां पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर दलीप सिंह ने फ्लैग ऑफ करके इसे रवाना किया। कार्यक्रम में 15 राइडर्स, जिसमें 3 महिलायें और 12 पुरुष शामिल हैं, यह टीम जयपुर से जैसलमेर की 600 किमी. का सफ़र साइकिल से तय करेंगे। राजस्थान की कला एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं सेहत की लिए साइकिलिंग प्रोत्साहित करना व नेत्रदान बने जन अभियान इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य है। हीरो लेक्ट्रो बाइक्स और राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से एमटीबी जयपुर द्वारा यह आयोजन किया गया है।

एमटीबी जयपुर के संस्थापक त्रिलोक कुमार और आयोजन की कमेटी मेम्बर इंदू गुर्जर और सतिंदर सिंह ने बताया कि 600किमी का सफ़र 7 दिन में तय करेंगे, जिसमे 2 दिन रेस्ट किया जायेगा। यह राइड पर्यटन भवन खासा कोठी जयपुर से 8 सितंबर को सुबह 6 बजे से शुरू हुई और राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों से होती हुई जैसलमेर 14 सितंबर को ख़त्म होगी। राइड के पहले दिन 140 किमी का सफ़र तय करके जयपुर से सांभर लेक होते हुए पुष्कर ख़त्म होगी। दूसरे दिन का सफ़र 180किमी का सफ़र तय करके गाँव ढाणियों में होते हुए जोधपुर ख़त्म होगी। अगले दिन जोधपुर में ऐतिहासिक स्थलों को साइकिल से देखा जाएगा। जोधपुर के बाद रामदेवरा और पोखरण होते हुए ये सफ़र जैसलमेर जाकर थमेगा।

# जवाहर कला केन्द्र में सम्मानित होंगे 150 से अधिक शिक्षक

## प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवॉर्ड 2024 समारोह आज




**जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष, रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर ने किया।**

**जयपुर** । थार सर्वोदय संस्थान, सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 9 सितंबर, सोमवार को शाम 5:00 बजे प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवॉर्ड 2024 के 13वें संस्करण का शिक्षक सम्मान समारोह यहां जवाहर कला केल्द्र के रंगायन सभागार में होगा। कार्यक्रम आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने समारोह में राजस्थान समेत देश के विभिन्न प्रांतों से 150 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें इस वर्ष सम्मान समारोह में राजस्थान के 8 शहरों जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, उदयपुर, पाली, कोटा एवं जालोर से 111 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके आलावा दिल्ली, लखनऊ , जम्मू और कश्मीर, देहरादून से करीब 41 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने अपना जीवन नयी पीढ़ी को ज्ञान देने मे समर्पित किया है। रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर ने बताया कि इस वर्ष माला माथुर मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड इन एजुकेशन शिक्षा क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है। इस वर्ग में डॉ.जसबीर जैन, प्रो. डॉ.पवन सुराणा, डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, रूप कौल, उदय मिर्धा और पंचशील जैन का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से दिया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, नई दिल्ली और राजस्थान के सभी जिलों जयपुर, जोधपुर, पाली, जालोर , अजमेर, बाड़मेर, कोटा से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी, प्राइवेट और एनजीओ संचालित स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, प्री-स्कूल, और कोचिंग संस्थानों के करीब 150 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।सम्मान समारोह का उद्देश्य उन शिक्षकों के योगदान को सराहना और मान्यता प्रदान करना है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## गोविंद देवजी मंदिर में राधाष्टमी महोत्सव की धूम

**जयपुर** (कासं)। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी में शहनाई वादन के साथ राधाष्टमी उत्सव का श्रीगणेश हुआ। दोनों द्वारों पर शहनाई वादन किया जा रहा है। इससे पूर्व ठाकुर श्री राधा गोविंददेवजी का मंगला झांकी बाद पंचामृत अभिषेक कर नवीन केसरिया रंग की पोशाक धारण करवाई गई। विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। शाम को श्री गौरांग महाप्रभु मंडल के सदस्यों ने कीर्तन किया।

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि11 सितंबर को मनाए जाने वलो राधाष्टमी उत्सव के लिए प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ से सवा दस बजे तक तथा शाम को सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक उत्सव दर्शन होंगे। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी महाराज के सान्निध्य में राधाष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश शनिवार को श्री गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के हरिनाम संकीर्तन के साथ हुआ। आठ सितंबर को सुबह श्री हरिनाम संकीर्तन परिवार और शाम को श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से ठाकुरजी के दरबार में भजनों की हाजिरी दी जाएगी। नौ सितंबर को सुबह चाकर मंदिर श्री गोविंद देवजी के भक्त गण राधा जी और श्रीजी को रिझाएंगे, वहीं, शाम को माताजी वृंदावन की भजन संध्या होगी।

## ''सजने का है शौकीन, कहीं नजर ना लग जाए.....''

**जयपुर** । श्री राधे राधे सेवा परिवार, चांदपोल बाजार का 17वां वार्षिकोत्सव शनिवार को चांदपोल बाजार स्थित श्री रामचंद्रजी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। भावभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम की शोभा श्याम प्रभु अद्वितीय श्रृंगार और छप्पन भोग की झांकी रही।

कोलकात्ता के कारीगरों ने श्याम बाबा का अनूठा दरबार सजाकर मनमोहक श्रृंगार किया। एक जैसे परिधान में श्याम प्रेमियों का समूह एकता का संदेश दे रहा था। कार्यक्रम का श्रीगणश कलिकाल वंदित खाटू नरेश प्रभु श्री श्याम की महाआरती से हुई। इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल ने गणेश वंदना आओ आओ जी गजानंद) से भजन रसगंगा का जो प्रवाह शुरू किया वह हर पल एक नए आयाम जोड़ता चला गया।

राहुल खंडेलवाल ने हनुमान वंदना, आदित्य ने माता वंदना की। मामराज अग्रवाल ने गुरु वंदना और श्याम महामंत्र के जाप कराकर भक्तिमय माहौल को शिखर पर पहुचाया। अमित नामा ने हारे के सहारे आजा से भजनों की इस गंगा का प्रवाह तेज कर दिया। श्याममय माहौल में महेश परमार ने मन की बाता सांवरिया ने आज गाकर उस भजन प्रवाह को बनाए रखा। मनीष गर्ग घीवाला ने भजनों की इस रसगंगा को अपने चिर परिचित भजनों से भाव के साथ ही नए आयाम धमाल की और ले गए और उपस्थित जन समूह को भक्तिभाव पूर्ण नृत्य को मजबूर कर दिया।

कोलकात्ता से आए कुमार दीपक ने उत्सव में जब मध्य रात्रि में माइक हाथ मे लिया तो उपस्थित अपार जन समूह भाव भक्ति के साथ ही उत्साहित हो गया।

उन्होंने अनवरत तीन घंटे श्याम प्रभु का गुणगान किया। सजने का है शौकीन कही नजर ना लग जाए, उसके पश्चात बोलो तो सही ओ बाबा, बोलो तो सही। ऐसे अनेकानेक भावपूर्ण भजनों से बाबा श्याम और साथ ही जन समूह को नाचने और झूमने को मजबूर कर दिया। अविनाश शर्मा ने श्याम मैं तेरी कठपुतली... गाकर श्रोताओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगवाई। कार्यक्रम में श्री राधे राधे सेवा परिवार, चांदपोल बाजार के अध्यक्ष प्रतीक गोयल ने बताया कि सरस निकुंज के अलबेली शरण महाराज, काले हनुमान जी मंदिर के गोपाल दास महाराज, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, आनंदी देवी सारडा मैया जी सहित अनेक विशिष्टजनों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। भक्तों को दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया। साधु-संतों, समाजसेवी और राजनीतिक हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर शोभा बधाई। महामंत्री चेतन अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

## सार-समाचार

### फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन



**जयपुर** । फिजियोथैरेपी कैंप द्वारा जनता के स्वास्थ के प्रति जागरूक किया गया। इसमें सभी को बीमारियों से दूर रहने के बारे में जागरूक किया गया। डॉक्टर राज सी 7 फिजियो क्लिनिक के द्वारा, रिजर्व बैंक ऑफिसर कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में एक फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विकास अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने किया। आयोजन में रिज़र्व बैंक अधिकारी कॉलोनी के सचिव राहुल अग्रवाल ने विभिन्न व्यायाम व उनकी सही मुद्राओं से स्वस्थ रहने तथा फिजियोथेरेपी का महत्व बताया। फिजियोथेरेपिस्ट, राज माहेश्वरी के द्वारा दर्द से कैसे बचा जाए, दैनिक कार्यों में किन बातों का ध्यान रखा जाए, इत्यादि के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक के साथ लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। टांक ने बताया कि सेहत को किस तरह हर दिन व्यायाम करके स्वस्थ रखे और सुबह की शुरुवात दौड़ लगाकर अपने आप को फिट रखे, जिससे अपने आप को बीमारियों से दूर रख कर स्वस्थ और फिट रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का मेगा ग्रीन ड्राइव



**जयपुर** । आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर ने मानसरोवर में सिटी पार्क के पास एक महत्वपूर्ण मेगा प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया, जो एक ठंडे और हरे-भरे भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम था। करीब 50 से अधिक वॉलंटियर्स ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उन्होंने 20 पेड़ लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उनके चारों ओर सुरक्षा कवच भी लगाए गए। इस अभियान के दौरान, आस-पास के लोग भी प्रेरित होकर इस प्रयास में शामिल हो गए, जिससे इस पहल का प्रभाव और भी बढ़ गया।

### फिरोजाबाद नगर आयुक्त और मेयर को 75 लाख रुपए का चैक सौंपा




**जयपुर** । विश्व स्वच्छ वायु दिवस के उपलक्ष्य पर केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फ़िरोज़ाबाद नगर आयुक्त घनश्याम मीना और मेयर कामनी राठौड़ को 3 से 10 लाख वाले शहरों में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर 75 लाख का रुपए का चैक प्रदान कर सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि घनश्याम मीना 2015 बैच के आईएएस अफ़सर है तथा मूलतः जयपुर के निवासी है । इनकी धर्मपत्नी अनिता यादव भी 2017 बैच की आईएएस अधिकारी है। समारोह में राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा और शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी उपस्थित थे ।

## 'प्रदेश के जेल कार्मिक इसी माह करेंगे बड़ा आंदोलन'

**जयपुर** । बीते 24 साल से 2400 ग्रेड-पे का इंतजार कर रहे जेल कार्मिक इसी माह से पुन: बडा आंदोलन करने की तैयारी में है। एकीकृत महासंघ के बैनर तले इस आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि जेल कार्मिकों को आज भी 1900 ग्रेड पे मिल रहा है। महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इसी माह राज्य की जेलो से एक बार फिर जेल कार्मिकों की हुंकार उठेगी। जेल कार्मिक राज्य स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब जेल कार्मिकों ने अनुशासित तरीके से 8 दिन से ज्यादा मैस बहिष्कार कर ड्यूटी करते हुए विरोध प्रकट किया था, तब मुख्यमंत्री, जेल मंत्री, गृह सचिव के लिखित आश्वासन और जेल सुधारों के लिए बनी कमेटियों की अनुशंसा के बावजूद, आज तक मांगें पूरी नहीं हुई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर किस स्तर पर और क्या कमी रह जाती है कि जेल प्रहरियों की वेतनमान विसंगति दूर नही हो रही।

# मुहाना के केसर नगर में सीवरेज और पेयजल संकट के कारण लोग परेशान

- **स्थानीय विकास समिति ने मुख्यमंत्री के साथ-साथ संबंधित विभागों को पत्र लिखा**

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके स्थित केसर नगर-ए में सीवरेज की कमी के कारण असुविधा और जल आपूर्ति के कारण उत्पन्न गंभीर समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, जेडीए व नगर निगम आयुक्त तथा जलदाय विभाग के अफसरों को पत्र लिखा है।

विकास समिति से जुड़े वी.के.भार्गव ने बताया कि मुहाना मंडी रोड स्थित केसर नगर में सीवरेज और पेयजल समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। यहां पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी खुले में फैल रहा है, इससे ना केवल बदबू की समस्या है, बल्कि क्षेत्र में शांति और सदभाव भी भंग हो रहा है। कॉलोनी में से बीसलपुर की लाइन गुजरने के बावजूद भी यहां के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। लोगों को पीने के लिए पानी के लिए भी बोरवेल्स और टैंकर्स पर निर्भर होना पड़ रहा है। भार्गव ने बताया कि केसर नगर में सीवरेज का गंदा पानी आम रास्ते पर बहता है, ऐसे में मक्खी-मच्छरों के कारण गंभीर बीमारियां पनप रही हैं। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य जलजनित रोगों की चपेट में बच्चे व बुजुर्ग हैं। वहीं बोरवेल से मंगवाया जा रहा पेयजल की गुणवत्ता बेहद खराब है, इस कारण लोग काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि इस कॉलोनी में सुविधाएं विकसित करने के बजाय जेडीए के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है। जबकि विकास शुल्क के नाम पर मोटी राशि वसूली गई है।

# उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का संवेदनशीलता से हो समाधान : आरती डोगरा



**डिस्कॉम्स चेयरमैन व जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने रविवार को राम मंदिर पावर हाऊस स्थित केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का अवलोकन किया।**

**जयपुर** । डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के साथ बेहतर सेवाएं प्रदान करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में शिकायतों के समाधान की व्यवस्था को और अधिक पुख्ता एवं प्रभावी बनाएं। डोगरा ने रविवार को राम मंदिर ओल्ड पावर हाउस स्थित जयपुर विद्युत वितरण निगम के केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर के अवलोकन के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर में एग्जीक्यूटिव द्वारा उपभोक्ताओं के प्रत्येक कॉल को पूरी शिष्टता एवं विनम्रता के साथ अटैंड किया जाए। बेहतर तरीके से कॉल अटैंड करने वाले एग्जीक्यूटिव्स को प्रोत्साहन दिया जाए तथा जिनमें सुधार की गुंजाइश है, उन्हें सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाए। डोगरा ने शिकायत दर्ज कराने तथा उसके निस्तारण की सूचना के दौरान उपभोक्ता के साथ एग्जीक्यूटिव्स के संवाद की क्वालिटी ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बिजली आपूर्ति में व्यवधान एवं अन्य संबंधित शिकायतों को दर्ज करने, एफआरटी टीम को शिकायत हस्तांतरित करने, समस्या के समाधान में लगने वाले समय, एसएमएस से निराकरण की स्थिति की सूचना उपभोक्ता को देने, शिकायत के क्लोजर आदि के संबंध में जानकारी ली।

अति. मुख्य अभियंता आईटी बीएस मीणा ने बताया कि केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में व्यवधान, मीटर तथा बिल संबंधी शिकायतों के समाधान की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न उपखंड स्तर पर 332 फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम कार्यरत हैं। कॉल सेंटर में अगस्त माह में औसतन प्रतिदिन 1 लाख कॉल अटैंड की गई हैं। इसके अतिरिक्त आईवीआरएस, बिजली मित्र मोबाइल ऐप एवं वेब एप्लीकेशन, हैल्प डेस्क,सम्पर्क पोर्टल आदि माध्यमों के जरिए भी विद्युत संबंधी शिकायतें प्राप्त होती हैं।

डोगरा ने विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में जयपुर सिटी सर्किल नॉर्थ एवं साउथ तथा जयपुर डिस्ट्रिक्ट सर्किल नॉर्थ एवं साउथ में लंबित विद्युत कनेक्शनों की स्थिति, पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता, उपभोक्ता समस्याओ के निराकरण आदि की समीक्षा भी की। उन्होंने डिवीजनवार सभी अधिशासी अभियंताओं से इस संबंध में प्रगति की जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य अभियंता जयपुर जोन आर. के. जीनवाल, अति. मुख्य अभियंता (एम एंड पी एवं आईटी) बीएस मीणा, अति. मुख्य अभियंता (पीपीएम) आर.पी. शर्मा सहित सभी वृत्त के अधीक्षण अभियंता भी मौजूद थे।

## डॉ. भारद्वाज को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला



**जयपुर** । जयपुरिया अस्पताल के दन्त विभाग के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. हरीश भारद्वाज को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए रोटरी इंटरनेशनल ने अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवेन्यू ऑफ़ सर्विस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया है । रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (23-24) डॉ निर्मल कुनावत ने बताया कि डॉ भारद्वाज को यह सम्मान वर्ष 23-24 में उनके द्वारा किए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया है ।



## Emergency Services Day

*Emergency Services Day* is an important event that honours the dedicated individuals who work in emergency services. This day celebrates contributions of police officers, firefighters, paramedics, and other emergency responders. These heroes often risk their lives to keep the public safe. It's a day filled with activities and educational events, highlighting the crucial work that these professionals do daily. The celebration focuses on educating public about the responsible use of emergency services. It promotes essential life-saving skills, encouraging people to learn first aid and emergency response techniques.

#ARCHAEOLOGY

# The famous railing from 'Titanic' has broken off

A 20-day subaquatic exploration relocated once-lost artifacts and documented ongoing decay.



New, high-definition images offer unexpected finds and unfortunate updates at the site of the RMS Titanic's final resting place. Released on September 2, the photos come as the first Imaging and Research Expedition, undertaken by the ship's salvor-in-possession company, RMS Titanic, Inc. in over 14 years. Notably, the documentation confirms that one of the vessel's most iconic sections has succumbed to 112 years spent in the frigid North Atlantic waters, at a crushing depth of 12,500 feet below the ocean's surface.


More than 1,500 passengers and crew aboard the Titanic died while en route to New York City from Southampton, UK, during the famous tragedy on April 15, 1912. Although, its exact whereabouts were a mystery for years, an expedition led by Robert Ballard confirmed the luxury cruise liner's exact location in 1985. Since then, numerous explorers, experts, and tourists have made the frequently dangerous journey back down to document the historic archaeological site. In 1994, a US federal court granted sole 'salvor-in-possession' rights to RMS Titanic, Inc., which designated the company as the only organization legally permitted to recover artifacts from the wreck. The group and its affiliates have now overseen eight expeditions, the most recent of which took place over 20 days in July.

According to an announcement on September 2, researchers amassed over "2 million of the highest resolution images and video to date" during their latest exploration. They also successfully mapped out the ship and its debris field using LiDAR, Sonar, as well as a hyper magnetometer, a device used to zero-in on metallic objects such as ship wreckage. It was with these tools that explorers managed to relocate one historic relic in particular that many thought was long gone, a 2 foot tall, bronze statue known as the *Diana of Versailles*. According to Titanic researcher, James Penca, the Diana of Versailles served as a centerpiece in the



first-class passenger lounge, widely considered to be the most beautiful and detailed space on the ship. "But unfortunately, when Titanic split in two during the sinking, the lounge got ripped open. And in the chaos and destruction, Diana got ripped off her mantle, and she landed in the darkness of the debris field," Penca told the BBC on August 1. Many experts theorized sediment or ocean current-scattered debris had since obscured the bronze bust. "To actually find it once again, half-buried on the ocean floor was like finding a needle in a haystack," Penca explained.

The new discoveries also highlighted the ship's increasingly fragile remains. One of the Titanic wreckage's most recognizable features has long been the railing, surrounding the Bow's forecastle deck, a section also made famous in the 1997 film's "King of the World" scene by James Cameron. Based on images taken over the summer, however, a large section of the structure has broken off and fallen from the port side prow. Given previous expeditions' documentation, the team says that this must have occurred as recently as 2022. Time is certainly not on the side of the preservationists. Given the harsh ocean conditions and the destructive capabilities of metal-eating bacteria, some observers believe that the vast majority of the Titanic could decay within only a few decades.



#WORLD VIEW

PART:1

# Run for Africa- and China takes it all!

Africa is becoming 'partner of choice' for developed countries on every thing, from growing their economies to protecting their borders. This is because Africa hosts 30% of the world's mineral reserves. Around 60% of the total mining in Africa is of gold, which contributes to 22% of the world production. World's 55% of diamonds are mined in Africa. Africa will add 796 million people to the global workforce by 2050, as it will be home to the largest youngest population of the world.






● Neelotpal Mishra

The Berlin West Africa Conference of 1884-1885 was a meeting at which the major European powers negotiated and formalized claims to territory in Africa. This started the scramble for Africa. Great Britain, France, and Germany began looking to Africa for natural resources for their growing industrial sectors as well as a potential market for the goods that these factories produced. The governments thereon began to safeguard their commercial interests in Africa, and began to secure treaties from indigenous peoples or their supposed representatives.

The same is in play today as Africa is becoming 'partner of choice' for developed countries on every thing, from growing their economies to protecting their borders. This is because Africa hosts 30% of the world's mineral reserves. Around 60% of the total mining in Africa is of gold, which contributes to 22% of the world production. World's 55% of diamonds are mined in Africa. Africa will add 796 million people to the global workforce by 2050, as it will be home to the largest youngest population of the world. Moreover, Africa is undergoing a major shift towards providing service rather than being dependent on agriculture and extraction of minerals. By 2040, Africa will have 31 cities with a population of more than 5 million. Currently, there are only 12.

## The African Landscape Today

China, India, Japan, South Korea and the ASEAN share the African geopolitical space today with the US and EU. They also are major investors in Africa as well as providers of development assistance. The US, which was focused on terrorism and other non-military threats after 9/11, is paying attention to Africa's new geopolitics. Russia is now engaging with Africa more than ever before, as are many other regional actors like Iran, UAE, Qatar, Saudi Arabia and Turkey, who are taking a growing interest in African security.

Russia and China are seizing political, economic and military initiative in Africa in ways that could alter the global balance of power. Mainly, China and Russia apart from India, Japan and South Korea view Africa as an opportunity to be seized. From 2007 to 2017, the US trade with Africa dropped by 54% while China's trade grew by 220%. Russia's total investment in Africa is growing by 40% since 2015. In 2019, Russia held the first ever *Russia-Africa summit*, hosting 45 African Heads of State. China holds a similar event called the *Forum on China-Africa Cooperation*. India organises *CII-EXIM Bank Conclave on India-Africa Project Partnership*.

Sub-Saharan Africa is in the centre of the crescent or 'arc of instability,' stretching from the Andean region of Latin America across Sub-Saharan Africa, the Middle East and the Caucasus and through the Northern parts of South Asia. It remains the most vulnerable to economic disruption, population stresses, civil conflict, and political instability, as increased profits from oil, gas and metals is used to entrench corrupt, or, otherwise ill-equipped governments in several regions, diminishing the prospects for democratic and market-based reforms.

There is presence of foreign militaries in around 25 African countries. They often lease territories to foreign powers for military bases, mainly for domestic economic gain. Countries are also seeking external help in dealing with their internal serious security challenges. The US drone attacks in Somalia have helped reduce al-Shabaab's capacity and French troops have contributed significantly in building the capacity of national armies in the Sahel and driving out jihadists. The competition among the various foreign militaries, to respond to hotspots in Africa, has led to a multiplicity of activities that overcrowd the security landscape, especially in the Sahel and the Horn of Africa. This has also led to rivalry between foreign armies playing out in Africa, and may potentially have a destabilising impact on the continent.

Corruption is high, press freedom low and climate change is severe in Africa. This is a fundamental threat to peace and security, as it is a cause of conflict, generating new grievances in society or driving existing ones. Extreme digital divide exists in Africa. Only 45% of the population use mobile services and 26% use smartphones. Of these, 29% use internet in comparison to 51% in the world. A 2020 UNCTAD report estimated that $88.6 billion, which is equivalent of 3.7 per cent of Africa's GDP, leaves the continent annually as illicit capital flight.

Apart from the Russian Wagner Group, hired by the Central African Republic amongst others, South Africa's Dyck Advisory Group was hired by the Mozambican government to combat *Al-Shabaab jihadist* violence in Cabo Delgado in the north of the country. US companies like the CACI and Academi are among the most prominent private military companies present on the African continent. In addition to these, the French company, Secopex, Great Britain's Aegis Defence Services & G4S, Omega Consulting Group of Ukraine and Xeless from Germany are also active in Africa. Mostly, these Private Military Companies follow the resources for protection arrangement by enabling their owned/ backed firms to get contracts for mining.

Globalization has created opportunities in African countries, but economies have not transformed enough to move away from dependence on raw materials to production. Thus, many remain on the bottom rungs of global supply chains.

## China in Africa

China has emerged as Saharan Africa's largest trading partner (exports and imports) in the last 20 years, with one-fifth of the region's total goods' exports and the single largest source of imports, after initiating its official 'go out' policy.

China is focusing on emerging lithium supply centres, as this is a crucial metal used in electric vehicles. It is also focusing on Bauxite, Iron and Uranium. The maritime *Silk Road* is connecting China's eastern seaboard with the Indian Ocean littoral, by development of 47 ports in sub-Saharan Africa. Under the *Digital Silk Route* in Africa, Chinese provision digital infrastructures and solutions such as the Smart City and Safe City initiatives. The bundled solutions address terrorism, crime and e-governance, thus, tying the beneficiaries to proprietary technologies and entrench Chinese technological standards, giving competitive advantage to Chinese firms.

At the 2021 *China-Africa Cooperation Forum*, China announced its first cutback in financial support to Africa, from $60 billion to $40 billion over three years. Currently, 22 African countries with low-income status are either already facing severe debt distress or are at a high risk of facing such distress. In addition, approximately 50% of China's lending to developing African countries is not included in official debt statistics. Furthermore, loans provided by China to



African countries come with higher interest rates of 4% compared to loans from Western sources, which are at 1%. Chinese projects often seem to go hand-in-hand with civil protests.

Confucius institutes promote Chinese language and culture, support local Chinese teaching internationally, and facilitate cultural exchanges. These are used as influence platforms and have a role as intelligence cover. A total of 61 Confucius institutes, 48 Confucius classrooms have been established in Africa. China launched a 2015 initiative to put satellite televisions in 10,000 African villages. These came with free, pre-loaded access to Chinese stations, pumping state-sponsored content.

Over the last few years, it has emerged as the largest major Arms' Supplier to Sub-Saharan Africa. Around 40 African countries have some kind of agreement with Chinese public security agencies and extradition treaties with 13 African countries. A large number of African police and law enforcement personnel and magistrates have received training in China. In Africa, China operates overseas police stations in Benin City, Nigeria Maseru in Lesotho and Dar es Salaam in Tanzania. With the help of these police posts / service stations, the Chinese government is also influencing the elections in the respective countries. Furthermore, these stations are controlling activities of the Overseas Chinese Diaspora.

Chinese companies collect massive amounts of metadata, using which they better tailor their products and services to consumers, allowing them to gain influence to shape developments and policies in these markets. There is a possibility that such data would be passed on to African states with authoritarian tendencies to subvert democratic processes or control citizens. There also have been allegations of China hacking into computers at the African Union's Headquarters in 2018.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com




## Africa - Towards Growth and Prosperitya

Thirty-four countries, i.e. about 72 per cent of Africa's citizens, have improved their governance performance since 2010 in terms of participation, rule of law, rights, transparency and accountability.

The grain yields have increased in Southern and Eastern regions of Africa, and they are fast developing close trade and strategic ties with East and South Asian countries. This leads to that region being most stable and promising sub-region, politically and economically, with five African nations being among the top ten fastest growing economies. In this Age of Disruptions, the *Continental Free Trade Agreement* has the potential to be a game changer. Africa is currently trading more with the other regions of the world than within the continent. With a view of increasing trade amongst African countries, the African Union has facilitated the creation *Africa Economic Zones Organization*, *African Free Trade Zone* and *African Continental Free Trade Area*.

Proposed highways and high speed railways to connect the African continent have been envisaged by the African Union. This would help accelerate growth and prosperity in the region. For the first time, an African country reported collecting additional taxes worth 10.6 million through the use of common reporting standard data. Around 23 countries are party to the *Multilateral Convention on Mutual Administrative Assistance in Tax Matters*, to tackle tax evasion.

Africa led peace operations are a crucial tool for peace and security in Africa. This would invariably lessen the dependency of African countries on foreign militaries and the UN. In almost all multilateral peace operations that were active, as of May 2023 in Africa, in many troubled regions, AU forces are deployed alongside UN force.



#MARINE-LIFE

# Surprising Creatures

In the *Great Pacific Garbage Patch*, plastic creates strange communities that bring coastal and open ocean animals together.





Plastics floating in a massive 'garbage patch' in the Pacific Ocean are home to strange new mixes of coastal and marine species that might increase the odds of biological invasions, wreaking havoc on nearby ecosystems.

Scientists have long known that critters such as worms, crustaceans and mollusks could make their home on plastic debris. Animals have even crossed the Pacific Ocean on these makeshift rafts after a devastating tsunami struck Japan in 2011. But a new research adds two details that could be concerning for existing ecosystems. First, it finds that plastic is providing a home for coastal species to thrive in the open ocean, thousands of miles from shore. Second, some of these species are reproducing despite the alien environment.

"It's probably one of the least-known environments, the sea surface," says Martin Thiel, a Marine Biologist at Catholic University of the North in Chile, who was not involved in the new research. "It's a very, very particular community that we are disturbing now at a massive scale."

For the new study, researchers identified species living on just more than 100 pieces of plastic that were fished out of the so-called *Great Pacific Garbage Patch*, a region in the northern Pacific Ocean where currents converge to deposit an estimated 79,000 metric tons of plastic debris. The scientists identified 484 invertebrates from a surprising range of species on the plastic. Many of these animals were species that are more commonly found near coastlines of the western Pacific. These coastal species included 'moss animals' or bryozoans, jellyfish, sponges, worms and other organisms.

"I just remember the first time (study co-author) Jim (Carlton of Williams College and Mystic Seaport Museum) and I pulled out a piece of plastic and saw the level of coastal species present. We were just blown away," says Linsey Haram, lead author of the study. Haram, who was a research associate with the Smithsonian Environmental Research Centre during the study, specializes in marine ecology.

"Nearly all the debris hosted pelagic, or open ocean species, which makes sense, considering that weathering on much of the plastic suggested that it had spent several years at sea. But all told, about 70 per cent of the debris, that the researchers analysed, carried at least one species, usually found in coastal waters, a much higher tally than Haram and her colleagues expected going into the work," she says.

And as they looked closer, the scientists found that some two thirds of the debris pieces were home to coastal and open ocean species, living side-by-side. Plastic isn't just carrying coastal species out to sea, it's also creating unnatural neighbourhoods, that the researchers call 'neopelagic communities.'

"What's new, the 'neo' part of that, is that we now, likely because of plastics, are seeing coastal species and these native pelagic species together, interacting quite frequently on debris," Haram says. "We're essentially creating new communities in the open ocean."


"And these unnatural communities may come at a cost for traditional open ocean residents that are used to living on natural debris," she adds, "because coastal creatures could be competing for space and food, or could even be eating their neighbours."

Haram and her colleagues found signs that these coastal species were reproducing. For instance, they found insect like arthropods tending to clutches of eggs and anemones sprouting little clones of themselves, indicators that suggest that relocations aided by plastic aren't necessarily temporary. And the plastic in the *Great Pacific Garbage Patch* doesn't necessarily stay there but can, instead, wash up on foreign beaches, where transplanted species might take root.

"If you can reproduce, then, you can spread. And if you can spread, you can invade," says Linda Amaral-Zettler, a Marine Microbiologist at the Royal Netherlands Institute for Sea Research, who was not involved in the new study. "You're not just a dead end, you're not just hitchhiking and then perishing at the end of it." She hopes that the research serves as a warning that plastic may be facilitating species invasions, particularly between widespread coastal ecosystems. The new work highlights a different way that the flood of plastic is interfering with the natural environment, one beyond the well-publicized harm which it does to species such as fish, turtles and seabirds.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# लूट की वारदात करने वाला गैंग का सदस्य गिरफ्तार

## छह अगस्त को कार में सवार होकर आए तीन व्यक्तियों ने लूट की वारदात की थी

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम किराप के पास छह अगस्त को कार में सवार होकर आए तीन व्यक्तियों द्वारा बाघसूरी से आ रहे महेंद्र गुर्जर को तमंचा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में शामिल अन्तर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार करने एवं दो को नामजद किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन में एवं मसूदा वृताधिकारी सज्जनसिंह के निकट सुपरविजन में मसूदा थानाधिकारी गणपत राम व टीम द्वारा लूट का आरोपी उत्तरप्रदेश बागपत

■ **पुलिस ने लूट के मामले में दो जनों को नामजद किया है**

जिले के ग्राम नांगल थाना छपरौली निवासी निकेश पुत्र रामनिवास को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह द्वारा दी गई जानकारी एवं घटना से जुड़े तथ्यों के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र पुत्र रेखपाल गुर्जर ने मसूदा पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि वह 6 अगस्त को शाम के समय मे अपनी पत्नी व बच्चो के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल बनवेडा से गांव किराप आ रहा था। जब वह मोहनपुरा गांव से पहले पहुंचा तो एक दिल्ली नंबर की वेगनार उसकी मोटरसाइकिल के आगे रूकी ओर वेगनार से तीन व्यक्ति उतरे ओर जान से मारने की धमकी देकर उसकी पत्नी के पहने गहने व नकदी, मोबाइल लूटकर ले गये थे।

उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर घटना स्थल सरहद मोहनपुरा से नसीराबाद व मसूदा की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया तो घटनास्थल की तरफ से मसूदा की ओर एक वाहन वेगनार जाती हुई दिखाई देने पर वाहन के संबंध मे अनुसंधान किया गया।

उक्त वाहन के संबंध में पुलिस थाना अंकुर विहार, गाजियाबाद (उतरप्रदेश) पर प्रकरण पंजीबद्ध होने तथा अंकुर विहार पर पंजीबद्ध प्रकरण में आरोपी निकेश पुत्र रामनिवास वाल्मिकी निवासी नांगल गिरफ्तार होकर न्यायिक अभिरक्षा में चला आने से आरोपी निकेश को प्रोडेक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान किया गया तो आरोपी निकेश द्वारा सहआरोपी आर्यन व सोनू उर्फ अभय के साथ मिलकर प्रकरण की घटना करना कबूल किया जाने पर आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। वांछित आरोपी आर्यन व सोनू उर्फ अभय की तलाश जारी है।

## राज. धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष 11 को आयेंगे

**सुजानगढ़,** (निसं)। मरूदेश संस्थान द्वारा महाकवि पद्मश्री व राजस्थान रतन कन्हैयालाल सेठिया की 105 वीं जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष और संस्कृतिविद ओंकार सिंह लखावत 11 सितम्बर को सुजानगढ आयेंगे। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि आयोजन के अध्यक्ष भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य चिंतक डॉ. दिनेश कुमार जांगिड "सारंग" और विशिष्ट अतिथि सुजानगढ के संस्कृतिधर्मी खडग सिंह बांठिया होंगें। समारोह के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध गीतकार और भारतीय साहित्य विकास न्यास के प्रदेशाध्यक्ष सत्यदेव संवितेंद्र और स्वागताध्यक्ष राजकीय बालिका महाविद्यालय, लाडनूं के प्राचार्य व चर्चित कवि डॉ गजादान चारण होंगे।

# सूने मकान से 30 लाख के जेवर सहित नकदी चोरी

## वारदात के दौरान पीड़ित परिवार निजी काम से बाहर गया था और चाबी पड़ोसी को दी थी

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी शहर के सदर थाना क्षेत्र में शनिवार रात चोरों ने एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर 30 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित चार लाख की नकदी ले भागे। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार निजी काम से बाहर गया था और मकान की चाबी पड़ोसी को दी थी। पड़ोसी ने ही ताले टूटने और वारदात की सूचना पीड़ित को दी।

सदर थाने के एएसआई ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की मारुति कॉलोनी में रहने वाले सर्वजीत रंगवानी शनिवार को किसी काम से परिवार सहित बाहर गये थे। मकान पर ताला

■ **पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी, चोरी की वारदात कब हुई, पता नहीं लग पाया**

लगाकर चाबी अपने पड़ोसी को दे गए। इसी बीच शनिवार देर रात 11 बजे उनके पड़ोसी ने मोबाइल पर मकान के ताले टूटने और चोरी की वारदात की सूचना दी। इस पर पीड़ित परिवार मौके पर पहुंचा तो मकान के ताले टूटे मिले और अंदर कमरों में रखा सामान बिखरा पड़ा मिला। बदमाश अलमारी और अन्य जगहों से सोने चांदी के जेवरात ले भागे। अलमारी से डायमंड अंगूठी, पैंडल, ब्रेसलेट, चेन सहित अन्य सामान गायब मिला।

बदमाश करीब 30 लाख रूपए के जेवरात और 4 लाख रूपए की नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने सदर थाने में चोरी की वारदात की शिकायत दी है। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। चोरी की वारदात कब हुई इसका पता नहीं लग पाया है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्रवासियों में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# भृर्तहरि के मेले से एक दिन पूर्व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**अलवर,** (निसं)। अलवर में लोकदेवता बाबा भृर्तहरि के मेले से एक दिन पूर्व आई अचानक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने जिला प्रशासन को सकते में डाल दिया। एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के मेले से एक दिन पूर्व अचानक पहुंचने से मेले में जाम लग गया जिसे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी से कई घंटों बाद खुलवाया।

बाबा भर्तृहरि का मेला सोमवार 9 सितंबर से यथावत चलेगा। यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला मजिस्ट्रेट मालाखेड़ा एसडीएम देवी सिंह और उप मेला मजिस्ट्रेट मालाखेड़ा तहसीलदार मेघा मीणा ने पुलिस के साथ कमान संभाल रखी है।

सोमवार से पुलिस का पूरा जाब्ता मेला में लगने वाला था, लेकिन रविवार को अचानक एक लाख से ऊपर पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रशासन को सकते में डाल दिया। मेला स्थल पर दोनों और जाम लग गया जिसे पुलिस की मदद से उपमेला मजिस्ट्रेट ने अपनी सूझबूझ से खुलने एवं बढ़ते श्रद्धालुओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सोमवार की जगह रविवार से ही 12 सौ पुलिस के जवानों के साथ अधिकारियों को तैनात कर दिया है ताकि किसी प्रकार की समस्या श्रद्धालुओं को नहीं हो। सोमवार को केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगे।

## रैली निकाली

**सीकर,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ थोई नीमकाथाना सीकर के तत्वावधान एवं झाबरमल बिवाल प्रधान स्थानीय संघ थोई, राम प्रसाद सैनी मुख्य आतिथ्य में सचिव सुवालाल कुमावत, सहायक सचिव घासीराम वर्मा , अभीर सिंह,सुरेश समोता, रोवर लीडर गुलझारीलाल सैनी, राष्ट्रपति स्काउट मनीष कुमावत, रोवर राम प्रसाद भास्कर , स्काउट मनीष रोलानिया ,सूणा राम , कालूराम बुनकर, के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता ,पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# निजी हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही से बच्ची की मौत

## आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित निजी हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही के चलते एक आठ साल की मासूम बच्ची की मौत होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों ने मांग की है कि दोषी चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी बच्चे को इनकी लापरवाही की

■ **दोषी चिकित्सकों और स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की**

वजह से अपनी जान गवानी ना पड़े।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर क्षेत्र में रहने वाली आठ साल की अर्पिता पिता सांवरमल बलाई को बुखार के शिकायत के चलते निजी हॉस्पिटल में कल देर रात को करीब 10:30 बजे भर्ती करवाया गया था। परिजनों का आरोप है उसे एक इंजेक्शन लगाया गया जिसके चलते उसकी हालत और बिगड़ने लगी। कई बार डॉक्टर को बुलाए जाने की परिजनों ने मांग की, लेकिन अस्पताल स्टाफ ने इस और ध्यान नहीं दिया। अलसवेरे करीब छह बजे अस्पताल स्टाफ ने बच्ची की हालत गंभीर होने की बात कहते हुए उदयपुर ले जाने की सलाह दी। परिजन बच्ची को लेकर उदयपुर के लिए रवाना होने ही वाले थे, इस दौरान हॉस्पिटल में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव के साथ हॉस्पिटल में प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया।

# रेलवे मे नौकरी का झांसा देकर तीन लाख रुपए हड़पे

## पीड़ित ने सिद्धमुख थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

**सादुलपुर,** (निसं)। रेलवे में सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर तीन लाख रुपए हड़पने के आरोप में सिद्धमुख थाना पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी रामकृष्ण सिद्धू ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक से प्राप्त परिवाद के अनुसार कर्मवीर जाट (22) निवासी गांव भटोड ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि गांव के शीशपाल जाट तथा जोगेंद्र जाट पिता-पुत्र हैं जिनके साथ उनकी अच्छी उठ-बैठक रही है। 4 जुलाई 2022 को दोनों पिता-पुत्र उनके घर आए और कहने लगे कि आप ऐसे ही बेरोजगार घूम रहे हो। हम आपको रेलवे ग्रुप डी में नौकरी लगवा देते हैं। रेलवे अधिकारियों से अच्छी सेटिंग है, जिस पर उसने तथा उसके पिता ने उनसे पूछा कि इसके लिए हमें क्या करना होगा तब दोनों ने कहा कि आपको अपनी शैक्षणिक दस्तावेज और तीन लाख रुपए देने होंगे। बातचीत के बाद तथा गांव के होने के कारण पिता-पुत्र पर विश्वास कर लिया। झांसे में आकर गांव के प्रमुख लोगों तथा अपने पिता और भाई सोमवीर की मौजूदगी में उसने एक लाख रुपए दे दिए। उसके बाद शीशपाल जाट व जोगेंद्र ने कहा कि बाकी दो लाख रुपये और दो तब आपका काम हो जाएगा एवं आपकी नौकरी के लिए प्रक्रिया शुरू कर देंगे। जिसके बाद पहाड़सर गांव से मूंग की बिक्री के दो लाख रुपए और लाकर घर आए तो शीशपाल ने कहा कि यह रुपए सादुलपुर में एक होटल पर उसका पुत्र जोगेंद्र तथा गांव बुंगी निवासी कैलाश बैठा है उसको पहुंचा दो। जिस पर दो लाख रुपए उसका भाई प्रमुख लोगों के साथ होटल पहुँचकर कैलाश ओर जोगेंद्र को दो लाख रुपए ओर दे दिए।

दर्ज मामले में बताया कि समय बीतने के बाद नौकरी नहीं मिली तो दोनों आरोपियों से पैसे की मांग की तो दोनों ने आजकल का कहकर बात डालते रहे। 8 जून 2024 को गांव में पंचायत की तो दोनों आरोपियों ने कहा कि नौकरी नहीं लगी है तो पैसे वापस लौटा देंगे और कहा कि कैलाश बुंगी ने उनको 8 लाख 34 हजार रुपए की स्टांप पर लिखा पढ़ी करके दे रखी है तथा दो दिन का और समय दे दो। दो दिन बाद कैलाश रुपए देने के लिए कह रहा है फिर दो-तीन दिन बाद पैसे मांगे तो आरोपी पिता-पुत्र शीशपाल जोगेन्द्र ने पैसे देने से इंकार कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भामाशाहों का सम्मान किया

**जोधपुर,** (कासं)।अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, ट्रस्ट, जोधपुर की साधारण सभा (आम सभा) आज राम मौहल्ला स्थित भाटी मेमोरियल हॉल में आयोजित की गई। जिसमें संस्थान के पंचवर्षिय चुनाव के लिए राजेन्द्र भाटी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही वर्ष 2024-2025 के बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए ।जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा में 40 भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। महामंत्री किशोरसिंह सांखला ने बताया कि साधारण सभा के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत व माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील पहिहार थे। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार ने की। जबकि माली संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार, सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाह व पर्यावरण पे्रमी सुभाष गहलोत विशिष्ट अतिथि थे।

# लापता युवक का सड़ा-गला शव मिला

## युवक अपने दोस्त के साथ 24 अगस्त को घर से निकला था, जो वापस नहीं आया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा के कोटड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़ा-गला शव मिला। मामले में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त मजिस्ट्रेट कॉलोनी निवासी 24 अगस्त से लापता एक युवक के रूप में की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम कोटड़ी थाना क्षेत्र के हरपुरा गांव में बरसाती पानी के किनारे एक युवक की सड़ी-गली लाश मिली थी। कोटड़ी पुलिस ने पहले कोटड़ी उसके बाद जिला मुख्यालय स्थित एमजी हॉस्पिटल में मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस के शव एमजी मोर्चरी भिजवा दिया। इस दौरान मजिस्ट्रेट कॉलोनी निवासी शाहनाज बानू ने मृतक को पहचान अपने देवर हैदर अली पिता मोहम्मद मुकीम (35) के रूप में की है। परिजनों का दावा था कि मृतक के हाथ में पहनी राखी और उसके शरीर पर चोट के पुराने निशान वही हैं जो हैदर के थे। हैदर अपने एक दोस्त रमजान मंसूरी के साथ 24 अगस्त को जाने की बात कहके घर से निकला था जो लौटकर नहीं आया।

परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस दौरान कोटड़ी क्षेत्र में लाश मिलने की सूचना पर शिनाख्त के लिए पहुंचे परिजनों ने मृतक के हैदर ही होने की बात कही लेकिन कन्फर्म पुष्टि नहीं की ऐसे में पुलिस डीएनए टेस्ट की आशंका जता रही है। उसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा के मृतक युवक कौन है और उसके साथ हादसा हुआ है या हत्या।

# खेल को खेल की भावना से खेले : कैबिनेट मंत्री

**पाली।** कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिये उसमें हार जीत का ज्यादा महत्व नही है। मूल भाव है खेलना और उससे सिखना वे आज रविवार को जिले के सुमेरपुर उपखंड के नेतरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण 68वीं पाली जिला स्तरीय कराटे एवं ताइक्वांडो 17/19 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ विधिवत्त उद्घाटन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण रहकर खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया, साथ ही विद्यालय में (टीन करवाने के 5 लाख की राशि विधायक कोटे से जारी एवं विद्यालय के 10 कक्षा-कक्षों की छत पर टुकडी करवाने की घोषणा की। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राहुल कुमार राजपुरोहित मौजूद रहे। उन्होने खिलाड़ियों को हार-जीत को ज्यादा तवजों न देकर जीवन में आगे बढ़ने का मंत्र दिया। इस अवसर पर सीबीईओ-सुमेरपुर धन्नाराम सोलंकी प्रतियोगिता पर्यवेक्षक जीवाराम कुमावत।

इस खेलकूद प्रतियोगिता ताइक्वांडों में 17 विद्यालयों के 113 छात्र/छात्रा व कराटे में 21 विद्यालयों के 121 छात्र/छात्रा भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर भामाशाह नरसिंह , बिशन सिंह, चतुर्भुज सिंह, महेन्द्र शर्मा, जोगाराम रोहिन, मगाराम (शाखा डाकपाल), व विद्यालय को आर.ओ. गुलाबसिंह राजपुरोहित (पूर्व विधायक) ने भेट किया गया। कार्यक्रम में समस्त खिलाडी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 23 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने बंधे का बालाजी मंदिर के पीछे स्थित एक बंद पड़े मकान में दबिश देकर 23 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए हैं। कोतवाली थाने के एसआई रामनिवास ने बताया कि डीएसटी के जरिए उन्हें सूचना मिली थी कि बंधे का बालाजी मंदिर के पीछे स्थित आजम नगर में एक मकान में अवैध शराब रखी होने की सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने टीम के साथ दबिश दी तो मकान बंद मिला। मकान के अंदर बने दो कमरों में से एक कमरे में 23 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब मिली। जिसे जब्त कर लिया गया है। वहीं मौके पर एक बिजली का बिल मिला है। जो संभवतया मकान मालिक का है।

# खारी नदी में आए जल प्रवाह को देखने उमड़ा जन सैलाब

**बिजयनगर,** (निसं.)। पूरे प्रदेश में हुई अच्छी बारिश के चलते एक दशक बाद बिजयनगर में खारी नदी में तेज वेग साथ आए जल प्रवाह को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पडा। शुक्रवार रात्रि को खारी नदी में लंबे समय के अंतराल के बाद आए जल प्रवाह पर शहर के लोगों ने खुशी जताई।

शनिवार प्रातः काल से ही सैकड़ों की संख्या में शहर की मातृशक्ति खारी नदी तट पहुंची। खारी नदी के जल के प्रवाह में लोगों ने चुनरी ओढाकर, नारियल प्रवाह कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रशासन द्वारा खारी नदी तट पर नागरिकों की सुरक्षा के लिए बैरिकेट्स लगाते हुए पुलिसकर्मी तैनात किए। शनिवार सुबह से शाम तक जन सैलाब खारी नदी में आए जल के प्रवाह को देखने और अपने परिवार के साथ पंहुचे महिलाओं, युवा एवं बच्चों में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड अपने समर्थकों के साथ खारी नदी पर पहुंचे। पंडित भरत शर्मा ने विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण करते हुए जीवनदायिनी मां गंगा एवं खारी नदी के जल की पूजा अर्चना करते हुए सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, पूर्व भाजपा जिला मंत्री मिठू लाल रांका, पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीश ओझा, भाजयुमो जिला आई टी संयोजक ज्ञानचन्द प्रजापत, युवा भाजपा नेता सुरेश रामचन्दाणी (बन्टी), एडवोकेट दिनेश कुमार रांका, प्रेमचन्द गर्ग, गोपाल बंगाली, सूर्यभान सिंह राठौड़, शांति लाल बुरड़, कांता बुरड़, सुमन सिंह राठौड़, विश्वनाथ पारासर, मुकेश शर्मा, समीर गहलोत, गोविन्द राम बैरवा, वीरम धानका, शन्तिलाल वैष्णव , युवराज सिंह नरुका, गोविन्द लाल मदन लाल, गोपाल सिंह, अमर सिंह सांवर लाल माली, युवराज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक खारी नदी के जल प्रवाह को देखने और स्वागत के लिए पहुंचे।

## "वन टीच वन" अभियान से जिले को सम्पूर्ण साक्षर बनाना है'

**चूरू,** (निसं)। 58 वें अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला साक्षरता एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनर कल्याण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राठौड ने कहा कि असाक्षता के अभिषाप को मिटाने के लिए हम-सब को मिलकर स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में घर, परिवार, पड़ौस और मौहल्ले के असाक्षरों को साक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि अब साक्षरता के मायने बदल गये हैं। यह केवल पढ़ना, लिखना और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। साक्षरता का तात्पर्य महत्वपूर्ण जीवन कौशल यथा- वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल, जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, आपदा प्रबन्धन, सड़क यातायात दुर्घटना प्रबन्धन आदि इसमें सम्मिलित है। अतः हम सब मिलकर नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 'वन टीच वन' के उद्देश्य से काम करें।

विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि सम्पूर्ण जिले के जागरूक नागरिक साक्षरता अभियान से जुड़कर जिले को साक्षर बनाने में एकजुट होकर काम कर रहे हैं। कार्यवाहक जिला कलेक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने साक्षरता संकल्प और साक्षरता शपथ को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर निरक्षरता के अभिषाप को मिटाने के लिए उपस्थित जनों से आव्हान किया। इस अवसर पर साक्षरता में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कोहिणा के प्रधानाचार्य विश्वनाथ भाटी, बागला स्कूल चूरू के महेश सोनी, बैरासर बीदासर के सुभाषचन्द्र, लसेड़ी की सुमन पूनिया, गुडावड़ी के नरोतम सिंह, जोड़ी के प्राध्यापक रामप्रसाद तंवर, ब्लॉक समन्वयक मनीराम, मुकेश जांगिड़, विद्यालय सहायक विनोद कुमार नायक, जिला कारागृह के प्रहरी नरोतमसिंह राठौड़, मनीष कुमार, विनीता गोस्वामी को ब्लॉक स्तर पर प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया।

# 'खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए'

## 68वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन

**चूरू,** (निसं)। बास ढ़ाकान स्थित शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 68वीं जिला-स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को समारोह पूर्वक किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चूरू पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़ थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन रणजीत सिंह ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ गोविन्द सिंह राठौड थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व ध्वजारोहण कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राहड़ ने खिलाड़ियों को खेल-प्रेम की भावना से खेलने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मा. शिक्षा गोविंद सिंह राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ी देश का भविष्य हैं।

खेलों से बालकों का सर्वांगीण विकास होता है। शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के संचालक व राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी रिटायर्ड इंस्पेक्टर देवेंद्र चौधरी ने कहा कि शेखावाटी में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 से 19 वर्ष के छात्र-छात्रायें भाग ले रहे हैं। वनस्थली निवाई में रिसर्च एसोसिएट नीलम लांबा ने कहा कि बास ढ़ाकान की सतगुरु खेल प्रशिक्षण संस्थान में कुश्ती का खेल मैदान राष्ट्रीय स्तर का है। संस्था निदेशक मुख्त्यार चौधरी ने कहा कि प्रतियोगिता का समापन आगामी 12 सितंबर को होगा।

## ट्रेन की चपेट से महिला की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। हिसार की ओर जाने वाली रेलवे लाइन पर स्थित झुम्पा रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हरियाणा सीमा पर स्थित झुंपा के निकट बुजुर्ग महिला एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। घटना के समय महिला रेलवे लाइन पर रही थी तथा स्टेशन मास्टर ने महिला को रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन महिला हादसे का शिकार हो गई। महिला का चेहरा और शरीर क्षत-विक्षत हो गया तथा पहचान की कोई चीज नहीं मिली है। बताया गया है कि गोरे रंग की यह महिला करीबन 65-70 साल की लगती है, जिसने सलवार-कुर्ता पहन रखा है। जीआरपी ने महिला के शव को राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ की मोर्चरी रूम में डी फ्रिज में रख दिया गया है तथा शिनाख्त का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि संबंधित जीआरपी पुलिस थाना को भी सूचना दी गई है तथा शिनाख्त कार्रवाई के बाद ही महिला का पोस्टमार्टम करवाने की कार्रवाई करेंगे।

# ड्राइवर को झांसा देकर कार से बैग उड़ाया

## बैग में 21 हजार नकद व कागजात थे, पीड़ित महिला ने मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर,** (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में दो शातिर युवक कार ड्राइवर को झांसा देकर कार में रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 21 हजार नकद सहित जरूरी कागजात रखे थे। पीड़ित महिला अपने ड्राइवर के साथ बाजार सामान खरीदारी करने आई थी, इसी बीच वारदात अंजाम दी गई। पीड़ित महिला ने कोतवाली थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि वैशाली नगर निवासी उर्मिला शर्मा ने लिखित शिकायत देते हुए दो शातिर युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता शर्मा ने बताया कि वे कार से अपने ड्राइवर भवानीसिंह के साथ दोपहर करीब दो बजे कचहरी रोड स्थित साड़ी की दुकान पर खरीदारी करने के लिए आई।

उर्मिला शर्मा दुकान में चली गई और इस दौरान ड्राइवर के पास दो लडके आए और कहा कि मेडम के 120 रुपए गिर गए हैं। इसके बाद ड्राइवर उर्मिला के पास गया तो उर्मिला ने अपने पैसे होने से इनकार कर दिया। जब ड्राइवर वापस कार के पास आया तो पता चला कि दोनों लड़के बैग लेकर फरार हो गए। बैग में एक चेक बुक व 21 हजार नकदी सहित अन्य कागजात रखे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेट खंगालना शुरू कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

## सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा सादुलपुर मंडल की सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त बैठक भारतीय जनता युवा मोर्चा चूरू जिला अध्यक्ष गोपाल बालान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदस्यता अभियान चूरू जिला सह संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझड़्या, सदस्यता अभियान जिला निगरानी समिति के सदस्य नाथूराम घणाऊ एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा सदस्यता अभियान सादुलपुर मंडल संयोजक राकेश जांगिड, मनोज पुजारी, बलबीर जागीड्, जुगल किशोर रोहीवाल, सुमन मोहनपुरिया, नरेंद्र, खेमाराम प्रजापत, हनुमान सिंह, सुरेश जागीड, राजकुमार, शंकर, दीपक एवं अन्य युवा साथी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बृहद सदस्यता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर बल दिया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के मिस कॉल नंबर 88 00 00 2024 पर कॉल करवा कर सदस्य बनाया।

# अजमेर शहर में लगातार हो रही बरसात से बाढ़ जैसे हालात, आर्मी की टुकड़ी को बुलाया

## भारी बारिश और फॉयसागर झील की पाल में आई दरारों को ध्यान में रखते हुए एह्तियातन एसडीआरएफ के बाद आर्मी की टुकड़ी को बुलाया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर में लगातार हो रही बरसात के चलते फॉयसागर और आनासागर के बढ़ते जलस्तर से आसपास बसी कॉलोनियों में जलभराव होने से बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। शनिवार को भी अजमेर में कई जगह पर कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात हुई। बरसात से घरों भरे पानी ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। शहर की नीचली बस्तियों के साथ आवागमन के कईं प्रमुख रास्तों पर पानी भरा है। आनासागर के पुरानी चौपाटी व पुष्कर रोड मुख्य मार्ग पर पानी का भराव है, ऐसे में आवागमन मुश्किल हो गया है। पुलिस व प्रशासन ने मोर्चा संभाल रखा है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ व बाढ़ बचाव टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रमुख सडकों पर जलभराव है और इससे बचने के लिए भारी यातायात से गलियों में जाम लगा है। आनासागर झील व फायसागर झील से पानी की निकासी जारी है।

**जलभराव क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया दौरा :-** नवनियुक्त जिला कलेक्टर लोक बंधु ने रविवार सुबह अधिकारियों के साथ जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अजमेर के मुख्य पुष्कर रोड पर भरे पानी का भी जायजा लिया। उन्होंने आगामी मानसून की स्थिति को देखते हुए रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त देशल दान, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ व सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं अजमेर में लगातार भारी बारिश और फॉयसागर झील की पाल में आई दरारें और जर्जर अवस्था को ध्यान में रखते हुए एतियातन एसडीआरएफ के बाद आर्मी की टुकड़ी को भी बुलाया गया है। अजमेर एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अजमेर में लगातार बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है और लगातार हो रही भारी बारिश के बीच फॉयसागर झील और आनासागर झील के साथ ही कई जलाशय ओवरफ्लो है। बांडी नदी भी अपने उफान पर है और इसके कारण शहर में कई कॉलोनियां जलमग्न है ऐसी स्थिति में अजमेर में 9 सितंबर को भी बच्चों की छुट्टी भी घोषित की गई है।

- फॉयसागर और आनासागर के बढ़ते जलस्तर से आसपास बसी कॉलोनियों में जलभराव होने से बाढ़ के हालात हुये
- अजमेर शहर में कई कॉलोनियां जलमग्न है, ऐसी स्थिति में प्रशासन ने अजमेर में नौ सितंबर को भी बच्चों की छुट्टी भी घोषित की
- भारी बारिश के बीच फॉयसागर झील और आनासागर झील के साथ ही कई जलाशय ओवरफ्लो है

अजमेर एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार रात फॉयसागर झील के बहाव क्षेत्र स्थित पाल के जर्जर होने की सूचना मिली थी और रात को ही एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की मदद से बजरी सीमेंट के कट्टे डलवाए गए हैं और वहां की स्थिति का जायजा लिया गया। लगातार बारिश होने के कारण पानी भी शहर की तरफ खतरा बनकर बढ़ रहा है। ऐसे में इसे लेकर कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। बारिश के पानी से नुकसान ना हो इसे लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। आर्मी के मेजर राजेश यादव के नेतृत्व में एक टुकड़ी अजमेर हालातों का जायजा लेने के लिए बुलाई गई है और इन्हें संपूर्ण जलभराव और जलमग्न कॉलोनियों की जानकारी दी गई है। जिससे कि वह हालत बिगड़ने पर अपना अभियान चलाया जा सके।

**इन क्षेत्रों में अभी भी जलभराव :-** आनासागर झील ओवरफ्लो है और लगातार पानी की निकासी की जा रही है। इसके अलावा फायसागर झील भी ओवरफ्लो चल रही है। आनासागर की पुरानी चौपाटी पर सडक़ तक पानी पहुंच गया है और वाहनों का यहां से निकलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में गलियों से लोग गुजर रहे हैं।

नीचली बस्तियों में अभी भी पानी भरा हुआ है, इस पानी की निकासी के लिए पम्प सेट लगाए है। अजमेर के जेएलएन मेडिकल कॉलेज परिसर में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परिसर में पानी भरा है। आनासागर से सटे ऋषि उद्यान में पानी भर गया है, यहां बनी गौशाला में भी पानी भरा है और गायों को बाहर निकाला गया है।

अजमेर के आम का तालाब क्षेत्र में गलियों में पानी भरा पड़ा है। इस पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण भरे पानी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मेडिकल टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जरूरत पड़ने पर मेडिकल टीमें घर-घर जाकर दवा का वितरण करेंगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि जल भराव की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और इसे जल्द से जल्द सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे।

# कठूमर में साढ़े चार इंच बारिश, रैणी में मकान गिरा

## भारी बारिश से मानसरोवर बांध में छह इंच की चादर चल रही है

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर सहित जिलेभर में लगातार रिमझिम बारिश होने से रैणी कस्बे के बोहरा मोहल्ले में रविवार तड़के करीब चार बजे मकान गिर गया। एक घर की दीवार दूसरे घर पर गिर गई, जिससे दूसरे घर में भी दरारें आ गई। अंदर सो रही 14 साल की बालिका घायल हो गई।

वहीं राजगढ़ के मानसरोवर बांध में पिछले 24 घंटे से लगातार छह इंच की चादर चल रही है। वहीं सिलीसेढ़ बांध में रविवार सुबह दो इंच की चादर चल रही है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक कठूमर में 113 मिमी (साढ़े चार इंच) बारिश दर्ज की गई। वहीं बहरोड में भी जोरदार बारिश से खेतों में पानी भर गया। अलवर जिले में पिछले 24 घंटे में अलवर में 27 मिमी, रामगढ़ 17, लक्ष्मणगढ़ 38, कठूमर में 113, मालाखेड़ा में 67, राजगढ़ में 37, बहादरपुर में 40, थानागाजी में 27, गोविंदगढ़ में 62, मुंडावर में 76, तिजारा में 60, किशनगढ बास में 38, टपूकडा में 9, कोटकासिम में 40, बहरोड में 88, बानसूर में 25, नीमराणा में 56, जयसमंद में 18, मंगलसर में 38, सोडावास में 24, सिलीसेढ में 20 मिमी बारिश हुई है।

# तेज बहाव में बहे दो में से एक युवक का शव मिला

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा में बारिश ने अपना कहर बरपा रखा है। पानी के तेज बहाव में बहे दो में से एक युवक का शव रविवार को तीसरे दिन घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर मिला।

पंडेर थाना पुलिस ने बताया कि लसाडिया निवासी दिलीप (30) पुत्र सुखा भील शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कृषि कार्य के लिए मीणों की कोटड़ी क्षेत्र स्थित खेत पर जा रहा था। मीणों की कोटड़ी के निकट पुलिया पर वह पानी के तेज बहाव में बह गया। इसकी सूचना मिलने पर पंडेर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दिलीप की तलाश में जुट गई। तीसरे दिन रविवार सुबह करीब 11 बजे पानी में बहे दिलीप का शव पुलिया से दो किलोमीटर दूर देवपुरी इलाके में मिल गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा दिया।

# कांग्रेस नेता की चलती कार में आग लगी

## लोगों ने चेताया तो गाड़ी से कूदकर बचाई जान, मंदिर जाने को निकले थे

**बीकानेर,** (निसं)। कांग्रेस नेता संजय आचार्य की कार में देर रात जस्सूसर गेट पर आग लग गई। चलती कार में जब कार लगी तब खुद आचार्य कार चला रहे थे, लेकिन लोगों ने इशारा करके उन्हें रोक दिया।

गनीमत रही कि समय रहते वो खुद बाहर आ गए। शहर कांग्रेस के महासचिव और गांधी दर्शन के संभाग संयोजक रहे आचार्य जस्सूसर गेट पर ओवरब्रिज से उतरकर मुरलीधर व्यास नगर की ओर जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों ने कार के आगे आकर रुकने के लिए कहा। पहले तो आचार्य समझे नहीं लेकिन बाद में कार रोकने पर पता चला कि आग लग गई।

जैसे ही आचार्य कार से बाहर निकले, आग टायर तक जा पहुंची, जिससे बड़ा विस्फोट भी हुआ। गनीमत रही कि तब तक कार रुक चुकी थी, अन्यथा असंतुलित होने से हादसा भी हो सकता था। आचार्य ने बताया कि उनके बाहर निकलने से कुछ सैकंड्स के बाद ही कार में धमाका हो गया। आग आगे के हिस्से तक सीमित रही। मौके पर लोगों ने पानी डालकर आग को बुझा दिया। अभी कुछ दिन पहले ही आचार्य ने अपनी कार की जयपुर से रिपेयरिंग करवाई थी। रात कार में अंदर ही कहीं शार्ट सर्किट हुआ, जिससे कार के बोनट में आग लगी। हादसे के बाद जस्सूसर गेट पर अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र हो गए।

- हादसे के बाद जस्सूसर गेट पर अफरातफरी मच गई, बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्र हो गए

# उदयपुर में आदिवासी समाज ने भरी हुंकार, ''हम हिंदू हैं, न कटेंगे-न बंटेंगे''

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर का दौरा किया, कार्यकर्ताओं ने राठौड़ का स्वागत किया

**जयपुर/उदयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचे और मैराथन बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में जोश, उत्साह और नव संचार का संचालन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की, तो वहीं दूसरी ओर भगवान बिरसा मुंडा जनजाति गौरव कार्यशाला में विशाल जनसमूह को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सुखाडिया विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है। भाजपा कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक स्थानों जैसे मंदिर, गुरूद्वारा, स्कूल-कॉलेज सहित बड़े प्रतिष्ठानों में जाकर भाजपा की सदस्यता अभियान के प्रति लोगों को जानकारी देनी है और भाजपा की रीति-नीति बताते हुए सदस्यता दिलवानी है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, नेता और पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक संगठनों से संपर्क कर भाजपा की विचारधारा वाले लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जनकल्याणकारी कार्यों से भी आमजन को अवगत करवाए। भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व में सांसद, विधायक, महापौर, उप महापौर, पार्षद, प्रधान, उपप्रधान सहित सभी जनप्रतिनिधिगण अपने क्षेत्रों में जाकर अभियान को गति प्रदान करें।

**धर्मांतरण के खिलाफ एकजुट हुआ जनजाति समाज :-** आदिवासी गौरव समिति की ओर से रविवार को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव कार्यशाला के जरिए जनजाति समाज ने अपनी संस्कृति व अधिकारों पर हमला करने वालों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजा दिया। इस कार्यशाला में मेवाड़ वागड़ क्षेत्र के जनजाति समाज के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, संत समाज, सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, युवा, विद्यार्थी व महिला वर्ग की प्रभावी उपस्थिति रही। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि क्षेत्र में जो समाज विरोधी ताकतें उठ खड़ी हुई है। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। यदि आज चुप बैठे रहे तो इसकी आंच आपके घरों तक भी आएगी। छोटी-मोटी घटनाओं को समझें। कार्यशाला में सभी ने एक स्वर में कहा कि हम हिंदू हैं, न कटेंगे और नहीं बंटेंगे। राठौड़ ने कहा कि आदिवासी समाज को भी अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए अंठोजों की फूट डालो राज करो की नीति पर चलने वाले राजनैतिक दलों व उनके नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सांसद मन्नालाल रावत, पूर्व सांसद महेंद्र जीत सिंह मालविया ने भी संबोधित किया। प्रदेश के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सावधानी हटी, दुर्घटना घटी विषय पर बोलते हुए कहा कि क्षेत्र में अंग्रेजों की नीति थी कि इधर मरे या उधर मरे, भारतीय ही मरे। उसी नीति को आगे बढ़ाने वाली बाप पार्टी के नेता भी आदिवासियों को ही मारने का काम कर रहे हैं।

- भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व में सांसद, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकर्ता अभियान को गति प्रदान करें : मदन राठौड़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का उदयपुर उदयपुर पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी मैन द्वार पर भव्य स्वागत किया गया। रविवार सुबह प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल के साथ यूनिवर्सिटी रोड पहुंचे वहां उपस्थित उदयपुर जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी, आकाश बागरेचा, ओम प्रकाश चित्तौड़ा, सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी। राठौड़ पूर्व सांसद मीणा के निवास स्थान पर पहुंचे और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं राठौड़ पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत के निवास पर भी पहुंचे। इस दौरान राठौड़ ने युधिष्ठिर कुमावत की पत्नी सुंदर देवी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष पंकज बोराणा के पिताजी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र बोराणा के निधन पर उनके निवास पर भी पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना प्रदान की।

भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भीलवाड़ा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, उप महापौर पारस सिंघवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, देहात जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह असोलिया, शहर जिला सदस्यता अभियान संयोजक करण सिंह शक्तावत सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जंगल में लकड़ियां बीनने गई महिला पर तेंदुए ने हमला किया

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र किरट गांव के जंगल में लकड़ियां बीनने गई तीन महिलाओं पर तंदुए ने हमला कर दिया। जिसमें दो महिलाओ ने भाग कर अपनी जान बचाई। जबकि तीसरी महिला को तंदुआ दबोच कर जंगल में ले गया। तलाश में महिला का सिर व धड़ अलग-अलग हालत में मिला। घटनाए ग्रस्साए ग्रामीणों ने उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे जाम कर 51 लाख रूपये मुआवजा व तेंदुए को गोली से मारने की मांग की।

- महिला का जंगल में सिर व धड़ अलग-अलग हालत में मिला, ग्रामीणों ने हाइवे जाम किया

झाड़ोल थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि रविवार सवेरे आठ बजे मीराबाई (40) दो महिलाओं के साथ पहाड़ी पर लकडियां बीनने गई थी। जहां पर मौका देखकर तेंदुए ने हमला कर दिया। साथी दो महिलाओं ने चिल्ला कर उसे भगाने की कोशिश लेकिन तेंदुआ मीरबाई को दबोच कर जंगल की तरफ ले गया। तलाशी के दौरान महिला का शव पहाड़ी के दूसरी ओर जंगल में पड़ा मिला। जिसका सिर धड़ से अलग पड़ा था। इधर घटना की सूचना मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर झाड़ोल सहित आस पास के थानों का जाप्ता मौके पर पहुंचा। जहां सांय चार बजे प्रशासन की समझाइश पर ग्रामीणों व परिजनों से दस लाख के मुआवजे व वन विभाग की नर्सरी में परिवार के दो परिजनों को मजदूरी पर रखने की सहमति बनने पर मामला शांत हुआ। करीब छह घंटे बाद हाइवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। वन विभाग की टीम ने ड्रोन उड़ाकर तेंदुए को तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद झाड़ोल एसडीएम मणीलाल, पुलिस उप अधीक्षक महावरीसिंह शेखावत, डीएफओं मुकेश सेनी ने समझाइश कराई।

# पशुपालन विभाग के जिला उपनिदेशक रणजीत महरानियां एपीओ

**पाटन,** (निसं)। पशुपालन विभाग ने जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी हाल उपनिदेशक डॉ. रणजीत महरानियां को एपीओ कर दिया है। विभाग ने महारानियां को मुख्यालय निदेशालय पशुपालन विभाग जयपुर लगाया है। जानकारी के अनुसार डॉ. महरानियां को पाटन से हटाकर भेड़पालन फतेहपुर लगाया गया था, उसके बाद महरानियां ने स्थानांतरण पर स्थगन आदेश करवाकर जिला कार्यालय नीमकाथाना में उपनिदेशक पद पर 22 मई 2024 को पद ग्रहण लिया था। इसके बाद से लगातार कार्य कर रहे थे।

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक द्वारा हरा पेड़ कटवाने पर कार्रवाई को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। 6 जून को पशुपालन विभाग व पशु चिकित्सालय परिसर में विशालकाय हरा अलडू का पेड़ गत 10 वर्षों से खड़ा था, जिस पर बड़ी संख्या में पक्षी विचरण करते थे, लेकिन हाल ही में अपने पद स्थानांतरण पर कोर्ट स्टे लेकर पशुपालन विभाग कार्यालय नीमकाथाना में उपनिदेशक डॉ. रणजीत मेहरानियां ने बिना किसी वृक्षपातन प्रस्ताव के रातों रात विशालकाय हरे अलडू के पेड़ को अज्ञात लोगों के साथ मिलीभगत कर आधुनिक आरी से कटवा दिया। विभाग के उपनिदेशक डॉ. रणजीत मेहरानियां ने बिना किसी नीलामी सूचना के पेड़ को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट कर लकड़ियों के रूप में आराधारकों को उच्च मूल्यों पर बेच दिया। दोषी कर्मचारियों पर बिना अनुमति पेड़ काटने, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने, अज्ञात लोगों से मिलीभगत कर पेड़ काटने, बिना नीलामी सूचना के काटे हुए पेड़ की लकड़ियों का बेचान करने के मामले में जांच कर कार्रवाई करने को लेकर मांग की थी।

जानकारी के मुताबिक हरे पेड़ की कटाई की शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, वनमंत्री आदि को अवगत करवाया गया था, जिस पर एसडीएम राजवीर यादव ने तहसीलदार को जांच के आदेश दिए थे। पटवारी हल्का नीमकाथाना जगदीश प्रसाद ने मौका फर्द रिपोर्ट पेश की थी। खंड पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक ने संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग सीकर जिला उपनिदेशक नीमकाथाना व एसडीएम को लिखित पत्र देकर अवगत करवाया जिसमें बताया कि उपनिदेशक डॉ. महरानियां ने बिना किसी अनुमति से स्वयं ने हरे पेड़ की कटाई करवाई हैं। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को मुकदमा दर्ज करवाने को निर्देशित किया। उसके बाद तहसीलदार द्वारा 30 अगस्त को कोतवाली थानाधिकारी को हरे पेड़ काटने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का पत्र जारी किया।

# जोधपुर में लेपर्ड के सिर समेत करोड़ों के हाथी-दांत के प्रोडक्ट पकड़े

## दिल्ली से आई वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने जोधपुर में रेड डाली, हैंडीक्राफ्ट कारोबारी भुवनेश कंसारा व उषा अब्बानी को डिटेन किया

**जोधपुर,** (कासं)। दिल्ली से आई वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने राजस्थान के जोधपुर में रेड डालकर लेपर्ड के सिर समेत करोड़ों के हाथी-दांत का सामान पकड़ा। यह कार्रवाई शनिवार को की गई है। टीम ने जोधपुर के सांगरिया इलाके में एक फैक्ट्री समेत कई ठिकानों पर रेड मारकर सामान जब्त किया। जोधपुर वन विभाग की टीम भी कार्रवाई में शामिल रही।

- टीम ने अलग-अलग जगह दबिश देकर करीब 250 आइटम बरामद किये, इनकी कीमत 70 लाख से 1 करोड़ रुपए हो सकती है!
- आरोपियों के पास से लेपर्ड का सिर, सांभर की खाल, हाथी दांत की चूड़ियां, गहने रखने का बॉक्स, पेन स्टैंड, पीकदान, सिंदूर की डिब्बी व अन्य आइटम बरामद किया है, हाथी दांत की सात मूर्तियां भी मिली है

जोधपुर मंडल के डीएफओ मोहित गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को दो दिन में टीम ने अलग-अलग जगह दबिश देकर करीब 250 आइटम बरामद किए हैं। इनकी कीमत 70 लाख से 1 करोड़ रुपए हो सकती है। कार्रवाई में जोधपुर हैंडीक्राफ्ट कारोबारी भुवनेश कंसारा के साथ उषा अब्बानी को डिटेन किया है। जानकारी के अनुसार पूछताछ में दोनों ने कबूल किया है कि हाथी दांत के प्रोडक्ट ओरिजनल हैं और लेपर्ड का सिर भी असली है। आरोपियों के पास से लेपर्ड का सिर, सांभर की खाल, हाथी दांत की चूड़ियां, गहने रखने का बॉक्स, पेन स्टैंड, पीकदान, सिंदूर की डिब्बी व अन्य आइटम बरामद किया है। हाथी दांत की सात मूर्तियां भी मिली है। विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेड शुरू की थी। रविवार को भी टीम तस्करी की चेन के अंतिम स्तर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वन्यजीव से संबंधित प्रोडक्ट की खरीद-फरोख्त वन अधिनियम में प्रतिबंधित है। यह नेटवर्क काफी बड़ा है। यह चीजें कहां से आ रही हैं। कौन-कौन इसमें शामिल है, बाजार में यह चीजें कैसे आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, इसको लेकर टीम जांच कर रही है। कई सुराग मिले हैं। इस मामले में बड़े गिरोह का खुलासा होने की संभावना है। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, दिल्ली के उपनिदेशक माधविनन व डीएफओ मोहित गुप्ता के नेतृत्व में 30 लोगों की टीम जोधपुर में कार्रवाई की। रविवार को भी टीम जोधपुर में ही है। बताया जा रहा है कि टीम के निशाने पर 10 से ज्यादा कारोबारी हैं जो वन्यजीवों से जुड़े उत्पाद की खरीद-फरोख्त करते हैं।

कार्रवाई के बाद जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट व्यवसाइयों, एंटीक आइटम व एंटीक ज्वेलरी रखने वाले कारोबारियों में हड़कंप है। कई कारोबारी टीम के रडार पर आ गए हैं। हाथी दांत के प्रोडक्ट और वन्यजीवों के सींग, नाखून, खाल और हड्डियों की सप्लाई का जोधपुर राजस्थान का सबसे बड़ा सेंटर है। जोधपुर में हाथी दांत से बनी चूड़ियां आसानी से मिल रही हैं। चार चूड़ियों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। ब्लैक मार्केट में लेपर्ड का सिर 4 से 5 लाख में बिकता है। जांच में यह भी सामने आया है कि हाथी दांत को जानवर की हड्डी बताकर ब्लैक कारोबार किया जा रहा है। यहां तक कि हड्डी बताकर दूसरे देशों में ऑन डिमांड ट्रांसपोर्ट भी किया जा रहा है। इससे हाथी, लेपर्ड और हिरण के शिकार व तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है।

टीम को लेपर्ड का सिर, हाथी दांत से बनी कटार हत्था, मूर्तियां, बॉक्स व अन्य आइटम मिले। टीम को वन्यजीव शिकार व तस्करी को लेकर बड़े गिरोह की लीड मिली है। ऐसे में टीम जोधपुर में लेपर्ड की खाल, नाखून, अंग, हाथी दांत से जुड़े आइटम मिलने के बाद वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत इसे तस्करी से जोड़कर जांच कर रही है। टीम की कार्रवाई में लेपर्ड का सिर मिला। अरावली क्षेत्र में लेपर्ड बहुतायत में मिलते हैं। लेपर्ड के शिकार के मामले में सामने आ रहे हैं। ब्लैक मार्केट में लेपर्ट के सिर, खाल, दांत, नाखून की डिमांड है और काफी कीमत लगती है। ऐसे में टीम को शक है कि जोधपुर के कारोबारियों का किसी गिरोह से सम्पर्क हो सकता है। गिरोह के लोग सीधे कारोबारियों को लेपर्ड की खाल, नाखून, दांत बेच रहे हैं।

## संक्षिप्त

### डॉ. बी. एल. सैनी होंगे सम्मानित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** डॉ. बी.एल. सैनी, प्राचार्य, श्री आदर्श महिला बी.एड कॉलेज, श्रीमाधोपुर, को 15 सितंबर 2024 को अलवर स्थित संस्कृति नृत्य कला संस्थान द्वारा 'मत्स्य रत्न अवार्ड 2024' से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सैनी ने शिक्षा, समाज सेवा, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने 29 बार रक्तदान किया है और 500 से अधिक कविताओं का सृजन किया है। कोरोना काल में 500 से अधिक पौधे लगाने के लिए उन्हें " पर्यावरण रत्न अवार्ड " भी प्राप्त हो चुका है। इस सम्मान के मुख्य अतिथि मुरादाबाद से डॉक्टर पंकज दर्पण अग्रवाल, देहरादून से श्वेता राय तलवार, अलवर से बाबू शोभाराम, गवर्नमेंट कॉलेज से प्रोफेसर डॉक्टर सरोज मीणा और दौलत राम वेद होंगे। संस्कृति नृत्य कला संस्थान की सचिव डॉक्टर शालू सोनी ने डॉ. सैनी को अवार्ड के लिए चयन की सूचना भेजी है। समाचार से डॉ. सैनी के परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।

### मृतक व्यक्ति की नहीं हुई शिनाख्त

**नारायणपुर (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बासदयाल थानान्तर्गत गाँव ज्ञानपुरा में 6 सितम्बर को एक व्यक्ति का शव मिला था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी मृतक व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई। बासदयाल थाना पुलिस ने शव को बानसूर उपजिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया हैं। एएसआई राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 6 सितम्बर को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि ज्ञानपुरा बस स्टैण्ड के बानसूर रोड पर सर्विस सेंटर के पास एक व्यक्ति का शव पडा हुआ हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों से पहचान करवाई गई, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। मृतक व्यक्ति के हाथ पर धारासिंह मीणा/अनीता लिखा हुआ है। जिसकी उम्र करीबन 40 वर्ष हैं। वही पुलिस मिडिया, सोशल मिडिया के जरिए मृतक व्यक्ति के परिजनों की तलाश करने में लगी हुई है। लेकिन अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं।

### अमित राय अध्यक्ष मनोनीत

**दौसा, (निसं)।** विप्र फॉउंडेशन राजस्थान जॉन-1 युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा ने डॉ. अमित राय शर्मा को विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ जिला दौसा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा प्रकोष्ठ महामंत्री शिरीष शर्मा ने बताया की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अगले 7 दिनों में अपनी कार्यकारिणी करके प्रदेश मुख्यालय (युवा प्रकोष्ठ) को आवश्यक रूप से अवगत करा कर अपने कार्यकाल की शुरुआत करेंगे और विप्र समाज के युवा वर्ग को एक उचित दिशा देंगे। समाज बंधुओं ने इस अवसर पर अपनी ख़ुशी जताते नए अध्यक्ष को शुभकामनाए दी एवं विप्र फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राधा चौधरी बनी टोंक जिलाध्यक्ष

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय जाट महासभा युवा महिला प्रकोष्ठ टोंक जिलाध्यक्ष के पद पर राधा चौधरी को नियुक्त किया है। सुदामा चौधरी ने बताया कि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाषचन्द्र खेरवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा की अनुमति से टोंक महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर राधा चौधरी को नियुक्त किया है।

### विनोद प्रजापत अजमेर संभाग प्रभारी

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व्यापी सदस्यता अभियान की प्रदेश मॉनिटरिंग टीम में विनोद प्रजापत को अजमेर संभाग प्रभारी का दायित्व मिला। भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से 6 जिलो का कार्यभार देखेगें। प्रजापत जिनमे अजमेर, नागोर, नागोर देहात, अजमेर देहात, टोंक व भीलवाडा जिला को शामिल किया गया है। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अरूण चतुर्वेदी के निर्देशों पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा ने विनोद प्रजापत को मिले दायित्व की घोषणा की।

### दशलक्षण पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर स्थित सकल दिगंबर जैन समाज दूदू के तत्वाधान में रविवार को अध्यक्ष त्रिलोक चंद्र बोहरा की अध्यक्षता में दश लक्षण पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आदिनाथ मंदिर जैन नसियां महावीर जिनालय शांतिनाथ मंदिर में अभिषेक का पूजा शांति धारा कर सामूहिक पूजन किया गया। इस दौरान मंत्री संजय काला प्रवक्ता मनोज सोगानी सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

# 'जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे'

- डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार संभाला

**अलवर, (निसं)।** डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रविवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया। डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय में बजट घोषणा 2024-25 के क्रियान्वयन एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं को कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध पूर्ण करें।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रो एक्टिव रहते हुए आपसी सामन्जस्य से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की बजट घोषणाओं, योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन करें। आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग में जनहित में नवाचार करें जिसमें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रत्येक बजट घोषणा की कार्य योजना बनाकर टाइम लाइन के अनुसार धरातल पर उनको अमलीजामा पहनाए। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक बजट घोषणा की सूचना जैसे भूमि का चिन्हिकरण, प्रस्ताव तैयार करने, कितना कार्य हो चुका है, कितना कार्य शेष है आदि की सूचना भिजवाए। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जावेगी और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है इस हेतु राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर भूमि आवंटन प्राथमिकता से करावे।

उन्होंने महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए राजीविका, नाबार्ड एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए महिलाओं को लखपति दीदी व वन धन योजना से जोडते हुए स्थानीय उत्पादों यथा ऑर्गेनिक गुलाल, हैण्डी क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण दिलावे तथा बैंक से ऋण आदि में सहयोग करें एवं इन महिला समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग भी करावे। उन्होंने राजीविका की डीपीएम को निर्देश दिये कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों विशेष तौर पर मेवात क्षेत्र की ऐसी पंचायतों को चिन्हित करें जहां पर टेलर मेड कार्य लखपति दीदी योजना के तहत करवाए जा सके। इसके साथ ही अन्य उत्पादों के लिए भी प्रस्ताव बनाए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं में वन विभाग से जिन कार्यों में एनओसी की आवश्यकता है उन कार्यों हेतु वन विभाग एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और उस नोडल अधिकारी से समन्वय कर संबंधित विभाग अपनी एनओसी की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि कचरा ट्रांसफर स्टेशन को डिसेंट्रलाइज करने हेतु शहर में अन्य स्थानों पर कचरा ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने के लिए जगह चिन्हित करें।

उन्होंने सीएमएचओ से चिकित्सा विभाग की प्रगति व बजट घोषणाओं का फीडबैक लेते हुए निर्देश दिये कि जिले के चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव, कुपोषण पर नियंत्रण, मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, जलदाय, विद्युत, कृषि, पशुपालन, वन, पर्यटन सहित अन्य सभी विभागों की बजट घोषणाओं एवं इनमें संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी तथा सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत सरकार की संचालित योजनाओं की डिटेल व वर्तमान स्थिति की सूचना भिजवाए। समीक्षा बैठक में एडीएम प्रथम वीरेन्द्र वर्मा, एडीएम द्वितीय परसराम मीणा, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, नाबार्ड के डीपीएम प्रदीप चौधरी, राजीविका की डीपीएम रेखारानी व्यास, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री परेश सक्सेना, डीआईसी के महाप्रबंधक एम.आर मीना, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, सीडीईओ नेकीराम, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विभाग द्वारा पाइप बिछाने को खोदे गड्ढे जानलेवा बने

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा व प्रशासन के उदासीन रवैया के कारण कस्बे में आने वाले लोगों को भारी फजीहत झेलनी पड रही है। कस्बे के अधिकांश सडकों की हालत बिगडी हुई है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत को लेकर जलदाय विभाग द्वारा कई जगहों पर सडकों को खोदकर छोड दिया है। लगातार हो रही बारिश से ये गड्ढे खतरनाक हो गए हैं। लोगों की परेशानी बढ गई है। पाइप लाइनों की मरम्मत के लिए खोदे गए गड्ढे को यूं ही छोड दिए जाने से वाहन चालकों को मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण शहर के एक दर्जन से अधिक सडकों को खोदकर एक पखवाडे से अधिक समय से छोड दिया गया है। जहाँ वाहन चालक पुष्पेंद्र व प्रत्यक्ष दर्शी नीरज सैन ने बताया कि पावटा कस्बे के वार्ड न. 15 मे जलदाय विभाग द्वारा सडक को खोदकर छोड दिया है। लगातार हो रही बारिश से उसमे पानी भर गया व गड्ढा खतरनाक हो गया व गाडी गड्ढे में फँस गई। जहाँ लोगों की मदद से गाडी को बाहर निकाला व गाडी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही की किसी तरह की कोई दुर्घटना नहीं हुई। वही पावटा तहसीलदार प्रवीण सैनी, जलदाय विभाग पावटा कनिष्ठ अभियंता दयाराम चौधरी ने कहाँ कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा।

## बांध की क्षतिग्रस्त पाल का जायजा लिया

**राजगढ, (निसं)।** पर्यटक स्थल झरना बांध की पाल क्षतिग्रस्त होने की सूचना से रविवार को कस्बे में चर्चाओं का आलम रहा। घटना की सूचना पर उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान, तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा एवं जल संसाधन विभाग की सहायक अभियंता ने दौरा कर जायजा लिया। वर्षा के कारण पाल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना से लोगों में भय आलम है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते पालकी दीवार के समीप कुछ हिस्सा धस गया, दूसरी और की दीवार के समीप भी गड्ढा हो गया। इसको लेकर लोगों ने दुर्घटना की आशंका की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। पंचायत समिति के विकास अधिकारी ललित महावर के निर्देश पर पंचायत समिति के कनिष्ठ अभियंता एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षितठास्त पाल पर मिट्टी से भरे कट्टे डालकर भरा। क्षितठास्त पाल की दीवार को आशंका के मध्य मरम्मत की गई। इधर पंचायत समिति की ओर से बांध की भराव क्षमता एवं गहराई को लेकर चेतावनी बोर्डलगा दिया। प्रवेश द्वार पर बेरीकेटिंग भी की गई है। इधर बांध अधिकार को लेकर असमंजस की स्थिति रही जिस पर उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान ने आपदा प्रबंधन के तहत क्षतिग्रस्त पाल की मरम्मत के निर्देश दिए।

## हार से निराश होने के बजाय जीत के लिये कड़ी मेहनत करे : राधा चौधरी

- जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का राधा चौधरी ने किया शुभारम्भ

**मालपुरा, (निसं)।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम चरण में रविवार को मालपुरा ब्लॉक में एक दर्जन स्कूलों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ करते हुये केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अविकानगर में फुटबॉल, मोरला में कबड्डी, पारली में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुये राधा चौधरी ने कहा कि हार से निराश होने के बजाय जीत के लिये कडी मेहनत करे। चौधरी ने कहा कि खिलाडी को हार से ही मिलती है जीत कर मंजील तक पहुंचने की प्रेरणा। हॉलिस्टिक स्कुल मालपुरा मे डायरेक्टर प्रियंका पारीक ने बैडमिन्टन व सेपकटकरा प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक हीरालाल जाट ने लाम्बाहरिसिंह मे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ। नयागांव जाटान मे सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल जाट व शारीरिक शिक्षक शिवनारायण, नीरज कुमार व राष्ट्रीय कोच मो. इस्लाम नकवी के साथ खिलाडियों से परिचय कर किया उत्साहवर्धन। वही निवाई में आयोजित जिला स्तरीय तिरंदाजी प्रतियोगिता में गीताजंली विद्यापीठ उच्च प्राथमिक विद्यालय लाम्बाहरिसिंह के छात्र हिमांशु चंदेल व अनामिका प्रजापत का राज्य स्तर पर हुआ चयन तो वही कल्याण गुरूकुल एकेडमी डिग्गी के छात्र लक्षित प्रजापत ने बॉक्सिंग के कडे मुकाबले में गोल्ड मेडल जीता।

## साक्षरता दिवस पर पेंसिल-कॉपी बांटी

**टोंक, (निसं)।** वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ रिलीजन एंड नॉलेज प्रत्येक वर्ष करुणा एवं दया के कार्यों की मुहिम चलाता है, जिसको करुणा माह मुहिम तथा जन्म दिवस को करुणा दिवस के रूप में निभाने का संकल्प लेकर समस्त मानवता की सेवार्थ निष्काम भाव से कार्य किए जायेंगे। वर्क प्रवक्ता सैयद असगर अली ने बताया कि पूरे माह की सारणी प्रसारित कर दी गई है जिसको वर्क्स की टीम पूरे राजस्थान में करेगी, 8 सितम्बर को साक्षरता दिवस पर स्लम एरिया कलंदर बस्ती में कॉपी पेंसिल वितरित की गई। आगे भी इसी तरह अनेक कार्यक्रम जैसे वाचमेंस को स्वीट/चॉकलेट वितरण, रेल,बस यात्रियों को बिस्कुट वितरण, वृधाश्रम की विजिट, नगर निगम कर्मियों को कार्ड, चॉकलेट वितरण एवं सौंदर्यकरण पर चर्चा, ट्रैफिक पुलिस को कार्ड, चॉकलेट वितरण आदि किए जाएंगे।

## निराश्रित गौ वंशों को लगाए रेडियम पट्टी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में बारिश के मौसम में निराश्रित गौ वंश के सडक पर बैठे रहने के साथ ही सडक पर गौवंश का जमावडा लगा रहने से आये दिन सडक हादसे हो रहे है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र में लाईटों के अभाव में अंधेरा होने की वजह से वाहन चालकों को सडक पर बैठे गौवंश दिखाई नहीं देते और दुपहिया व चौपाहिया वाहन टकराने की वजह से हादसे हो रहे है। इन हादसों को कम करने का जिम्मा वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण मे कार्यरत संस्था डब्ल्यू सी ओ वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनिजेशन ने ली और निराश्रित गौ वंश के गले में रेडियम पट्टी लगाने की मुहीम शुरु की है।

## बस कंडेक्टर से मारपीट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**आमेर/मानपुरा माचेडी, (निसं)।** चंदवाजी थाना पुलिस ने बस कंडक्टर से मारपीट के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि अपराधों की रोकथाम एवं उसमें वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण डॉ. हरिप्रसाद सोमानी के निर्देशन में वृत्ताधिकारी जमवारामगढ प्रदीप कुमार गोयल के सुपरविजन में थानाधिकारी चन्दवाजी सुगन सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये नेशनल हाईवे पर स्कार्पियों गाडी लगाकर प्राईवेट बस को रुकवाकर बस कन्डेक्टर के साथ मारपीट कर चाबी छीनने के मामलें में आरोपी धोलाराम गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गत दिनांक 14 मई को रामेश्वर चौधरी निवासी रतनपुरा थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण ने मामला दर्ज करवाया कि 14 मई 2024 को शक्ति ट्रेवल्स की बस दिल्ली से जयपुर जा रही थी जब चन्दवाजी स्टेण्ड में जयपुर की ओर 2 किलोमीटर आगे शराब के ठेके के पास में ब्लैक रंग की स्कोर्पियो व स्वीफ्ट कार में धोलू पायला व विक्रम पायला सहित अन्य आदमियों ने बस स्टाफ के साथ मारपीट कर 4500 रू. व बस की चाबी निकालकर भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

मामले में कार्यवाही करते हुये आरोपी धौलाराम पुत्र मंगलाराम गुर्जर, विक्रम गुर्जर पुत्र श्रीराम गुर्जर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया तथा शेष फरार आरोपी धौलाराम पुत्र रामस्वरुप गुर्जर की तलाश सूचना एकत्र कर जेल में बन्द होने की जानकारी प्राप्त होने पर आरोपी धौलाराम गुर्जर 30 साल निवासी कुंभावास थाना मनोहरपुर जिला जयपुर को जेल से प्रोडेक्शन बारन्ट पर लिया जाकर गिरफ्तार किया है।

## होटल हाईवे किंग पर फायरिंग, फिरौती की पर्ची थमाई

- स्टाफ ने काउंटर के नीचे छिपकर जान बचाई, बाहर शोरूम पर भी फायर किए

**अलवर, (निसं)।** नीमराना स्थित हाईवे किंग होटल में बदमाशों ने फायरिंग कर दी। एक ने काउंटर पर मौजूद स्टाफ को पर्ची थमाई और अंदर ही 3 राउंड फायर किए। स्टाफ को काउंटर के नीचे छिपकर अपनी जान बचानी पडी।

वहीं बाहर खडे बदमाश ने यहां स्थित 4 से 5 शोरूम पर फायरिंग कर कांच फोड डाले। इसके बाद बाइक पर बैठकर जयपुर रोड की तरफ रवाना हो गए। स्टाफ के अनुसार, पर्ची पर 5 चौधरी गैंग लिखा है। मामला जयपुर दिल्ली नेशनल हाईवे 48 (नीमराना) स्थित हाईवे किंग का रविवार सुबह 6-13 बजे का है। कोटपुतली-बहरोड एसपी वंदिता राणा ने बताया कि होटल कर्मचारी की ओर से सुबह सूचना मिली थी। इसपर पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, होटल पर बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। होटल के काउंटर पर बैठे कर्मचारी के हाथ में एक पर्ची दी। इसके बाद बदमाश ने काउंटर के दूसरी ओर फायर किए। इससे काउंटर पर लगे शीशे टूट कर नीचे गिर गए। वहीं घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस होटल में लगे सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। मौके पर नीमराना पुलिस, एएसपी शालिनी राज सहित पुलिस के अधिकारी मौके पर हैं।

सूचना मिलने पर नीमराना पुलिस, कोटपुतली बहरोड एसपी वंदिता राणा, एएसपी शालिनी राज सहित पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ले रहे हैं। पूरी घटना होटल के बाहर लगे कैमरों में दर्ज हुई है।

पार्किंग से दोनों बदमाश अलग-अलग होते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक बाहर रुका और एक होटल के काउंटर की तरफ गया। काउंटर पर जाने वाले बदमाश ने कैप लगा रखी है जबकि दूसरे ने सफेद रंग का गमछा लगा रखा है। एक बदमाश काउंटर पर जाकर पहले यहां मौजूद स्टाफ को पर्ची देता है और फिर फायरिंग कर देता है। इससे काउंटर के आसपास लगे कांच टूट जाते हैं। फायरिंग होते देख काउंटर पर खडा स्टाफ खुद को बचाने के लिए नीचे छिप जाता है। वहीं बाहर मौजूद बदमाश ने यहां दुकानों के कांच पर फायरिंग की है। इससे यहां 4 से 5 दुकानों के कांच टूटे हैं।

# शिक्षा से ही जीवन स्तर में सुधार संभव : मनमोहन मीणा

- अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह सम्पन्न
- 'शिक्षा ही जीवन को अंधियारे से उजाले की तरफ़ ले जाती हैं'
- कलाकारों ने गीत संगीत व कविता के माध्यम से साक्षरता का संदेश दिया

**दौसा, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर मनमोहन मीना ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन स्तर में सुधार हो सकता हैं। इसलिये शिक्षा के महत्व को समझना चाहियें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मीना रविवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रसस्वी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कलेक्ट्रेट सर्किल पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को अंधियारे से उजाले की तरफ़ ले जाती हैं। सभी को शिक्षा मिले यही सबको प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर साक्षरता कार्यक्रम में सरहनीय कार्य करने वाले पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पीईईओ, साक्षरता प्रभारी, वीटी एवम लर्नर को सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.मनीषा शर्मा, एपीसी समसा रंगलाल मीना, एसीबीईओ लवान भगवती प्रसाद मीना, नागल राजावतान मोहनलाल मीना, राष्ट्रीय कवयित्री सपना सोनी, राष्ट्रपति अवार्ड से विभूषित प्रधानाचार्य रामबाबू ज्योति, रामावतार शर्मा, सीमाबाई मीना, रज्ज़ाकी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रतिनिधि मोहम्मद आसिफ, विनोद गौड़ रोटरी क्लब, हाफिज मेमोरियल संस्थान के डॉ.अब्दुल हमीद अतिथि रहे। जिला साक्षरता एव सतत शिक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

परियोजना समन्वयक डा अब्दुल लतीफ ने धन्यवाद दिया। मंच संचालन व्याख्याता धर्मेंद्र मीना धर्मी ने किया। इस मौके पर प्रत्येक ब्लॉक से एक एक पीईईओ, साक्षरता प्रभारी वीटी एवं लर्नर के साथ स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत संगीत व कविता के माध्यम से साक्षरता का संदेश दिया। कवियत्री सपना सोनी, लोक कलाकार रामू मास्टर रामकरण मीना, आशीष कुमार शर्मा, गिरीश पाराशर, महेश बनापुरिया ने लोक गीतों से साक्षरता का पैगाम दिया।

साक्षरता प्रभारी कमरुद्दीन खान व अशोक सैनी ने ग्रामीण क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी एवं असाक्षरों को साक्षरता कार्यक्रम से जोडने हेतु कारगर युक्तियों की चर्चा की। कार्यक्रम में ब्लॉक कॉर्डिनेटर रविशंकर शर्मा, प्रेम सिंह उमरवाल, धर्मराज़ शर्मा, प्रेमचंद मीना, गोविंद सहाय शर्मा, अनिल गौड, ओमप्रकाश मीना, नवरंग मीना, क़ालूराम मीना, वरिष्ठ सहायक गिर्राज प्रसाद शर्मा, कमला देवी गुर्ज़र, योगेश तिवाडी, पिंटू मीना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं शुरू

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कालाडेरा कस्बे में रविवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं प्रारंभ हो गई। डॉ अदिति शर्मा के क्लीनिक का यज्ञाचार्य बुद्धि प्रकास शास्त्री ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करवाकर शुभारंभ करवाया।

डॉ अदिति शर्मा का क्लीनिक राजकीय अस्पताल के सामने वाले रास्ते में पुरानी बैंक के पास खुली है। इस क्लीनिक की संचालिका डॉ अदिति शर्मा ने बताया कि वह कालाडेरा की बेटी है और जन्मभूमि की सेवा करना उनका प्रथम कर्तव्य है। ग्राम कालाडेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रारंभ करने का प्राथमिक उद्देश्य स्पष्ट करते हुए डॉ अदिति शर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा इसी ठाम में हुई है तथा उनका परिवार यहीं पर निवास करता है। अतः वे भी अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात इसी ठाम को अपनी सेवाएं देना प्राथमिक कर्तव्य समझती हूं। महिला मरीजों के लिए प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक नियमित रूप से सेवाएं मिलती रहेगी।

## सार-समाचार

### गृह राज्यमंत्री बेढम का किया स्वागत

**निवाई, (निसं)।** नगरपालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैडम, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री ओमप्रकाश भडाना एवं विधायक रामसहाय वर्मा का स्वागत किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष इसरानी ने माल साफा व प्रभु श्रीराम की प्रतिमा देकर स्वागत किया। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि भगवान देवनारायण मंदिर जोधपुरिया में तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी मेले में पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन विदेश यात्रा जाने के कारण वह नहीं आ पाए हैं। इसलिए वह मेले में नहीं पहुंच पाएंगें। उन्होंने कन्हैया लाल की हत्यारों को कडी से कडी सजा दिलाने के लिए भी कहा। इस दौरान भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, पार्षद नितिन छाबडा, शंकरलाल पडियार, चीरजीलाल झापडी, मानसिंह गुर्जर व हेमराज शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रतनलाल सुवालका अध्यक्ष मनोनीत

**देवली, (निसं)।** हैहय क्षत्रिय कलाल समाज संस्थान देवली की बैठक रविवार को मयूर इन्टरनेशनल सेकेण्ड्री स्कूल में संपन हुई। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण भी किया गया। संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कलाल समाज का अध्यक्ष डॉ. रतनलाल सुवालका को चुना गया। इसी तरह सर्वसम्मति से माया सुवालका को संरक्षक, उपाध्यक्ष सत्यनारायण बुलिया, महामंत्री गोपाल कलवार, कोषाध्यक्ष धर्मचन्द मेवाड़ा, संगठन मंत्री सुरेन्द्र कुमार सुवालका, कानूनी सलाहकार बंशीलाल कलवार एडवोकेट तथा युवा अध्यक्ष अनिल कुमार सुवालका को मनोनीत किया गया है। इस दौरान कार्यकारिणी में स्थाई समिति का गठन किया गया जिसमें सम्पतराम सुवालका, अजय मेवाडा, रामस्वरूप सुवालका, दलेल चन्द सिन्धव, प्रहलाद मेवाडा को नियुक्त किया गया।

### हीरामल बाबा की झांकी सजाई

**शाहपुरा/मनोहरपुर, (निसं)।** ग्राम घासीपुरा स्थित खेमावाली की ढाणी में हीरामल के थान पर रविवार को गुरु कैलाश चंद यादव के सानिध्य में मेले का आयोजन हुआ। मेला स्थल, लोकदेवता हीरामलजी, तेजाजी महाराज के जयकारों से गुंजायमान रहा। मेला कमेटी के सतीश यादव, सीताराम यादव एवं जयराम यादव ने बताया कि हीरामलजी की मनोहर झांकी सजाई गई। इस मौके पर आगंतुक श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी वितरित की गई। इससे पहले शनिवार को संपूर्ण रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया।वही हनुमान जी और शिव परिवार की मूर्तियों की पुष्पों से सजावट की गई। मंदिर परिसर रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने हीरामलजी महाराज के स्थान पर धोक लगाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस मौक पर नेहडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न नेहडा गायक कलाकारों ने तेजाजी, हीरामल जी सहित विभिन्न देवी देवताओं की भजनों के माध्यम से मान मनुहार की। इस दौरान कैलाश खोस्या, सुभाष कुमावत, साधूराम सांपला, किशन शर्मा, लीलाराम मीणा, गुलाब खातोदिया, जगदीश जांगीड, बंशी मेहता, नृसिंह बाडीगर, महेश बिछवालिया, हंसराज सिसोटिया, सीताराम यादव, ओमप्रकाश शर्मा, राजकुमार डूडडोलिया सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मुख्य रास्ते में जलभराव,लगाया जाम

**नारायणपुर (निसं)।** कस्बे में स्थित गोकुल द्वारा की ढाणी में रविवार को मुख्य रास्ते में बारिश का पानी भरने से आक्रोशित ग्रामीण व महिलाओं ने जयपुर बाईपास को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा गोकुल द्वारा की ढाणी में जाने वाले मुख्य रास्ते पर पक्का निर्माण कर पानी की निकासी को अवरुद्ध कर दिया गया। जिससे मुख्य रास्ते से आने-जाने वाले लोगों व स्कूली बच्चों को कई दिनों से भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। रविवार सुबह हंसराज सैनी के सानिध्य में दर्जनों महिला व पुरुषों ने जयपुर बाईपास पर कतारबद्ध बैठकर करीब आधा घंटा सडक को जाम कर दिया, जिससे सडक के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। सूचना के बाद थानाधिकारी शिम्भुदयाल मीणा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाईस कर जाम को खुलवाया। इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि पानी की निकासी नहीं होने से मुख्य रास्ते में बारिश का पानी भर गया था जिसको जेसीबी की सहायता से निकाल दिया गया हैं। इस मौके ईश्वर स्वामी, विनोद स्वामी, रिंकूराज स्वामी, मुखराम स्वामी, शंकर स्वामी, लेखराज स्वामी सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### अंपायर का ग़लत निर्णय, दौसा टीम बाहर

**दौसा, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय -16 में दौसा की टीम ने लगातार तीन मैच जीते परंतु प्री क्वार्टर फाइनल मैच में दौसा का मुक़ाबला अजमेर से था जिसमें दौसा ने टॉस जीतकर फ़ील्डिंग चुना और अजमेर टीम 204 रन पर अलाउट हो गई। उसके बाद तेज बारिश की वजह से दौसा की टीम खेल नहीं पायी और मैच दूसरे दिन के लिए टाल दिया परन्तु दूसरे दिन भी दिनभर भयंकर बारिश थी और ग्राउंड गीला था परन्तु अंपायर की हठधर्मिता थी कि मैच हो। दौसा के टीम मैनेजर और कप्तान ने इसका विरोध किया कि ग्राउंड गीला है। हमारे खिलाडी चोटिल हो सकते है परन्तु अंपायर ने अनदेखी करते हुए एक हैरान कर देने वाला और निराशाजनक परिणाम दिया की दौसा की टीम के द्वारा खराब मैदान परिस्थिति का विरोध करने पर अजमेर टीम को मैच अवार्ड कर के दौसा को बाहर कर दिया गया। यह पूरी घटना बहुत निराशाजनक और हतोत्साहित करने वाली है। इस परिणाम से दौसा के खिलाडियों को भारी आघात और निराशा हुई है। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि मैच में अंपायर का निर्णय ही सर्वमान्य होता है जिसकी शिकायत आरसीए और बीसीसीआई को कर दी गई है और अंपायर द्वारा ग़लत निर्णय पर प्रतिबंध लग सकता है।

### रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

**मनोहरपुर, (निसं)।** ब्लॉक अध्यक्ष बी नाथू लाल सैनी व समाजसेवी मुकेश खुडानिया के द्वारा मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के तत्वाधान में आयोजित तृतीय विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान करना एक महान काम है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अंसार व मुकेश खुडानिया ने कहा की रक्तदान करने से हम किसी का जीवन बचा सकते है। शाहरुख खान व वकील खान ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करने का संकल्प लेना चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के अध्यक्ष मोहम्मद अंसार, मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा संस्थापक शाहरुख खान, मुकेश खुडानिया, जितेंद्र शर्मा, पार्षद वार्ड नं 23 घनश्याम सैनी, बनवारी, वकील खान, अकिल अख्तर, आसिफ खान, कालू दांतला, आकिब, शहजाद, ताज समस्त टीम मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा मौजूद रही।

### आकाशीय बिजली गिरने से मची भगदड़

**खैरथल, (निसं)।** शहर की पुरानी आबादी क्षेत्र के राधाकृष्ण मंदिर के समीप मकान के चौक में आकाशीय बिजली गिरने से सनसनी फ़ैल गई। गनीमत यह रही कि किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई किन्तु आसपास के तीस चालीस घरों में विधुत उपकरण टीवी, फ्रीज,एसी आदि फुंक गये। प्रभावित घर के स्वामी एडवोकेट अशोक दादाणी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर उनके परिवार की ओर से पुष्करणा राधा कृष्ण मंदिर में सवामणी का आयोजन किया गया था। इसके समापन अवसर पर करीब साढे पांच बजे वर्षा के बीच अचानक उनके चौक में आकाशीय बिजली आ गिरी जिसकी कानफोडू आवाज से लोग भयभीत हो गए जबकि बिजली धरती पर फिरकणी की भांति गोल गोल घूमते हुए आतिशबाजी कर कुछ देर में शांत हो गई। इस अवसर पर सवामणि में जीमणे आए लोगों ने बताया कि बिजली गिरने के समय विद्युतापूर्ति बंद थी। आपूर्ति शुरू होने पर पता चला कि बहुत से घरों के विधुत उपकरण फुंक गये है। सभी ने इतनी बडी विपत्ति को टालने का श्रेय विघ्नहर्ता भगवान गणेश को देते हुए लोगों ने मंदिर जाकर उनका आभार व्यक्त कर प्रसाद चढाया।

### तेजाजी धाम के लिए पदयात्रा रवाना

**दूदू, (निसं)** जिले के अधीन विभिन्न गांवों से वीर तेजाजी धाम सुरसरा के लिए पदयात्रा ध्वज पूजन के साथ रवाना की गई। गोपीपुरा गांव से यात्रा संयोजक गणेश धेतरवाल रामस्वरूप के नेतृत्व में रविवार की सुबह ध्वज पूजन की जाकर तेजाजी धाम के लिए रवाना की गई। वहीं पालूं कला गांव से पैदल यात्रियों को पूर्व सरपंच हनुमान प्रसाद जादू द्वारा ध्वज पूजन किया जाकर रवाना किया गया। पैदल यात्री सुरसरा जाकर पूजा अर्चना कर ध्वज चढाएंगे।



बढ़ते प्रतिभा पूल की बदौलत भारतीय क्रिकेट एक 'बेहद शक्तिशाली' ताकत के रूप में विकसित हुआ है और यह अब देश के सुदूर कोने तक भी फैल गया है। भारतीय क्रिकेट के बढ़े हुए स्तर का उदाहरण घरेलू क्रिकेट से दिया।

**- राहुल द्रविड़**

पूर्व भारतीय दिग्गज खिलाड़ी, भारतीय क्रिकेट का उज्जवल भविष्य बताया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**शुभमन गिल**

**भारतीय** क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 8 सितंबर को अपना 25वां जन्मदिन मना रहे हैं। काफी कम समय में शुभमन गिल ने भारतीय क्रिकेट में खुद को स्थापित किया है और वो क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में टीम इंडिया के रेगुलर खिलाड़ी बन चुके हैं। गिल इस समय भारतीय टी20 और वनडे टीम के उपकप्तान भी हैं और उन्हें टीम इंडिया के भविष्य के कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है। शुभमन गिल ने आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी भी की थी।वो इस समय वर्ल्ड क्रिकेट में वनडे प्रारूप में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अभी तक ऐसा क्रिकेटर नहीं हुआ है जिसने नंबर 1 से 11 तक हर क्रम पर बल्लेबाजी की हो।,

# जैवलिन थ्रो में भारत के नवदीप का सिल्वर बदला गोल्ड मेडल में

### ईरानी खिलाड़ी के डिसक्वालीफाई होने का मिला फायदा



पेरिस, 8 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक में शनिवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ41 फाइनल में ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारत के नवदीप सिंह के सिल्वर मेडल को गोल्ड में बदल दिया गया। ये पुरुषों की भाला एफ41 श्रेणी में भारत का पहला गोल्ड मेडल पदक है। इसी के साथ भारत के 7 गोल्ड मेडल के साथ कुल 29 पदक हो गए हैं।

नवदीप का पहला प्रयास फाउल रहा लेकिन उन्होंने दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर के थ्रो के साथ शानदार वापसी की। तीन साल पहले तोक्यो पैरालिंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप के तीसरे थ्रो ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 47.32 मीटर के विशाल थ्रो के साथ पैरालिंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया और बढ़त बना ली।

सादेघ ने हालांकि अपने पांचवें प्रयास में भारतीय खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.64 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो किया। फाइनल की समाप्ति के कुछ समय बाद ईरान के खिलाड़ी को अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके कारण नवदीप ने शीर्ष स्थान हासिल किया। सयाह को बार-बार आपत्तिजनक झंडा प्रदर्शित करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। वह अपनी हरकतों से स्वर्ण पदक गवां बैठे। अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति के नियम एथलीटों को आयोजन में कोई भी राजनीतिक संकेत देने से रोकते हैं और सयाह को गैर-खेल/अनुचित आचरण के लिए अंतिम परिणामों से बाहर कर दिया गया था।

इस स्पर्धा का रजत विश्व रिकॉर्ड धारक चीन के सन पेंगजियांग (44.72) के नाम रहा जबकि इराक के नुखाइलावी वाइल्डन (40.46) ने कांस्य पदक जीता। एफ41 श्रेणी छोटे कद के एथलीटों के लिए है। नवदीप ने इस स्वर्ण पदक के साथ तोक्यो खेलों में चौथे स्थान पर रहने की कसक को दूर की। आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर तैनात नवदीप ने 2017 में खेल में आने के बाद से राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार पदक जीते हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पैरा-विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

**पैरालिंपिक 2024 में भारत का बेहतरीन प्रदर्शन**

# भारत ने रिकॉर्ड 29 पदकों के साथ समापन किया

### भारत मेडल टैली में 18वें नंबर पर रहा



पेरिस, 8 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भारत का सफर खत्म हो गया है। 8 सितंबर को कैनो स्प्रिंट में पूजा ओझा विमेंस 1 200 मीटर फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। मौजूदा गेम्स में भारत काये आखिरी इवेंट रहा। पेरिस पैरालिंपिक में भारत का सफर बेहतरीन रहा। अबकी बार भारत ने रिकॉर्ड 29 मेडल हासिल किए। इसमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। भारत मेडल टैली में 18वें नंबर पर रहा है। भारत ने मेडल टैली में स्विट्जरलैंड, साउथ कोरिया बेल्जियम और अर्जेंटीना जैसे देशों को पीछे छोड़ा है।

देखा जाए तो पैरालिंपिक गेम्स में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और पिछले रिकॉर्ड्स ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले पैरालिंपिक गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले पैरालिंपिक गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो में रहा था। टोक्यो में भारत ने 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। कुल 19 मेडल्स के साथ तब भारत ने 24वां स्थान हासिल किया था।वहीं भारत ने इस बार एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा मेडल जीते। इसमें चार गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। वहीं दूसरे नंबर पर पैरा बैडमिंटन है जिसमें एक गोल्ड के साथ 5 पदक और आए। पैरा शूटिंग में एक गोल्ड समेत 4 मेडल हासिल हुआ। उधर पैरा आर्चरी में भारत ने एक गोल्ड समेत 2 पदक और पैरा जूडो में 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। पहली बार भारत ने पैरालिंपिक गेम्स में इतने ज्यादा गोल्ड मेडल जीते हैं।

# मोईन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

लंदन, 8 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सफेद गेंद सीरीज के लिए टीम में नहीं चुने जाने पर इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों को अलविदा कह दिया हैं। मोईन ने डेली मेल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैं 37 साल का हो गया हूं और ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सफेद गेंद श्रृंखला के लिये मेरा चयन नहीं हुआ। मैंने इंग्लैंड के लिए काफी क्रिकेट खेला है और अब अगली पीढ़ी का समय है, जैसा मुझे समझाया गया। मुझे लगा यही सही समय है अपने योगदान को विराम देने का।

उन्होंने कहा, अभी भी मैं कह सकता हूं कि इंग्लैंड के लिए खेलने की कोशिश जारी रखूंगा, लेकिन सच्चाई ये है कि ऐसा नहीं कर पाऊंगा। यहां तक कि मैं संन्यास इसलिए नहीं ले रहा कि मैं अब बेहतर नहीं खेल सकता – मुझे अब भी अपने ऊपर विश्वास है कि मैं खेल सकता हूं। लेकिन ये ऐसे ही चलता है, टीम एक अलग दिशा में जाती है। लिहाजा मैं अपने साथ ईमानदार रहना चाहता हूं।



उन्होंने कहा, मुझे अपने ऊपर गर्व है। जब आप पहली बार इंग्लैंड के लिए खेलते हैं तो, ये नहीं पता होता है कि आप कितने मैच खेलने वाले हैं। लिहाजा 300 के आस-पास मैच खेलना बड़ी बात है। मैंने अपने करियर के शुरुआती कुछ साल टेस्ट क्रिकेट अधिक खेला। जब मॉर्गन सीमित ओवर के कप्तान बने तो फिर ज्यादा मजेदार सफर रहा। लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही क्रिकेट का सर्वोच्च रूप था। उन्होंने फ्रैंचाइज क्रिकेट को लेकर कहा, मैं अभी भी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा, इसलिए कुछ फ्रैंचाइज क्रिकेट में खेलूंगा। लेकिन कोचिंग एक ऐसी चीज है जिसे मैं आगे जाकर करना चाहूंगा और वहां भी मैं सर्वश्रेष्ठ होने का प्रयास करूंगा।

मैंने ब्रैंडन मक्कलम से काफी कुछ सीख सकता हूं। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे एक जिंदादिल इंसान के तौर पर जानें। मैंने कई अच्छे शॉट्स लगाए हैं तो कई खराब शॉट्स भी खेले हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि लोग मेरा खेल पसंद करते थे। मोईन ने अली ने 2014 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए बतौर ऑलराउंडर 68 टेस्ट, 138 एकदिवसीय और 92 टी-20 मैच खेले। इंग्लैंड के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर (सभी प्रारुप) में मोईन ने 6678 रन, आठ शतक, 28 अर्धशतक और 366 विकेट लिए। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रतिनिधित्व इसी वर्ष गयाना में किया था, जहां टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को भारत के हाथों हार मिली थी।

# एरिना सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

### अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया

न्यूयॉर्क, 8 सितम्बर। बेलारूसी स्टार एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 53 मिनट तक चला। 26 साल की सबालेंका पहली बार साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम की सिंगल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी हैं।




सबालेंका का यह ओवरऑल 5वां ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे इसी साल ऑस्ट्रेलिया ओपन 2024, 2023 में भी चैंपियन बनी थीं। वहीं, डबल्स कैटेगरी में 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2019 में यूएस ओपन का खिताब जीता था। मेंस सिंगल्स कैटेगरी का फाइनल वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर और अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज के बीच खेला जाएगा। सिनर ने ब्रिटेन के ड्रैपर को 7-5, 7-6, 6-2 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि अमेरिकी प्लेयर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में अपने पुराने दोस्त और हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। फ्रिट्ज 18 साल बाद ओपन मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले 2006 में एंडी रॉडिक ने यह कारनामा किया था।

## एथलीड गोवा चैलेंजर्स ने जीता इंडियन ऑयल यूटीटी का खिताब

चेन्नई, 7 सितंबर। हरमीत देसाई और यांगजी लियू की अगुआई में एथलीड गोवा चैलेंजर्स ने शनिवार को इंडियनऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024 के रोमांचक फाइनल में 2018 की चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी को 8-2 से हराकर अपने खिताब को बरकरार रख कर इतिहास रच दिया। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में हरमीत और यांगजी ने मिश्रित युगल में जीत हासिल करने से पहले अपने-अपने एकल मैच जीते और एथलीड गोवा चैलेंजर्स के लगातार दूसरे खिताब की ओर ऐतिहासिक कदम बढ़ाने में मदद की। हरमीत को टाई का भारतीय खिलाड़ी चुना गया, जबकि यांगजी को टाई का विदेशी खिलाड़ी चुना गया। पूरे सीजन में अपराजित रहने वाली यांगजी ने लीग की सबसे मूल्यवान (एमवीपी) महिला खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम किया। साथियान ज्ञानसेकरन को पुरुषों में एमवीपी चुना गया।

# इब्राहिम जादरान चोटिल, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में खेलना संदिग्ध

ग्रेटर नोएडा, 8 सितंबर। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान का यहां चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले अफगानिस्तान के टेस्ट मैच से पहले टीम के अंतिम अभ्यास सत्र के दौरान 22 वर्षीय सलामी बल्लेबाज के टखने में चोट लग गई। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में बताया, "अभ्यास सत्र में इब्राहिम (जादरान) के टखने में चोट लग गई थी। मैं अभी पूरी तरह से यह नहीं कर सकता हूं कि कल मैच से पहले उनकी क्या स्थिति होगी। हमें इस मामले में इंतजार करना होगा।"



जादरान ने अफगानिस्तान के नौ में से सात टेस्ट खेले हैं। उन्होंने इस प्रारूप में अपना पहला शतक इस साल फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ लगाया था। अफगानिस्तान को इस टेस्ट में पहले से ही स्पिनर राशिद खान की सेवाएं नहीं मिल रही है। लगातार बारिश के कारण इस ऐतिहासिक टेस्ट के लिए अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड की तैयारी प्रभावित हो रही है।

# एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 3-0 से हराया

हुलुनबुईर, 8 सिंतबर। मौजूदा चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 टूर्नामेंट में मेजबान चीन पर 3-0 से जीत दर्ज की। पेरिस ओलिंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट के खेल रहे भारत की ओर से सुखजीत सिंह (14वें मिनट में), उत्तम सिंह (27वें मिनट में) और अभिषेक (32वें मिनट में) ने गोल दागे। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने चिर-परिचित अंदाज में शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया लेकिन भारत ने अपनी शानदार रक्षापंक्ति की बदौलत चीन को गोल करने का मौका नहीं दिया। इस बीच भारतीय टीम ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर 1-0 से बढ़त बना ली। यह गोल 14वें मिनट में सुखजीत सिंह दागा।



इसके बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दूसरे क्वार्टर की बेहतरीन शुरुआत करते हुए खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही अभिषेक ने दूसरा गोल करने प्रयास किया चीन के गोलकीपर ने इस प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद 28वें मिनट में भारत के उत्तम सिंह ने फील्ड गोल कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा और 32वें मिनट में अभिषेक ने तीसरा गोल दागा। वहीं, चीन के खिलाड़ियों ने इस गोल करने प्रयास किया, लेकिन वो भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने में विफल रहे। चौथा क्वार्टर गोल रहित रहा। भारतीय टीम और चीन ने पेनल्टी कॉर्नर जरूर हासिल किए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।

मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा खेला। हमने कुछ अच्छे मौके बनाए लेकिन सबसे अच्छी बात यह है कि हमने क्लीन शीट बरकरार रखी। उन्होंने कहा, कुछ नए खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने का मौका मिला और मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत अच्छा खेला। यह उनके लिए एशियाई टीमों के साथ खेलने और सीनियर टीम के साथ घुलने-मिलने का अच्छा मौका है। इससे पहले दिन में पाकिस्तान बनाम मलेशिया मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। जबकि दक्षिण कोरिया और जापान का रोमांचक मैच खेला जो 5-5 पर समाप्त हुआ। अब भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को जापान से भिड़ेगी।

# सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर रेस में जीता कांस्य पदक

पेरिस, 8 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भारत को 28वां मेडल सिमरन शर्मा ने दिलाया है। सिमरन ने महिलाओं की 200मीटर12 ट्रैक एंड फील्ड में ब्रॉन्ज मेडल जीता है।भारत अब तक 6 गोल्ड, 9 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। ट्रैक एंड फील्ड एथलीट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है।



सिमरन ने 24.75 सेकेंड का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। क्यूबा की ओमारा डूरंड एलियास ने 23.62 सेकेंड के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि वेनेजुएला की एलेजांद्रा पाओला पेरेज लोपेज ने 24.19 सेकेंड के साथ सिल्व मेडल जीता।

पैरा एथलेटिक्स में ये भारत का 16वां ब्रॉन्ज पदक है। कुल मिलाकर, भारत ने अब तक चल रहे सीजन में 28 पदक जीते हैं। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन सिमरन के कोच उनके पति गजेंद्र सिंह हैं जो सेना सेवा कोर में कार्यरत हैं। वह नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लेती हैं। पैरालिंपिक खेलों में टी12 श्रेणी दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है।

## ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 3-0 से टी-20 सीरीज हराई

एडिनबरा, 8 सितम्बर। ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को तीसरे टी-20 में 6 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज पर 3-0 से कब्जा कर लिया। एडिनबरा में खेले गए आखिरी मुकाबले में स्कॉटलैंड ने 9 विकेट खोकर 149 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवर में 4 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया से कैमरन ग्रीन ने 39 बॉल पर 62 रन बनाए। उन्होंने गेंदबाजी से 3 विकेट भी लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। एडिनबरा में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। स्कॉटलैंड को अच्छी शुरुआत मिली, जॉर्ज मुन्सी ने 25, ओली हेयर्स ने 12 और ब्रेंडन मैक्मुलेन ने 56 रन बना दिए। 8 ओवर में टीम ने 67 रन के स्कोर पर 2 ही विकेट गंवाए थे। अच्छी शुरुआत के बाद टीम ने तेजी से विकेट गंवा दिए।

## इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज रावलपिंडी और मुल्तान में होगी : नकवी

लाहौर, 8 सितंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा है कि इंग्लैंड के साथ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला रावलपिंडी और मुल्तान में खेली जाएगी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे काम का जायजा लेने के बाद नकवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुल्तान और रावलपिंडी तीनों टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे। नकवी ने कहा, ईसीबी ने मुल्तान और रावलपिंडी में टेस्ट खेलने के प्रति अपनी रजामंदी दे दी है।

## पूजा पैराकैनो महिला 200 मीटर स्पर्धा में फाइनल में जगह बनाने से चूकी

पेरिस, 8 सितंबर। भारतीय एथलट पूजा ओझा पेरिस पैरालिंपिक के आखिरी दिन रविवार को हुई पैराकैनो महिला 200 मीटर एकल केएल1 स्पर्धा के सेमीफाइनल में चौथे स्थान रही और फाइनल में जगह बनाने से चूक गई। आज यहां आयोजित स्पर्धा में पूजा पुरजोर प्रयास करने के बावजूद अंततः 1:17.23 के समय के साथ सेमीफाइनल मुकाबले में चौथे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही भारत का पेरिस पैरालिंपिक 2024 में अभियान समाप्त हो गया है।

# भारत 2030 युवा ओलिंपिक के लिए दावेदारी पेश करेगा : मनसुख मांडविया

नयी दिल्ली, 8 सितम्बर। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलिंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलिंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।





वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलिंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मांडविया ने यहां एशियाई ओलिंपिक परिषद (ओसीए) की 44वीं महासभा के अवसर पर कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलिंपिक की मेजबानी पर है।"

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, "मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।" युवा ओलिंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

# इंडिया-बी के सामने पस्त हुई इंडिया-ए की टीम

### इंडिया-बी 76 रनों से जीता मुकाबला

बेंगलुरु, 8 सितंबर। रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया बी ने रविवार को दिलीप ट्रॉफी के चौथे और आखिरी इंडिया ए टीम को 198 के स्कोर पर ढ़ेर कर 76 रन से मुकाबला जीत लिया है।



इंडिया ए ने कल के दो विकेट पर 27 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया था कि 13वें ओवर में नवदीप सैनी ने इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल (21) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इंडिया ए को ध्रुव जुरेल (शून्य) और तनुष कोटियान (शून्य) के दो और झटके लगे। इस दौरान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। राहुल ने (57) रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली। शिवम दुबे (14), कुलदीप यादव (14), आवेश खान (3) और आकाश दीप (43) रन बनाकर आउट हुये। खलील अहमद (4) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया बी के गेंदबाजों के आगे इंडिया ए के एल राहुल और अकाश दीप के अलावा कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। इंडिया ए की पारी 53 ओवर में 198 रन पर सिमट गई। यश दयाल ने तीन विकेट लिये। मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त बनायी थी। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाज़ों के लिए मददगार पिच पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया बी के वशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की पारी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत की 47 गेंदों पर 61 रन की विस्फोटक पारी रही। उन्होने यह रन नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाये। पंत ने अपने नैसर्गिक खेल का प्रदर्शन उस समय किया कि जब भारत बी अपनी पकड़ खोता दिख रहा था। वह ऑफ स्पिनर तनुश कोटियन के शिकार बने, लेकिन उनकी पारी ने शुरुआती झटकों के बाद पारी में जरूरी गति ला दी। सरफराज खान ने 36 गेंदों में 46 रनों की जोरदार पारी खेली। वह आवेश खान की तेज गेंद को छूने के प्रयास में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों आउट हुये।

इससे पहले, इंडिया ए पहली पारी में 90 रन से पिछड़ते हुए 231 रन पर आउट हो गई। तनुश कोटियन (32) और आकाश दीप (11) ने हालांकि कुछ देर तक संघर्ष किया। खलील अहमद आखिरी खिलाड़ी के रूप में आउट हुए।

## रणधीर ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने

नयी दिल्ली, 8 सितम्बर। अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलिंपिक परिषद के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पांच बार के ओलिंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा।उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारतीय और एशियाई खेल संस्थाओं में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे।

# उदयपुर में दिखी दुर्लभ प्रजाति की ''एनोमालूस नवाब'' तितली

उदयपुर, (कासं)। नैसर्गिक सौंदर्य से लकदक समृद्ध जैव विविधता वाले मेवाड़-वागड़ अंचल में दुर्लभ कीट-पतंगों, वन्यजीवों व वनस्पति के देखे जाने का सिलसिला जारी है। इसी श्रृंखला में रविवार को उदयपुर सैक्टर 14 में एक दुर्लभ तितली ''एनोमालूस नवाब'' देखी गई। प्रदेश के तितली

- ''एनोमालूस नवाब'' तितली का वैज्ञानिक नाम ''चरैक्स एग्रेरियस'' है और खुले पंखों में इसका आकार 9 से 10 से.मी. होता है।
- ''एनोमालूस नवाब'' तितली राजस्थान में पहली बार देखी गई है। आम तौर पर प्रदेश में कॉमन नवाब तितली ही दिखाई पड़ती है।

विशेषज्ञ मुकेश पंवार ने बताया कि, सैक्टर 14 में पर्यावरणीय विषयों की जानकार और तितलियों पर शोध कर रही नेहा मनोहर ने अपने गार्डन में इस तितली को देखा। उन्होंने बताया कि यह तितली उनके गार्डन में अंजीर के फल से रस पीती हुई देखी और उन्होंने इसका फोटो क्लिक किया।



*उदयपुर में रविवार को पहली बार दुर्लभ प्रजाति की तितली ''एनोमालूस नवाब'' देखी गई। इस तितली की सबसे बड़ी खासियत इसका आकार है, खुले पंखों में इसका आकार 9 से 10 से.मी होता है। सामान्यतः प्रदेश में दिखाई देने वाली ''कॉमन नवाब'' तितली के पंखों पर एक ही स्पॉट दिखाई देता है लेकिन ''एनोमालूस नवाब'' के पंखों पर दो स्पॉट दिखाई पड़ते हैं तथा इसी खुबी के कारण यह अन्य तितलियों से कहीं ज्यादा सुंदर दिखती है।*

पंवार ने बताया कि इसका वैज्ञानिक नाम ''चरैक्स एग्रेरियस'' है और खुले पंखों में इसका आकार 9 से 10 से.मी होता है। यह तितली आमतौर पर खेर के पेड़ पर अपनी लाईफ साइकिल पूरा करती है और पके फलों का रस पीना पसंद करती है। जंगल इन्हें ज्यादा पसंद है परंतु शहरी क्षेत्र में इसका दिखाई देना दुर्लभ है। उन्होंने बताया कि विश्व में पहली बार इसकी लाइफ साइकल पर सागवाड़ा में उन्होंने ही रिसर्च की थी। उन्होंने बताया कि आमतौर पर राजस्थान में इसे कॉमन नवाब ही समझा जाता रहा है, पुराने रिसर्च पेपर्स में ''एनोमालूस नवाब'' का उल्लेख नहीं मिलता है। राजस्थान में हमेशा ही ''कॉमन नवाब'' तितली दिखाई पड़ती है, ''एनोमालूस नवाब'' राजस्थान में इससे पहले कभी देखा नहीं गया है।

उन्होंने बताया कि कॉमन नवाब को बंद पंख में देखने पर पंख के ऊपरी सिरे पर एक ही स्पॉट दिखाई पड़ता है, जबकि ''एनोमालूस नवाब'' में दो स्पॉट होते हैं। इधर, देश के ख्यातनाम तितली विशेषज्ञ पीटर स्मैटिक ने भी उदयपुर के शहरी क्षेत्र में 'एनोमालूस नवाब' को देखे जाने को दुर्लभ बताया है। उन्होंने कहा कि अधिकांशतः वन क्षेत्रों में पाई जाने वाली अनामलोउस नवाब तितली अधिक नमी वाले वन क्षेत्रों की अपेक्षा कम नमी वाले वनक्षेत्रों में ही दिखाई देती है।

## डीग जिले के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के बागीदोरा में 67 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा जयपुर सहित कई स्थानों पर भी अच्छी बरसात हुई।

पिछले चौबीस घंटों में सुबह साढे आठ बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अलवर के कठूमर में 113 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई जबकि लक्ष्मणगढ़ में 68, मालाखेड़ा में 67 एवं गोविंदगढ़ में 62 मिलीमीटर बरसात हुई।

बारां में 73, भरतपुर जिले के रुपवास में 81 एवं उच्चैन में 71, बूंदी जिले के केशवरायपाटन में 68 एवं अभयपुरा में 65, दौसा जिले के महुवा में 65, डीग जिले के कामां में 75, झालावाड़ जिले के सुनेल में 82, करौली जिले के कालीसील में 70 एवं सुरोठ में 65, खेरथ्ल-तिजारा जिले के मंडावर में 76, कोटपुतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ में 88, नीमकाथाना जिले के फुलोद मं 67, सिरोही जिले के माउंटआबू में 71 एवं टोंक जिले के देवली में 90 मिलीमीटर बरसात हुई।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कई भागों में आगामी तीन दिन मानसून सक्रिय रहने तथा ज्यादातर भागों में मध्यम एवं कहीं कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में भी आगामी दो-तीन दिन में कुछ स्थानों पर मध्यम एवं कहीं कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में नौ सितंबर एवं पूर्वी राजस्थान में दस सितंबर से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने की प्रबल संभावना है जबकि 13 सितंबर को पूर्वी राजस्थान में कहीं कहीं पर मेघगर्जन के साथ भारी वर्षा की संभावना है।

# 'पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद फैलाना बंद कर दे तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं'

## जम्मू-कश्मीर की धरती से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया

- **बनिहाल विधानसभा में पार्टी का प्रचार करने पहुंचे राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को लोगों की परेशानी दूर करने और क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए हटाया गया। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में है, यह अनुच्छेद बहाल नहीं किया जाएगा।**

श्रीनगर, 8 सितंबर। जम्मू-कश्मीर की धरती से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिस दिन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाना बंद कर देगा हम उससे बातचीत करने के लिए तैयार हो जाएंगे। बनिहाल विधानसभा में पार्टी का प्रचार करने पहुंचे राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को लोगों की परेशानी दूर करने और क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए हटाया गया। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में है,यह अनुच्छेद बहाल नहीं किया जाएगा।

नैशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डैमोक्रेटिक पार्टी (पी.डी.पी.) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में पाकिस्तान से बातचीत का आ ान किया है। पार्टियों का नाम लिए बिना सिंह ने कहा कि कुछ लोग चाहते हैं कि हम पाकिस्तान से बात करें। मैं उनसे कहना चाहता हूं...पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा। कौन पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? हम सभी यह चाहते हैं, क्योंकि मैं इस वास्तविकता को जानता हूं कि आप अपने मित्र को बदल सकते हैं, लेकिन अपने पड़ोसी को नहीं। हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देगा, तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की चपेट में आने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान थे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। क्या आतंकवादी घटनाओं में हिंदू मारे जा रहे थे? मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे अधिक मुसलमानों की जान गई।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखने का आरोप लगाते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को काफी हद तक खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्या आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं, मुसलमानों या ईसाइयों की जान लेना आपको स्वीकार्य है?

सिंह ने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंक का माहौल किसने बनाया- भाजपा ने या जिन्होंने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर पर शासन किया? रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बदलाव दिख रहा है, जहां आतंकवाद में कमी आई है और सड़कें, राजमार्ग और सरकारी योजनाएं केंद्र शासित प्रदेश के हर कोने तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने कभी भी जम्मू-कश्मीर के साथ न्याय नहीं किया और हमेशा भेदभावपूर्ण नीतियों को आगे बढ़ाया।

# यू.ए.ई. के क्राउन प्रिंस जायद अल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा उनका गर्मजोशी से और औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आए शेख खालिद के साथ एक उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी है। वह सोमवार को मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। एक बयान में कहा गया है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे। दस सितंबर को यूएई के शाही परिवार के सदस्य एक व्यापारिक मंच में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी, राजनीतिक, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए तथा उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

उधर, यूएई ने एक बयान में कहा कि शेख खालिद वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे, ताकि प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाया जा सके। वार्ता दोनों देशों और उनके लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए पहले से हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित होगी।

## हरियाणा भाजपा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। नांगल चौधरी के पूर्व विधायक ने हरियाणा भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर पार्टी का दामन थामा। उन्हें पूर्व मंत्री राम विलास शर्मा देव के आवास पर ले गए थे।

# ममता बनर्जी के खिलाफ पार्टी सांसद खुलकर मुखर हुये


## तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने कोलकाता रेप एवं मर्डर के विरोध में रविवार को संसद से इस्तीफा देने की घोषणा की

कोलकाता, 8 सितंबर (वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में रविवार को संसद से इस्तीफा देने की घोषणा की और कहा कि वह राजनीति भी छोड़ देंगे।

सरकार ने तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र में उनसे राज्य की सुरक्षा के लिए 'कुछ' करने का आग्रह किया। उन्होंने दो पन्नों के पत्र में कहा, मैं वर्तमान परिस्थितियों में (पार्टी में) और नहीं रह सकता। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सांसद पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में सूचित करने के लिए पत्र लिखा है और जल्द ही राज्यसभा के सभापति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंपेंगे।

पूर्व नौकरशाह ने कहा, मैंने सोचा था कि आप चल रहे आंदोलन में पुरानी ममता शैली में हस्तक्षेप करेंगी, लेकिन मैंने ऐसा नहीं देखा। उन्होंने डॉक्टर की कथित हत्या के बाद के घटनाक्रमों से निपटने के राज्य सरकार के तरीके की आलोचना की। सरकार ने दावा किया कि भ्रष्टाचार के बारे में राज्य सरकार की उदासीनता के कारण उनका मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार उन पर न केवल राज्यसभा बल्कि राजनीति से भी इस्तीफा देने के लिए दबाव डाल रहा है।

उनके पत्र में सुश्री बनर्जी को संबोधित करते हुए कहा गया है, आरजी कर अस्पताल में हुई भयानक घटना के बाद से मैं एक महीने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करता रहा और आपसे पुराने ममता बनर्जी के तरीके से आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ सीधे हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहा था। ऐसा नहीं हुआ और सरकार अब जो भी दंडात्मक कदम उठा रही है, वह बहुत कम और काफी देर से उठाया गया है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908